हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • बुधवार • 29.01.2025 • वर्ष : 15 • अंक : 187 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## बागपत में धार्मिक आयोजन में हादसा, सात लोगों की हुई मौत, 60 घायल

एजेंसी

**उत्तर प्रदेश :** बागपत जिले के बड़ौत शहर में मंगलवार को एक धार्मिक आयोजन के दौरान लकड़ी का अस्थायी ढांचा गिरने से सात लोगों की मौत हो गई और करीब 60 लोग घायल हो गए। उन्होंने बताया कि यह घटना सुबह करीब 8 बजे बड़ौत में गांधी रोड पर श्री दिगंबर जैन डिग्री कॉलेज मैदान में भगवान आदिनाथ के 'अभिषेक' के लिए आयोजित कार्यक्रम के दौरान हुई। यह आयोजन श्री 1008 आदिनाथ भक्तांबर प्रचार के तत्वावधान में जैन समुदाय के मोक्ष कल्याणक निर्वाण महोत्सव का हिस्सा था। अधिकारियों ने बताया कि घायलों में से 20 को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई, जबकि 39 का अस्पताल में इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में करीब 100 लोग मौजूद थे। पुलिस ने बताया कि मानस्तंभ परिसर में बने 65 फुट के अस्थायी मंच की लकड़ी की सीढ़ियां टूट गईं, जिससे मंच पर मौजूद और उसके पास खड़े श्रद्धालु नीचे गिर गए। अधिकारियों ने बताया कि घटना के संबंध में एक ठेकेदार के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए गए हैं। इससे पहले दिन में जिला मजिस्ट्रेट अस्मिता लाल ने संवाददाताओं को बताया



कि दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई और 39 घायल हो गए। उन्होंने कहा कि पिछले 30 वर्षों से यहां वार्षिक कार्यक्रम आयोजित किया जाता रहा है। बाद में अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट पंकज वर्मा ने पीटीआई को बताया कि इलाज के दौरान दो और लोगों की मौत हो गई, जिससे मरने वालों की संख्या सात हो गई। उन्होंने कहा कि अस्पताल में 39 लोगों का इलाज चल रहा है। कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने दावा किया कि घायलों को तत्काल चिकित्सा सहायता नहीं मिल सकी और उन्हें ई-रिक्शा में अस्पताल ले जाना पड़ा, क्योंकि एंबुलेंस उपलब्ध नहीं थी। एक सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि लकड़ी का ढांचा बनाने वाले ठेकेदार के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। प्रवक्ता ने बताया कि जिला मजिस्ट्रेट ने घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं, जो एक सप्ताह में अपनी रिपोर्ट देगी। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने बताया कि आयोजकों ने कार्यक्रम के लिए अनुमति ली थी। उन्होंने कहा, हम घटना की जांच कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों का समुचित उपचार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस बीच, घटना के बाद इलाके में दहशत फैल गई और भगदड़ जैसी स्थिति पैदा हो गई। पुलिस कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में किया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों के अनुसार, अस्थायी सीढ़ियां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ का भार सहन नहीं कर सकीं और ढह गईं। समाजवादी पार्टी ने राज्य सरकार पर लापरवाही का आरोप लगाया। सपा मीडिया सेल ने एक्स पर कहा, सरकारी और प्रशासनिक लापरवाही और असावधानी के कारण धार्मिक आयोजनों में भीड़ नियंत्रण की कोई निगरानी नहीं की गई। सैकड़ों श्रद्धालुओं के घायल होने की खबर है और कुछ के हताहत होने की अपुष्ट सूचना है। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि सभी सुरक्षित रहें। इसमें कहा गया, योगी सरकार धर्म के नाम पर तमाशा करने में लगी है, लेकिन लोगों को कोई सुविधा और सुरक्षा नहीं मिल रही है। भीड़ नियंत्रण और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए कोई व्यवस्था नहीं है, जिसके कारण धार्मिक आयोजनों में अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं और भाजपा-योगी सरकार अपना पल्ला झाड़ लेती है।

### एक नजर

### अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री को लिखी चिट्ठी

**नई दिल्ली :** आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता कर कहा कि आज प्रधानमंत्री को उन्होंने एक बहुत अहम मुद्दे पर चिट्ठी लिखी है। केजरीवाल ने कहा कि चिट्ठी द्वारा उन्होंने प्रधानमंत्री से दो मांग की है। उन्होंने चिट्ठी में पहली मांग रखी है कि चाहे कानून लाया जाए या चाहे प्रधानमंत्री ऐलान करें कि अब इस देश के अंदर किसी भी अरबपति के कर्जे माफ नहीं किए जाएंगे। अगर इन्हें कर्जे माफ करने हैं तो मध्यम वर्गीय परिवार का कर्ज माफ करें। एक मध्यम वर्गीय आदमी अगर महीने का एक लाख रुपये कमाता है तो उसके 60–70 हजार रुपये ईएमआई पर चले जाते हैं लेकिन उनका कर्जा माफ नहीं होता। केजरीवाल ने आगे कहा कि एक मध्यम वर्गीय आदमी साल में 12 लाख रुपये कमाता है, उस पर केंद्र सरकार ने कई तरह के टैक्स लगा दिए। वह जीएसटी, इनकम टैक्स, सर्विस टैक्स, प्रॉपर्टी टैक्स, एजुकेशन सेस, कैपिटल गेन टैक्स और रोड टैक्स देता है। यह सारे टैक्स अगर एक साथ किए जाएं तो 12 लाख इनकम कमाने वाला आदमी कम से कम 6 लाख रुपये यानि अपनी आधी आमदनी सरकार को टैक्स के रूप में दे देता है और उसे बदले में कुछ नहीं मिलता।

### झारखंड कैबिनेट की बैठक आज

**रांची :** झारखंड कैबिनेट की बैठक बुधवार, 29 जनवरी को होगी। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा सकते हैं। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) की ओर से मंगलवार को सूचित किया गया है कि कैबिनेट की बैठक 29 जनवरी को अपराह्न 4:00 बजे से झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन )स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी।

### पाकिस्तान में गलत सूचना पर सख्त कानून हुआ लागू

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान ने मंगलवार, 28 जनवरी को ऑनलाइन गलत सूचना और दुष्प्रचार पर नियंत्रण के लिए एक सख्त कानून लागू किया है। इस कानून के तहत, जानबूझकर गलत या भ्रामक जानकारी ऑनलाइन साझा करने वालों को तीन साल तक की जेल की सजा का प्रावधान किया गया है। सरकार का दावा है कि यह कदम देश में सामाजिक शांति बनाए रखने और असत्य सूचना के दुष्प्रभावों को रोकने के लिए उठाया गया है। कानून का उद्देश्य उन मामलों को लक्षित करना है, जहां किसी व्यक्ति द्वारा ₹जानबूझकर और विश्वास के साथ₹ ऐसी जानकारी फैलाई जाती है जो समाज में भय, अशांति, या अव्यवस्था पैदा कर सकती है। नेशनल असेंबली और सीनेट में इस कानून को तेजी से पारित किया गया। हालांकि, पत्रकारों और मीडिया संगठनों ने कानून की प्रक्रिया पर आपत्ति जताई है। पाकिस्तान फेडरल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स के सदस्य और वरिष्ठ पत्रकार आसिफ बशीर चौधरी ने कहा कि सरकार ने इस मुद्दे पर पत्रकारों से परामर्श करने का वादा किया था लेकिन ऐसा नहीं किया गया। चौधरी ने कहा, ₹गलत सूचना के खिलाफ कदम उठाना जरूरी है, लेकिन इसे पारदर्शी और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के जरिए लागू किया जाना चाहिए।

## सतत विकास के लिए लंबी अवधि को ध्यान में रखकर बनाएं योजनाएं : हेमन्त सोरेन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि बजट के जरिए एक ऐसा दस्तावेज तैयार हो, जिससे यहां की मूलभूत समस्याओं के समाधान के साथ सर्वांगीण विकास की राह पर राज्य आगे बढ़ सकें। इसके लिए जरूरी है कि संसाधनों का बेहतर से बेहतर इस्तेमाल हो। मुख्यमंत्री आज झारखंड मंत्रालय में अबुआ बजट- 2025- 26 की तैयारियों के सिलसिले में बजट पूर्व संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए ये बातें कही। उन्होंने कहा कि बजट आइडियल तथा सर्वोत्तम हो, इसके लिए विभिन्न विषयों के के विशेषज्ञों ने कई अहम तथा प्रभावी सुझाव दिए हैं। इन सुझावों पर गंभीरता के साथ अध्ययन कर उसे बजट में शामिल करने पर विचार होगा, ताकि सतत एवं समावेशी विकास की दिशा में आगे बढ़ सकें।



**आर्थिक संसाधन होंगे तभी विकास का पहिया आगे बढ़ेगा**

मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि झारखंड को अपने पैरों पर खड़ा होने के लिए खुद राजस्व संग्रहण करना है और खर्च भी करना है। हमें अपने संसाधन खुद जुगाड़ करने हैं और आवश्यकता अनुसार विभिन्न क्षेत्रों के विकास के लिए राशि भी खर्च करनी है। ऐसे में जब तक आर्थिक संसाधन से हम मजबूत नहीं होंगे राज्य के विकास का पहिया आगे नहीं बढ़ेगा। इसलिए सभी विभाग राजस्व संग्रहण के संभावनाओं को तलाशने के लिए ठोस कदम उठाएं। मुख्यमंत्री ने इस बात को स्वीकार करते हुए कहा कि राज्य में संसाधन जरूर कम हैं, लेकिन हमारी सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना, बिजली, पानी और सड़क समेत कई क्षेत्रों को मजबूत करने के लिए बड़े पैमाने पर कार्य किए हैं। ऐसे कार्य आज भी चल रहे हैं और आगे भी अनवरत चलते रहेंगे। हमारा प्रयास झारखंड को विकसित और समृद्ध राज्य बनाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सतत विकास के लिए लंबी अवधि को ध्यान में रखकर योजनाएं बननी चाहिए। इसके लिए नींव मजबूत होना जरूरी है। अगर नींव मजबूत होगी तो भविष्य में बिल्डिंग में ऊंची बनाई जा सकती है। यही वजह है कि हमारी सरकार प्राथमिकताओं को तय कर बुनियाद को मजबूत करने पर विशेष जोर दे रही है ताकि भविष्य में भी उसकी ज्यादा से ज्यादा उपयोगिता सिद्ध हो सके।

**कई उतार-चढ़ावों के साथ राज्य बढ़ रहा आगे**

मुख्यमंत्री ने कहा कि अलग राज्य बनने के बाद झारखंड ने कई उतार -चढ़ाव देखे हैं। लेकिन, इसके बाद भी राज्य ने कई नए आयाम गढ़े हैं। इस बार हेल्थ इंडेक्स में झारखंड ने बेहतरीन उपलब्धि हासिल की है। लेकिन, हमें सिर्फ यही तक सीमित नहीं रहना है बल्कि इससे प्रेरणा लेते हुए पूरे उत्साह के साथ अन्य क्षेत्र में उच्च मानक पर खरा उतरते हुए निरंतर आगे बढ़ें। इसके लिए सभी को मिलजुल कर कार्य करने की जरूरत है।

**जो राशि खर्च होती है उसके आउटकम का आकलन हो**

मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में विभिन्न विभागों को जो राशि आवंटित की जाती है उसे खर्च करने के साथ उसके आउटकम का भी आकलन होना चाहिए। अभी तक देखा गया है कि खर्च हुई राशि का कितना लाभ मिल रहा है, इस पर विशेष जोर नहीं दिया गया। इस वजह से हमने जो एसेट बनाएं हैं, उसका उचित इस्तेमाल नहीं हो पता है ऐसे में एसेट तैयार करने के क्रम में उसके सकारात्मक एवं नकारात्मक पहलुओं का ध्यान रखना जरूरी है। इस दिशा में हमें नकरात्मक पहलुओं को दूर करने के लिए बेहतर प्रबंधन करना होगा।

**झारखंड में 70 प्रतिशत लोगों के पास कोई बजट प्लानिंग नहीं**

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भी झारखंड में 70 प्रतिशत आबादी के पास अपना कोई बजट नहीं होता है। कहां से आय होगा और कहां खर्च होगा, उनके पास इसकी कोई योजना नहीं हो पाती है। इस वजह से वे पीछे रह जातें हैं। लेकिन, हमारी सरकार ने अपनी नीतियों और योजनाओं के माध्यम से उन्हें कई संसाधन उपलब्ध कराए हैं, जिनके जरिए वे सशक्त हो रहे हैं। हमारी योजनाओं को देशभर में पहचान मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की आधी आबादी को सशक्त बनाने के इरादे से झारखंड मुख्यमंत्री मंइयाँ सम्मान योजना की जो शुरूआत की है, उससे देश भर में इस राज्य की अलग पहचान बनी है।

## हेमन्त सोरेन ने नेशनल बैंड में प्रथम स्थान हासिल करने वाली छात्राओं से की मुलाकात



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मंगलवार को नई दिल्ली में 24-25 जनवरी को आयोजित नेशनल स्कूल बैंड कॉम्पटीशन-2025 में पूरे देश में प्रथम स्थान हासिल करने वाली कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, पटमदा, पूर्वी सिंहभूम की बैंड टीम में शामिल छात्राओं ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री से राष्ट्रीय स्तर के इस बैंड कॉम्पटीशन के अनुभवों को साझा किया। मुख्यमंत्री ने बैंड टीम को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि झारखंड के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि एक सरकारी विद्यालय की छात्राओं ने बैंड कॉम्पटीशन के जरिए अपनी प्रतिभा को पूरे देश के समक्ष पेश कर झारखंड का नाम रौशन किया है। उन्होंने बैंड टीम के सभी सदस्यों को भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के विद्यार्थियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। वे अलग-अलग क्षेत्र में लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। हमारी सरकार इस बात के लिए प्रतिबद्ध है कि बच्चों की छिपी हुई प्रतिभा को निखार कर सामने ला सकें। यहां के बच्चे-बच्चियों को बेहतर प्लेटफार्म देने के लिए भी सरकार योजना पर तरीके से कार्य कर रही है। बच्चों के एक्सपोजर के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। जानकारी हो कि नेशनल स्कूल बैंड कॉम्पटीशन में प्रथम स्थान हासिल करने वाली इस टीम के द्वारा नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में भी बैंड डिस्प्ले किया गया। झारखंड के लिए पहला मौका था जब नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में यहां की कोई बैंड टीम शामिल हुई हो।

## यमुना पर सियासत तेज, आप और भाजपा पहुंची चुनाव आयोग

एजेंसी

**नई दिल्ली :** आम आदमी पार्टी की ओर से दिल्ली में यमुना के पानी को लेकर हरियाणा सरकार पर लगाए गए आरोपों के बाद सियासत तेज हो गयी है। दोनों दलों के प्रतिनिधिमंडल ने आज इस मुद्दे पर चुनाव आयोग से मुलाकात की। दोनों दलों के नेता एक-दूसरे पर कड़े शब्दों में प्रहार भी करते रहे। आम आदमी पार्टी का आरोप है कि हरियाणा सरकार यमुना नदी में प्रदूषित जल छोड़ रही है। इससे यमुना में अमोनिया की मात्रा बढ़ रही है। अमोनिया की मात्रा बढ़ने से दिल्ली में जल का संकट पैदा हो सकता है। पार्टी इसको लेकर कड़े शब्दों का प्रयोग कर रही है। दूसरी



ओर भाजपा इसे लोकतांत्रिक राजनीति के लिए गंभीर मुद्दा बताते हुए आआपा नेताओं पर झूठे दावे करने का आरोप लगा रही है। भाजपा का प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के नेतृत्व में चुनाव आयोग से मिला। उन्होंने दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बयान को खतरनाक बताया और कहा कि उनका गैर-जिम्मेदाराना एवं अनुचित रवैया सीधे तौर पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। वे दिल्ली की जनता के मन में डर का माहौल पैदा कर रहे हैं। प्रतिनिधिमंडल में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी शामिल रहे। सीतारमण ने आयोग से मुलाकात के बाद पत्रकारों को बताया कि भाजपा ने चुनाव आयोग के समक्ष सवाल उठाए हैं कि एक पूर्व मुख्यमंत्री और मुख्यमंत्री दूसरे मुख्यमंत्री पर नरसंहार के आरोप कैसे लगा सकते हैं। यह हरियाणा की जनता का अपमान है। हमने चुनाव आयोग से केजरीवाल के चुनाव-प्रचार करने पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। इससे पहले दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ चुनाव आयोग से मिलीं। आयोग से मुलाकात के बाद अतिशी ने कहा कि हमने दिल्ली में पानी के मुद्दे पर चुनाव आयोग से चर्चा की।

## लोहरदगा में सड़क पर मौत बनकर दौड़ी पिकअप, दो की मौत, दो गंभीर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**लोहरदगा :** झारखंड के लोहरदगा जिले में मंगलवार को एक पिकअप वैन मौत बनकर सड़क पर दौड़ी। इस घटना में 2 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पहली घटना एसपी कोठी के पास हुई। यहां अनियंत्रित पिकअप ने एक स्कूटी सवार महिला को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। इसके बाद पिकअप तेजी से भागने लगा। इसी




क्रम में समाहरणालय मोड़ के पास उस पिकअप ने एक मोटरसाइकिल सवार को अपनी चपेट में ले लिया। इसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं, इस घटना के दौरान व्यक्ति का बाइक पिकअप के अगले हिस्से में फंस गया। इसी बीच पिकअप चालक गाड़ी को तेज रफ्तार में कचहरी मोड़ होते हुए पतरा टोली से शंख नदी की ओर भागने लगा।इसी बीच इस पिकअप ने कई अन्य वाहनों को भी अपनी चपेट में ले लिया। इसमें एक व्यक्ति की घटनास्थल पर मौत हो गयी। जबकि एक गंभीर रूप से घायल व्यक्ति ने सदर अस्पताल में दम तोड़ दिया। इसके बाद शंख नदी के पास पिकअप में आग लग गयी। फिर ड्राइवर और उसमें सवार 3 लोगों को स्थानीय लोगों ने पकड़ कर पुलिस को हवाले कर दिया।

## इंफोसिस के सह-संस्थापक क्रिस गोपालकृष्णान समेत 18 लोगों पर एससी/एसटी अत्याचार अधिनियम के तहत मामला दर्ज

एजेंसी

**नई दिल्ली :** इंफोसिस के सह-संस्थापक और पूर्व सीईओ सेनापति क्रिस गोपालकृष्णन, भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) के पूर्व निदेशक बलराम और 16 अन्य लोगों के खिलाफ सोमवार को एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। 71वें शहर के सिविल और सत्र



न्यायालय (सीसीएच) के निर्देश पर सदाशिव नगर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया। गोपालकृष्णन, आईआईएससी के पूर्व निदेशक बलराम और 16 अन्य लोगों पर आरोप है। मामले में नामजद 16 लोगों में गोविंदन रंगराजन, श्रीधर वारियर, संध्या विश्वेश्वरैया, हरि के वी एस, दासप्पा, बलराम पी, हेमलता महिषी, चट्टोपाध्याय के, प्रदीप डी सावकर और मनोहरन शामिल हैं। आईआईएससी संकाय या क्रिस गोपालकृष्णन की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। शिकायतकर्ता दुर्गाप्पा, जो आदिवासी बोवी समुदाय से हैं, भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) में सतत प्रौद्योगिकी केंद्र में संकाय सदस्य थे। उन्होंने दावा किया कि 2014 में उन्हें हनी ट्रैप मामले में झूठा फंसाया गया और बाद में सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि उन्हें जातिवादी दुर्व्यवहार और धमकियों का सामना करना पड़ा।

**कौन हैं क्रिस गोपालकृष्णन?**

क्रिस गोपालकृष्णन इन्फोसिस के सह-संस्थापकों में से एक हैं। उन्होंने 2011 से 2014 तक कंपनी के उपाध्यक्ष और 2007 से 2011 तक इन्फोसिस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक के रूप में कार्य किया। भारत सरकार ने जनवरी 2011 में गोपालकृष्णन को देश के तीसरे सबसे बड़े नागरिक सम्मान पद्म भूषण से सम्मानित किया।

## दशरथ मांझी के पुत्र समेत सात प्रमुख हस्तियों ने थामा कांग्रेस का हाथ

एजेंसी

**नई दिल्ली :** माउंटेन मैन के नाम से चर्चित दशरथ मांझी के पुत्र भगीरथ मांझी समेत बिहार, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और हरियाणा राज्यों के सात प्रमुख नामचीन लोगों ने मंगलवार को कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी का दामन थामा। एक संवाददाता सम्मेलन में इन लोगों को मीडिया से रूबरू कराया गया। इस अवसर पर कांग्रेस के बिहार प्रभारी मोहन प्रकाश, चेयरमैन (मीडिया एंड पब्लिसिटी) पवन खेड़ा और बिहार प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह भी उपस्थित थे। इनमें भगीरथ मांझी प्रसिद्ध 'माउंटेन मैन' दशरथ मांझी के पुत्र हैं। वह बिहार के गया जिले के मोहड़ा ब्लॉक के गेहलौर गांव से हैं, जो दशरथ मांझी द्वारा पहाड़ काटकर रास्ता बनाने की अविश्वसनीय उपलब्धि के लिए प्रसिद्ध है। 18 जनवरी 2025 को पटना में आयोजित संविधान सुरक्षा सम्मेलन में उन्होंने राहुल गांधी के साथ मंच साझा किया था। डॉ. अनिल जयहिंद की पहल से कांग्रेस में आए मांझी ने कहा कि वह राहुल गांधी के नेतृत्व और वंचित समुदायों के अधिकारों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता से प्रेरित हुए।

## एक नजर

### दनुवा में डबल सड़क दुर्घटना, दहशत का माहौल

**चौपारण** : मंगलवार को दनुवा घाटी में अलग-अलग सड़क दुर्घटना में कई लोग घायल हो गए। पहली दुर्घटना स्कॉर्पियो जिसकी संख्या जेएच 05सीएम 5749 में छः श्रद्धालु सवार होके बंगाल से कुंभ के मेले में जा रहे थे। इसी बीच अनियंत्रित होकर ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें दो लोग बुरी तरह घायल हो गए। घायल में तारकनाथ मांझी और रहीम मांझी का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौपारण में किया गया। वही दूसरी घटना सरिया लदा ट्रक जो बंगाल से बिहार की और जा रही थी। अनियंत्रित होकर मुख्य सड़क के नीचे पलट गई। जिससे चालक घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उनका प्राथमिक उपचार किया। इधर, हादसे की खबर मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है।

### प्रखंड कृषि पदाधिकारी के पद पर विक्रम राज का हुआ चयन

**हजारीबाग** : बिहार लोक सेवा आयोग से विक्रम राज का चयन हुआ है विक्रम राज के पिता नंदु प्रसाद हजारीबाग के दीपगढ़ा स्थित जन वितरण प्रणाली के संचालक हैं ज्ञात हो कि बिहार लोक सेवा आयोग पटना से बीते कल गुरुवार को फाइनल परिणाम निकला। चयन प्रक्रिया में रैंकिंग के अनुसार विक्रम राज का प्रखंड कृषि पदाधिकारी के पद पर चयन किया गया। बताते चलें कि नंदु प्रसाद फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसियेशन हजारीबाग के अध्यक्ष है। बेटे की सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि यह विक्रम में मेहनत और लगन का नतीजा है ।

### शिक्षण संस्थानों के 100 मीटर दायरे में नहीं बिकेंगे तंबाकू उत्पाद

**रामगढ़** : रामगढ़ ज़िला तंबाकू नियंत्रण कोषांग के जरिये मंगलवार को सिविल सर्जन कार्यालय मे शिक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। ज़िला नोडल पदाधिकारी डॉ तूलिका रानी की अध्यक्षता मे संपन्न हुए प्रशिक्षण शिविर में डॉ नितेश कुमार और परामर्शी बिनय शर्मा की ओर से शिक्षकों को विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी दी गई। इस दौरान तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान के गाइड लाइन को पूर्ण कैसे किया जाय इस पर चर्चा हुई। गाइड लाइन के अनुसार किसी भी शैक्षणिक संस्थान के 100 गज के दायरे यानी लगभग 300 फुट के दायरे मे किसी भी दुकानदार के जरिये तंबाकू उत्पाद नही बेचा जाएगा। यदि ऐसा होता है तो शिक्षण संस्थान उसकी शिकायत नजदीकी थाना प्रभारी से लिखित रूप से करेंगे। शिक्षण संस्थानों द्वारा सभा मे तंबाकू निषेध शपथ का आयोजन करेंगे। सभी शैक्षणिक संस्थानों द्वारा अपने मुख्य द्वार पर तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान का साइनेज एवं परिसर के अंदर तंबाकू मुक्त परिसर का साइनेज लगाया जाना हैं। साथ ही शैक्षणिक संस्थान 100 गज को चिंहित करते हुए पीले रंग के जरिये तंबाकू मुक्त क्षेत्र का प्रदर्शन करेंगे।

### भूमि अधिग्रहण के मुआवजे में प्रधान लिपिक ने बरती अनियमितता

**रामगढ़** : रामगढ़ जिले में एनएच 33 के चौड़ीकरण अंतर्गत अधिग्रहित भूमि के मुआवजा भुगतान में वित्तीय अनियमितता संबंधित मामले में भू अर्जन कार्यालय के तत्कालीन प्रधान लिपिक प्रवीण कुमार सिन्हा के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। मंगलवार को डीसी चंदन कुमार ने बताया कि प्रवीण सिन्हा के विरुद्ध प्रतिवेदित आरोप, उनके जरिये संचालन पदाधिकारी के समक्ष समर्पित बचाव बयान एवं संचालन पदाधिकारी के मंतव्य की समिक्षोपरांत आरोपों को प्रमाणित किया गया है।

# सामूहिक विवाह उत्सव की तैयारी को अंतिम रूप देने में जुटे सांसद मनीष जायसवाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**हजारीबाग** : हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल द्वारा सांसद सामूहिक विवाह उत्सव-2025 के तहत 101 जोड़ियों की शादी रचाने के लिए विवाह स्थल हजारीबाग स्टेडियम में विवाह मंडप तैयार हो रहें हैं। विवाह स्थल हजारीबाग स्टेडियम को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है जिसमें खुद सांसद मनीष जायसवाल और उनकी पूरी टीम तत्परता से जुटी हुई है। यह सांसद सामूहिक विवाह उत्सव-2025 कार्यक्रम आगामी 02 फरवरी 2025 को आयोजित होगा जहां 101 बेटियों का एकसाथ सांसद मनीष जायसवाल, उनके परिवारजन और उनके हितजनों का सदा सुहागन रहने का शुभाशीर्वाद प्राप्त होगा। इस ऐतिहासिक क्षण का 50 हजार से अधिक लोग साक्षी बनेंगे। सांसद सामूहिक विवाह उत्सव- 2025 कार्यक्रम को लेकर हजारीबाग स्टेडियम को दुल्हन की तरह सजाने में कोई कोर- कसर न रह जाए इसकी पल-पल की जानकारी दिल्ली विधानसभा चुनाव कैंपेन में रहने के बावजूद हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ले रहे हैं और विवाह स्थल को बेहद खूबसूरत बनाने के लिए लगातार दिशा- निर्देश अपनी टीम को दे रहे हैं। विवाह स्थल हजारीबाग स्टेडियम के मुख्य द्वार पर स्वागत गेट, मुख्य द्वार से स्टेडियम तक जाने वाले रास्ते में बेहद आकर्षक साज- सज्जा के साथ पैसेज का निर्माण, विवाह स्थल पर ग्राउंड में चारों तरफ से लोहे का बैरिकेटिंग और उसके अंदर बीच में विवाह में शामिल होने वाले चर्चित म्यूजिकल फेरे के पंडित राघव पंडित और उनकी टीम के साथ रंगकर्मियों के लिए एक विशाल स्टेज, इसी परिसर में 101 आकर्षक विवाह मंडप और उसके बाहर एक मुख्य स्टेज के अलावे मैदान के चारों तरफ लोगों को बैठने के लिए पवेलियन में कालीन बिछाया जा रहा है। विवाह मंडप स्थल पर कार्पेट बिछाया जा रहा है । हजारीबाग की धरती पर सांसद मनीष जायसवाल के द्वारा पहली बार 14 दिसंबर 2023 को 25 गरीब बेटियों का सामूहिक विवाह डीपीएस स्कूल प्रांगण, हजारीबाग में अपने दो जुड़वे भाई प्रशांत जायसवाल और निशांत जायसवाल के 25 वें शादी सालगिरह के मौके पर कराया गया था। यह कार्यक्रम तब आयोजित हुआ था जब मनीष जायसवाल हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक थे और उन्होंने सभी 25 जोड़ों के गृहस्थ बसाने से लेकर गृहस्थ चलाने तक का उपाय किया था। इस कार्यक्रम में भी 50 हजार से अधिक लोग गवाह बने थे। सांसद सामूहिक विवाह उत्सव-2025 दूसरा आयोजन होगा जो सांसद मनीष जायसवाल द्वारा आयोजित होगा और इसमें पहली बार हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र के अलावे हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के बरही, बड़कागांव, मांडू और रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की बेटियां भी सम्मिलित हैं। 101 निर्धन जोड़ों का सामूहिक विवाह उत्सव संपूर्ण झारखंड में इतिहास रचेगा । सांसद सामूहिक विवाह उत्सव- 2025 में शामिल सभी 101 वर- वधुओं को सांसद मनीष जायसवाल इलेक्ट्रिक स्कूटी के साथ कुल 34 गृहस्थ में उपयोग होने वाला जरूरी सामान भी भेंट करेंगे।


## शिविर में बुनियादी उपचार बिलकुल मुफ्त है : डॉ प्रवीण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल एवं संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में दिन मंगलवार को पेलावल में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसमें जरूरमंद ग्रामीणों को चिकित्सकों द्वारा दांत एवं स्वास्थ्य का जांच कर उचित परामर्श दिया गया। शिविर में 41 जरूरतमंद का जांच किया गया। उपचार के साथ चिकित्सकों के द्वारा उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श दिया गया। निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में बी पी ब्लड प्रेशर, ब्लड सुगर एंव आरबीएस का जांच मुफ्त हुआ। मुफ्त दवाई भी उपलब्ध कराया गया। मुफ्त मेडिकल कैंप से इलाज करवाकर मरीजों ने संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल एवं हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल का धन्यवाद व साधुवाद ज्ञापित किया। शिविर के आयोजन में स्थानीय लोगों ने सरहानीय योगदान दिया। मौके पर श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के अध्यक्ष एंव डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि शिविर में बुनियादी उपचार बिलकुल मुफ्त है। वर्तमान दौर में स्वास्थ्य के क्षेत्र में मरीजों की परेशानीयों को कम करने के उद्देश्य से हर जगह निशुल्क शिविर लगाया जा रहा है। इस विशेष पहल से कई जरूरतमंदों को अनुभवी चिकित्सकों से उपचार कर उत्तम स्वास्थ्य का लाभ मिल रहा है।

## जनता का विकास ही मेरी प्राथमिकता है : प्रदीप प्रसाद



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने झारखंड विधानसभा के सचिव माणिक लाल हेम्ब्रम से उनकी कार्यालय में मुलाकात की। इस मुलाकात में विधायक ने क्षेत्र के विकास और जनसमस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि हजारीबाग सदर क्षेत्र में कई लंबित समस्याएं हैं, जिनका समाधान तुरंत किया जाना आवश्यक है। इस बैठक में मुख्य रूप से सड़क, बिजली, जल आपूर्ति, शिक्षा, स्वास्थ्य, और कृषि से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। विधायक ने बताया कि क्षेत्र में कई सड़कें बेहद खराब स्थिति में हैं, जिससे लोगों को यातायात में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा, जल आपूर्ति की समस्या भी गंभीर रूप से प्रभावित कर रही है, और कई गांवों में पानी की भारी कमी है। प्रदीप प्रसाद ने सचिव से आग्रह किया कि इन समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए ताकि जनता को राहत मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार की दिशा में प्रयास किए जाएं, ताकि राज्य के हर नागरिक को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। विधायक ने विधानसभा सचिव से यह भी अनुरोध किया कि विकास योजनाओं में पारदर्शिता और जनता की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राज्य सरकार और विधानसभा सचिवालय मिलकर इन समस्याओं का समाधान करेंगे और क्षेत्र के समग्र विकास के लिए काम करेंगे। इस मुलाकात के दौरान, विधानसभा सचिव माणिक लाल हेम्ब्रम ने विधायक प्रदीप प्रसाद के द्वारा उठाए गए मुद्दों को गंभीरता से लिया और आश्वासन दिया कि इन समस्याओं पर जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

## उपाध्यक्ष और प्रणेश सॉलोमन ने जिले में चल रही योजनाओं की समीक्षा की

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**हजारीबाग** : झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारु और प्रणेश सॉलोमन ने मंगलवार को परिसदन भवन में जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में अल्पसंख्यकों के लिए चल रही केंद्र सरकार व राज्य सरकार की योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में सर्वप्रथम उन्होंने सरदार चरणजीत सिंह के मामले को लेकर अपर समाहर्त्ता, बरही एसडीओ और चौपारण सीओ को मामले की जांच करते हुए कार्रवाई करने और पीडित परिवार को न्याय दिलाने हेतु निदेशित किया। बैठक में झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारु और प्रणेश सॉलोमन ने संयुक्त रूप से कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, जेएसएलपीएस, उद्योग विभाग, नियोजन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग, श्रम विभाग, सामाजिक सुरक्षा विभाग, पुलिस प्रशासन और अन्य विभागों के द्वारा अल्पसंख्यकों के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी ली और उनके प्रगति रिपोर्ट का मूल्यांकन किया। उन्होंने परिसदन में बैठक के पश्चात पत्रकारों से मुखातिब हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यकों के लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। जिले से हमलोग कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित प्रगति रिपोर्ट प्राप्त कर रहे हैं। सरकार के द्वारा चलाई जा रही जो कल्याणकारी योजनाएं हैं, उसमें अल्पसंख्यकों को उनके आबादी के अनुपात में उन्हें भागीदारी मिल पा रही है या नहीं, चाहे वह राज्य सरकार की योजनाएं हो चाहे वह केंद्र सरकार की योजनाएं हो। अल्पसंख्यकों के लिए विशेष रूप से चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा की गई।

## कार्मल स्कूल में दीक्षांत समारोह का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : सोमवार को हजारीबाग कार्मल स्कूल में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया जिसमें गौरवान्वित माता-पिता संकाय सदस्यों और विशिष्ट अतिथियों द्वारा प्रत्येक विद्यार्थियों के लिए विशेष अवसर प्रदान किया गया। समारोह की शुरूआत स्नातक के जुलूस से हुई इसके बाद दीप प्रौद्योगिकी किया गया और आकांक्षा और परी मेहता द्वारा सम्मान भाषण दिया गया और सदफ प्रवीण ने धन्यवाद ज्ञापन किया आपको बताते चले की स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में को अपनी एक अलग पहचान बनाई है साथ-साथ इस तरह के कार्यक्रमों को बराबर अपने स्कूल में करके लोगों को और भी प्रोत्साहित करती है छात्रों को उनके शैक्षणिक सफर के समापन के अवसर पर पुरस्कार और प्रमाण पत्र भी दिए गए साथ ही स्नातक को और उनकी उपलब्धियां पर अविश्वसनीय रूप से गर्व है प्राचार्य सिस्टर सविता मेरी ऐसी ने कहा की यह प्रोग्राम उनकी कड़ी मेहनत,समर्पण और दृढ़ता का जश्न है स्नातक समारोह शैक्षणिक उत्कृष्ट का और चरित्र के विकास के लिए स्कूल की प्रतिबद्धता का प्रमाण था इस आवश्यक पर स्कूल की उप्राचार्य सिस्टम सोफिया मेरी ऐसी सिस्टर अलबेला ऐसी और सिस्टर रेनू ए उपलब्ध थी और उन्होंने छात्रों को बधाई दी।

## विश्वविद्यालय दल उम्दा प्रदर्शन करें : कुलपति

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : विनोबा भावे विश्वविद्यालय में पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय महिला खो खो प्रतियोगिता की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। विश्वविद्यालय मुख्यालय के विनोदिनी पार्क में तीन तथा विश्वविद्यालय के स्टेडियम मैदान में दो उच्च स्तरीय कोर्ट बनाए जा रहे हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर पवन कुमार पोद्दार पूरी तैयारी पर सीधी नजर रखे हुए हैं। पुरी तैयारी छात्रकल्याण संकायअध्यक्ष डॉ विकास कुमार एवं खेल निदेशक डॉ राखो हरि की देखरेख में चल रही है। ज्ञात हो की बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, असम एवं पूर्वोत्तर के राज्यों से कुल 36 विश्वविद्यालय के महिला खो खो दल इस प्रतियोगिता में भाग लेने की पुष्टि कर दिए है। खेल अनुदेशक उत्तम कुमार एवं शुभम कुमार एक-एक कोर्ट की लंबाई चौड़ाई को तकनीकी मापदंडों के अनुसार निर्धारित करते हुए मार्किंग का काम भी प्रारंभ कर दिए है। संत कोलंबा महाविद्यालय के अशोक कुमार सिंह इस कार्य में बढ़-चढ़कर सहयोग कर रहे हैं। ग्राउंड्समैन रॉविंद और अशोक का मेहनत असर दिखाने लगा है। लगभग चार वर्षों के बाद परिसर में फिर से खेलकूद का माहौल बनता दिख रहा है। इसी बीच विश्वविद्यालय में उस समय हलचल मच गई जब मानव विज्ञान विभाग के शिक्षक डॉ गंगानाथ झा के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने कोर्ट में आकर चल रहे सफाई कार्य में स्वतः योगदान दिया। इस कर सेवा में विभाग के विधार्थी पूजा, सीमा, खुशबू, आशा, मधु, अंशु, अमला अनूप, रीमा प्रवीण, चंदन, कृष्ण कुमार, और इरफान अंसारी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कुलपति पोद्दार ने आदेश दिया है कि बेहतर आयोजन के साथ यह भी सुनिश्चित करना है की विभावि दल का प्रदर्शन भी उच्च कोटि का हो। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से खो खो के प्रशिक्षक सुबोध कुमार दास और विशाल कुमार की देखरेख में विश्वविद्यालय दल का सघन प्रशिक्षण प्रारंभ हो चुका है।

## संक्षिप्त खबरें

### उपायुक्त ने डीएमएफटी मद से 60 दिव्यांगजनों के बीच नि:शुल्क बैटरी ऑपरेटेड ट्राईसाईकिल का किया वितरण



**हजारीबाग** : हजारीबाग समाहरणालय परिसर में आयोजित शिविर में नैन्सी सहाय, उपायुक्त, हजारीबाग के कर-कमलों से डी.एम.एफ.टी. मद से जिलान्तर्गत विभिन्न प्रखण्डों के 60 दिव्यांगजनों को नि:शुल्क बैटरी ऑपरेटेड ट्राईसाईकिल वितरण किया गया है। वितरण के दौरान उपायुक्त महोदया द्वारा बताया गया कि जनता दरबार में प्राप्त होने वाले आवेदन के आधार पर तृतीय चरण में आज 60 दिव्यांगजनों को बैटरी ऑपरेटेड ट्राईसाईकिल का वितरण किया जा रहा है। पूर्व में दो चरणों में 10-10 दिव्यांगजनों को बैटरी ऑपरेटेड ट्राईसाईकिल का वितरण किया गया है। जिला प्रशासन का यह प्रयास है कि दिव्यांग छात्र-छात्राओं, विभिन्न व्यवसाय से जुड़े दिव्यांगजनों एवं अन्य को उनके दैनिक कार्य के निष्पादन में सहयोग हो। वितरण के दौरान इश्तियाक अहमद, उप विकास आयुक्त, हजारीबाग, पंकज तिवारी, जिला योजना पदाधिकारी, हजारीबाग एवं शिप्रा सिन्हा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुभाष प्रसाद हजारीबाग एवं डी.एम.एफ.टी. तथा समाज कल्याण विभागीय कर्मी उपस्थित थे।

### सांसद के सौजन्य से 101 जोड़ों का सामूहिक विवाह 2 फरवरी को, आयोजन की तैयारियां जोरों पर




**बरही** : हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल के सौजन्य से 101 जोड़ों का सामूहिक विवाह 2 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। इस महाआयोजन की तैयारियों को लेकर बरही, चौपारण, पदमा और चंदवारा में भाजपा कार्यकताओं ने अलग-अलग बैठकें कीं। इन बैठकों में क्षेत्रीय लोगों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने और नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देने की अपील की गई। चौपारण में आयोजित बैठक की अध्यक्षता भाजपा के वरिष्ठ नेता मुकुंद साव ने की। इस अवसर पर विवाह प्रभारी किशोरी राणा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर और भाजपा प्रदेश नेता सह चौपारण पश्चिमी सदस्यता प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में कार्यक्रम की सफलता के लिए कार्यकताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए और जनता से इस पुनीत अवसर पर सहभागी बनने की अपील की गई। बरही में आयोजित बैठक की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष भगवान केशरी ने की। यहां भी सामूहिक विवाह की तैयारियों पर चर्चा हुई और कार्यकताओं को इस कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया गया। चंदवारा में बैठक का नेतृत्व भाजपा मंडल अध्यक्ष द्वारिका राणा ने किया। बैठक में पार्टी कार्यकताओं और स्थानीय नागरिकों से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सहयोग मांगा गया। विवाह प्रभारी किशोरी राणा ने कहा कि सामूहिक विवाह जैसे आयोजन समाज में एकता और समानता का संदेश देते हैं। यह कार्यक्रम न केवल जरूरतमंद परिवारों की सहायता करता है, बल्कि सामाजिक समरसता को भी मजबूत करता है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने कहा कि सामूहिक विवाह भारतीय परंपरा और संस्कृति का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से समाज में भाईचारे और सहयोग की भावना बढ़ती है। भाजपा प्रदेश नेता सह चौपारण पश्चिमी सदस्यता प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी ने इस मौके पर सदस्यता अभियान का भी जिक्र किया और बताया कि कैसे भाजपा समाज के हर वर्ग को जोड़ने के लिए कार्य कर रही है। कार्यक्रम को लेकर भाजपा कार्यकताओं ने क्षेत्रीय लोगों से अपील की है कि वे इस सामूहिक विवाह समारोह में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दें और इस सामाजिक पहल को सफल बनाएं।

### अनियंत्रित वाहन ने छह लोगों को मारी टक्कर, एक की मौत



**हजारीबाग** : हजारीबाग पटना मार्ग के डीवीसी चौक के पास भारत सरकार लिखा एसयूवी वाहन ने मंगलवार को छह लोगों को टक्कर मार दी। टक्कर में इब्राहिम अंसारी(22) की मौत घटना स्थल पर ही हो गई।
जानकारी के अनुसार अनियंत्रित एक्सयूवी वाहन झील की तरफ से तेज रफ्तार से आ रही थी। इसी दौरान छह लोगों को टक्कर मार दी और फरार हो गयी। अन्य पांच घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने वाहन को पीछा कर नगवां टोल प्लाजा के पास वाहन को पकड़ लिया। वहीं दूसरी ओर मृतक के परिजनों ने डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चौक स्थित ट्रैफिक थाना के पास सड़क जाम कर दिया। आक्रोशित लोग वाहन चालक की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। उग्र लोगों ने कई बाइक सवार लोगों पर लाठियां भी बरसाया। सड़क जाम देखते ही ट्रैफिक पुलिस भी अपने कार्यालय से फरार हो गए। उग्र लोगों के जरिये हजारीबाग यातायात पुलिस के खिलाफ भी जमकर नारेबाजी की गयी। दो घंटे बाद पहुंची लोहसिंघना पुलिस प्रभारी संदीप मंडल, सदर सीओ मयंक भूषण सहित जवान जाम स्थल पर पहुंच कर जाम को हटा दिया। हैरत की बात यह है कि दो घंटे तक ट्रैफिक पुलिस कार्यालय में सन्नाटा पसरा रहा। जबकि वहीं पर सड़क जाम कर दिया गया था। आए दिन हमेशा चौक पर पुलिस चालान काटती नजर आती थी पर मंगलवार दोपहर बाद ट्रैफिक पुलिस कहां गई सीओ साहब को भी पता नहीं।

### सिल्ली थाना द्वारा 4 एकड़ में लगी अफीम खेती को किया गया नष्ट



**सिल्ली** : सिल्ली थाना अंतर्गत डोमनडीह पंचायत के कादबेडा एवं पूणागीडा गांव में 4 एकड़ जमीन में अवैध अफीम की खेती की गई थी। जिससे सिल्ली थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर अपने संयुक्त दलबल के साथ गांव पहुंचे और अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया उन्होंने बताया कि सिल्ली क्षेत्र में नदी किनारे अवैध अफीम की खेती जोरों पर की जा रही है हम लोग लगे हुए हैं क्षेत्र में अवैध अफीम खेती को नष्ट कर क्षेत्र को मुक्त करना हमारे द्वारा लगातार आए दिन छापामारी अभियान कर अफीम को खेती को नष्ट किया जा रहा है। हम ग्रामीणों से अनुरोध करते हैं कि अफीम की खेती ना करें यह एक कानूनी अपराध है खेती करते हुए पकड़े जाने पर उनके ऊपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### नाबालिग के साथ ट्यूशन टीचर ने की गंदी हरकत, गया जेल

रांची : राजधानी रांची में एक 14 साल की बच्ची के साथ गलत हरकत करने का इल्जाम उसी के ट्यूशन टीचर पर लगा है। इल्जाम लगाने वाला कोई और नहीं, खुद 14 साल की छात्रा है। कोकर इलाके में रहने वाली छात्रा ने सदर थाना में टीचर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी में उसने बताया है कि बीते 27 जनवरी की शाम वह रोज की तरह ट्यूशन के लिए अपने टीचर के घर गयी थी। उसके बैच में करीब 4-5 बच्चे पढ़ते हैं। टीचर ने एक-एक कर बाकी सभी बच्चों को घर भेज दिया। वहीं, छात्रा को रोक लिया। बोला- तुम रुको, तुम्हें मैथ्स पढ़ाना है। इल्जाम है कि पढ़ाने के दौरान छात्रा के साथ टीचर ने गलत हरकत की। वहीं, प्रतिरोध करने पर कहा कि इट्स ओके, यह सब नॉर्मल है, चलता है। इसके बाद बच्ची अपने घर चली गयी और मां-पापा को सबकुछ बताया। नाबालिग बिटिया के साथ छेड़छाड़ की बात सुन मां-बाप का पारा हाई हो गया। सभी पहुंच गये, ट्यूशन टीचर के घर। उसे जमकर कोसा, खरी-खोटी सुनायी, लप्पड़-थप्पड़ भी हुआ। मां-बाप ने टीचर से पूछा कि उसने बिटिया के साथ ऐसा क्यों किया? तो वह साफ मुकर गया। उसने कहा कि हाबच्ची झूट बोल रही है, मैंने ऐसा कुछ नहीं किया। इधर, प्राथमिकी दर्ज होने के बाद हरकत में आयी सदर थाना की पुलिस ने संदेही गुनहगार ट्यूशन टीचर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। वहीं, आगे की कार्रवाई में जुट गयी है। टीचर का अमरेंद्र कुमार बताया गया। वह एक प्ले स्कूल का प्रिंसिपल भी है।

### रांची में युवक ने एसिड पीकर की आत्महत्या

रांची : रांची के लोअर बाजार थाना क्षेत्र के कांटाटोली में रहने वाले युवक ने एसिड पीकर आत्महत्या कर ली है। युवक की पहचान इमरान अहमद के रूप में हुई है। जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और रिम्स पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं मृतक के भाई ने बताया कि उनका भाई एसिड पीकर घर लौटा और जब परिजनों को पता चला तब उसे रिम्स ले जाया गया। आत्महत्या के पीछे की वजह साफ नहीं हुई है। हालांकि परिजनों ने बताया कि युवक की मानसिक स्थिति थोड़ी खराब थी इस वजह से वह डिप्रेशन की दवाई भी खाता था। डिप्रेशन की वजह से आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल पुलिस मामले की तफ्तीश कर रही है।

### रांची विवि का नाम डॉ रामदयाल मुंडा यूनिवर्सिटी करने की मांग

रांची : अबुआ अधिकार मंच ने रांची विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रो. अजित कुमार सिन्हा को एक मांगपत्र सौंप रांची विश्वविद्यालय का नाम झारखंड के महान शिक्षाविद, समाज सुधारक और आदिवासी संस्कृति के संरक्षक, पद्मश्री डॉ. रामदयाल मुंडा के नाम पर रखने की मांग की। मंच ने यह बताया कि डॉ. पद्मश्री डॉ. रामदयाल मुंडा का योगदान शिक्षा, साहित्य, समाज सुधार, राजनीति और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के क्षेत्र में अतुलनीय रहा है। उनके नाम पर विश्वविद्यालय का नामकरण करना झारखंड राज्य की सांस्कृतिक और शैक्षिक पहचान को और मजबूती देगा। अबुआ अधिकार मंच का नेतृत्व कर रहें अभिषेक शुक्ला ने कहा, स्यह मांग राज्य के विभिन्न संगठनों, संस्थाओं, बुद्धिजीवियों और छात्रों द्वारा लंबे समय से उठाई जा रही है। विश्वविद्यालय का नाम बदलने का यह कदम झारखंड की सांस्कृतिक, सामाजिक और शैक्षिक पहचान को न केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत करेगा।

# रांची में फुटपाथ दुकानदारों को परेशान कर रहा नगर निगम : संजय सेठ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री एवं सांसद संजय सेठ ने रांची नगर निगम प्रशासन पर फुटपाथ दुकानदारों को परेशान करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि क्या रांची में फुटपाथ दुकानदारों को जीने का अधिकार नहीं है। वे अपने बच्चों का कैसे पालन पोषण करेंगे? अतिक्रमण हटे परंतु ऐसे छोटे दुकानदार जिनकी जीविका फुटपाथ पर दुकान चला कर चल रही हो, बिना व्यवस्थित किए इनको हटाना गलत है। उनके सामने परिवार चलाने का संकट उत्पन्न हो गया है। आखिर यह कहां जाएंगे। रांची नगर निगम एवं रांची प्रशासन को इस पर विचार करना चाहिए। संजय सेठ ने मंगलवार को कहा कि नगर निगम को सभी क्षेत्रों का सर्वे करके एक सुनिश्चित जगह तय कर इन फुटपाथ दुकानदारों को जगह उपलब्ध कराए ताकि यह अपना जीवन यापन कर सकें। इन्हें व्यवस्थित करने की जिम्मेदारी नगर निगम और रांची प्रशासन की है। 2016 में नगर निगम के द्वारा सर्वे कराया गया था जिसमें रांची के विभिन्न जगहों पर 5901 वेंडर लाइसेंस निर्गत किए गए थे। सर्वे के मुताबिक जहां पर वेंडर अपनी दुकान लगाकर व्यापार कर रहे हैं, वहां से हटाने पर उन्हें दूसरी जगह स्थान मुहैया कराया जाएगा लेकिन प्रशासन अतिक्रमण के नाम पर दुकान उजड़ रही है। यही नहीं बिना नोटिस के दुकानदारों की दुकान उजाड़ दी जा रही हैं जो बिल्कुल ही गलत है। उन्होंने अनुरोध करते हुए कहा कि प्रशासन और नगर निगम अतिक्रमण के नाम पर दुकानों को क्षतिग्रस्त ना करे।

## पुलिस ने उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के एरिया कमांडर जीतेंद्र सिंह को किया गिरफ्तार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : झारखंड पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन झारखंड जनमुक्ति पार्टी के एरिया कमांडर जीतेंद्र सिंह उर्फ बजरंगी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह सफलता पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर प्राप्त हुई है। पुलिस अधीक्षक ने इस मामले की जानकारी पुलिस मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान दी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 23 जनवरी की रात करीब दस बजे, जीतेंद्र सिंह उर्फ बजरंगी और उसके अन्य साथी संतोष सिंह, सतेन सिंह, लिटू सिंह, राकेश सिंह उर्फ मोटू, सुकुलदेव उरांव हथियारों के साथ सेमरियाटांड़, बेंदी, लातेहार के युगल किशोर सिंह के घर पर हमला करने पहुंचे थे। उन्होंने घर की छत पर चढ़कर खिड़की-दरवाजा तोड़ने का प्रयास किया और घर के आंगन में खड़ी एक मोटरसाइकिल को लूट लिया। युगल किशोर सिंह द्वारा इस घटना का आवेदन देने के बाद लातेहार पुलिस ने मामला दर्ज किया (कांड संख्या 20/25)। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीपीओ के नेतृत्व में एक छापामारी टीम बनाई गई, जिसमें पुलिस निरीक्षक सह सदर थाना प्रभारी दुलड़ चौड़े समेत अन्य पुलिस अधिकारी शामिल थे। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने सेमरियाटांड़ गांव के पास आरती भट्ठा के जंगल से जीतेंद्र सिंह उर्फ बजरंगी को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर एक लोडेड देशी पिस्तौल और चार जिंदा कारतूस बरामद किए गए। इस छापामारी में पुलिस टीम के अन्य सदस्य झ दुलड़ चौड़े, सअनि रविंद महतो, सअनि उमापद महतो, आरक्षी प्रताप भुईया, सतेंद्र उरांव, चौकीदार मुस्लिम अंसारी और सैट-1 के जवान शामिल थे। पुलिस की यह कार्रवाई एक बड़ी सफलता मानी जा रही है और इलाके में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं।


## जैक अध्यक्ष का पद रिक्त होने के कारण लाखों छात्रों का भविष्य अधर में लटका : बाबूलाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) के अध्यक्ष का पद रिक्त होने के कारण लाखों छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया है। करीब 21 लाख छात्र, जिनकी मैट्रिक-इंटर और अन्य बोर्ड परीक्षाएं तय समय पर होनी चाहिए थीं, वो जैक अध्यक्ष का पद रिक्त होने की वजह से बाधित हो सकती है। यदि समय पर परीक्षाएं नहीं हुईं, तो छात्रों को अगले शिक्षण सत्र में नामांकन लेने में भी काफी परेशानी होगी। मरांडी ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि इसी तरह जेपीएससी अध्यक्ष का पद भी पिछले वर्ष अगस्त से रिक्त है, जिससे कई महत्वपूर्ण परीक्षाएं लंबित हैं। उन्होंने कहा कि हजारों अभ्यर्थी मानसिक और आर्थिक दबाव में हैं। वर्षों की मेहनत और तैयारी के बावजूद ये अभ्यर्थी अपने भविष्य को लेकर असमंजस में हैं। उन्होंने कहा कि छात्रहित और रोजगार सृजन किसी भी सरकार की सबसे पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। यह झारखंड का दुर्भाग्य है कि राज्य के छात्रों को ऐसी अनिश्चितता का सामना करना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आग्रह है कि वे छात्रहित में इन रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति सुनिश्चित करें।

## मुख्यमंत्री से जिम्नास्टिक एसोसिएशन के खिलाड़ियों ने की मुलाकात



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मंगलवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड जिम्नास्टिक एसोसिएशन के खिलाड़ियों ने मुलाकात की। इस दौरान खिलाड़ियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि 10 से 13 जनवरी तक जम्मू में आयोजित राष्ट्रीय एरोबिक जिम्नास्टिक चैंपियनशिप में झारखंड के जिम्नास्टों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो पदक हासिल किए। उन्होंने मुख्यमंत्री को यह भी बताया कि उत्तराखंड में आयोजित होने वाले नेशनल गेम्स के ऐरो डांस इवेंट के लिए झारखंड के पांच खिलाड़ियों की टीम ने क्वालीफाई किया है। मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों को पदक जीतने के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। इस मौके पर झारखंड जिम्नास्टिक एसोसिएशन के एडमिन सेक्रेटरी दीपक कुमार साहू के साथ जिम्नास्ट विकास कुमार गोप, चाहत कुमार केरकेट्टा, दीपिका लामा, आयुष, टोनू गोपाल, अमित गोप, अनुराग कुमार, हेमा कुमारी तथा प्रिया यादव शामिल थीं।

## हेमन्त सरकार अविलंब प्रयागराज में नोडल अधिकारी और कर्मचारियों की नियुक्ति करे : प्रतुल शाहदेव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




रांची : भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने हेमंत सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने अपना सनातन विरोधी चेहरा दिखा दिया है। विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन महाकुंभ उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में हो रहा है। करोड़ों की संख्या में देश-विदेश से श्रद्धालु महाकुंभ में पुण्य की डुबकी लगाने के लिए पहुंच रहे हैं लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से झारखंड की हेमंत सरकार ने इस अवसर पर प्रदेश के श्रद्धालुओं के लिए कोई विशेष व्यवस्था नहीं की है। प्रतुल शाह देव ने कहा कि अनेक राज्यों की सरकारों ने कुंभ स्नान के अवसर पर अपने-अपने राज्यों से नोडल अधिकारियों को प्रयागराज में नियुक्त किया है। साथ ही अलग-अलग राज्यों के कर्मचारियों और अधिकारियों की बड़ी फौज भी लगातार कैंप करके उन राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं का विशेष ध्यान रख रही है। कई राज्यों ने स्पेशल बस को रवाना किया है। राज्यों ने अपने यहां से आने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने, खाने-पीने, भोजन आदि की व्यवस्था का भी ध्यान रखा है लेकिन झारखंड सरकार इस मामले में बिल्कुल ही असंवेदनशील रही है। झारखंड सरकार ने इस अवसर पर कोई विशेष व्यवस्था झारखंड के श्रद्धालुओं के लिए नहीं की है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने मांग की है कि अभी भी महाकुंभ में 26 दिन का समय बचा हुआ है। राज्य सरकार अविलंब झारखंड के श्रद्धालुओं के लिए प्रयागराज में अधिकारियों और कर्मचारियों को तैनात करे और श्रद्धालुओं को उचित सुविधा देने का कार्य करे। राज्य सरकार अपने स्तर से विशेष बस सेवा को भी बहाल करे। शाह देव ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जिस तरीके से कुंभ मेला और सनातन विरोधी बयान दिया, वह इंडी गठबंधन की सनातन विरोधी सोच को दिखाता है। झारखंड सरकार भी कांग्रेस के समर्थन से ही चल रही है। लिहाजा ऐसा प्रतीत होता है कि कांग्रेस की मानसिकता के अनुसार ही झारखंड सरकार ने महाकुंभ को नजरअंदाज करने का काम किया है।

## टेरर फंडिंग मामला : एनआईए की छापामारी में बरामद पैसे वापस दिलाने की मांग वाली सुदेश केडिया की याचिका खारिज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




रांची : टेरर फंडिंग केस के आरोपित सुदेश केडिया को मंगलवार को हाई कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने केडिया की वह याचिका खारिज कर दी है, जिसमें उसने वर्ष 2018 में एनआईए की छापेमारी में उसके आवास और कार्यालय से एजेंसी के जरिये बरामद किये गये 9 लाख 95 हजार रुपये वापस करने की मांग की थी। यह मामला चतरा के टंडवा स्थित मगध और आम्रपाली कोल परियोजना में टेरर फंडिंग से जुड़ा हुआ है। पूर्व में कोर्ट ने सुनवाई पूरी होने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि एनआईए की छापेमारी में सुदेश केडिया के आवास से बरामद 9 लाख 95 हजार रुपये उनके व्यवसाय का है, यह टेरर फंडिंग का पैसा नहीं है। इस पैसे से कर्मियों को सैलरी दी जानी थी इसलिए एनआईए के जरिये बरामद 9 लाख 95 हजार रुपये को उन्हें वापस दिलाया जाए लेकिन हाई कोर्ट ने जब्त पैसे रिलीज करने से इनकार कर दिया। उल्लेखनीय है कि टेरर फंडिंग से जुड़े केस में रांची की एनआईए की विशेष अदालत में सुनवाई जारी है। एनआईए ने टंडवा थाना में दर्ज कांड संख्या 2/2016 को फरवरी 2018 को टेकओवर किया था। अनुसंधान के बाद एनआईए ने मामले में 17 आरोपितों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। मामले में कई आरोपितों के खिलाफ आरोप गठित हो चुका है। एनआईए ने जांच के दौरान यह पाया है कि सीसीएल, पुलिस, उग्रवादी और शांति समिति के बीच समन्वय से टेरर फंडिंग हो रही थी। तृतीय प्रस्तुति कमेटी (टीपीसी) को फंड देने की पुष्टि हुई है। टीपीसी को लेवी देने के लिए ही उसने ऊंची दर पर मगध और आम्रपाली प्रोजेक्ट से कोयला ढुलाई का ठेका लिया था। टेरर फंडिंग मामले के आरोपितों में आधुनिक पावर के तत्कालीन महाप्रबंधक महेश अग्रवाल, बीकेबी ट्रांसपोर्ट के उपाध्यक्ष विनीत अग्रवाल, सोनू अग्रवाल उर्फ अमित अग्रवाल, कारोबारी सुदेश केडिया, ट्रांसपोर्टर सुधांशु रंजन उर्फ छोटू सिंह, अजय सिंह, मास्टरमाइंड सुभान खान, टीपीसी के जोनल कमांडर आक्रमण उर्फ रवींद्र गंझू उर्फ नेताजी, क्षेत्रीय कमांडर ब्रजेश गंझू उर्फ गोपाल सिंह भोक्ता, बिंदेश्वर गंझू उर्फ बिंदु गंझू, भीखन गंझू उर्फ दीपक गंझू, प्रदीप राम, विनोद गंझू, मुनेश गंझू, बीरबल गंझू, मुकेश गंझू उर्फ मुनेश्वर गंझू, कोहराम एवं अनिश्चय गंझू शामिल हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री से शिवरात्रि महोत्सव समिति के सदस्यों ने की मुलाकात




रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मंगलवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में शिवरात्रि महोत्सव समिति, बाबा वैद्यनाथ धाम देवघर के सदस्यों ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को 26 फरवरी को बाबा मंदिर देवघर में आयोजित होने वाले शिव बारात समारोह में शामिल होने के लिए निमंत्रण पत्र सौंपा। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में शिवरात्रि महोत्सव समिति के अध्यक्ष अभिषेक आनंद, पंडा धर्मरक्षिणी सभा देवघर के पूर्व महासचिव कार्तिक नाथ ठाकुर, मंत्री अरुणानंद झा, चंद्रशेखर खवाड़े, अपूर्वानंद झा और धर्मेंद्र सिंह शामिल थे।

### राज्यपाल से जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय की कुलपति ने की मुलाकात



रांची : राज्यपाल-सह-झारखंड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो० अंजिला गुप्ता ने राज भवन में भेंट की। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों की जानकारी दी। साथ ही, राज्यपाल को विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित आगामी द्वितीय दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया।

### रांची विवि का दीक्षांत समारोह 7 मार्च को 77 विद्यार्थियों को मिलेगा गोल्ड मेडल




रांची : रांची विश्व विद्यालय का 38वां दीक्षांत समारोह सात मार्च को होगा। मोरहाबादी स्थित दीक्षांत मंडप में आयोजित इस समारोह में मुख्य अतिथि राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार होंगे। समारोह में स्नातकोत्तर के विभिन्न विषयों के 77 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल दिया जायेगा। इनमें 15 मेडल स्पांसर होंगे। विवि प्रशासन ने मंगलवार को बताया गया कि मेडिसिन में ओवरऑल बेस्ट मास्टर डिग्री, मेडिसिन एमडी तथा काउंसलिंग इन साइकोलॉजी के अवार्ड की घोषणा रिजल्ट जारी नहीं होने के कारण नहीं की जा सकी है। जारी लिस्ट में अगर किसी विद्यार्थी को कोई आपत्ति है, तो वे 31 जनवरी तक अपनी आपत्ति साक्ष्य के साथ परीक्षा नियंत्रक के पास दर्ज करा सकते हैं। कुल 77 में अब तक 59 मेडल लड़कियों के नाम है।

### सेल रांची इकाईयों ने मेगा वार्षिक खेल आयोजन का किया समापन



रांची : रांची में स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) इकाई ने अपने बहुप्रतीक्षित मेगा वार्षिक खेल आयोजन का समापन किया, जो सामुदायिक भावना का एक प्रेरक उत्सव था। पिछले पखवाड़े से आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न श्रेणियों में 78 प्रभावशाली कार्यक्रम हुए, जिसमें कर्मचारियों, उनके जीवनसाथी और बच्चों ने हिस्सा लिया। बाहरी कार्यक्रम समारोह का मुख्य आकर्षण थे, जिसमें दौड़ (100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर), डिस्कस थ्रो, शॉट-पुट, बॉल थ्रो और लोकप्रिय सुई धागा प्रतियोगिता जैसी गतिविधियाँ शामिल थीं, जिसमें सभी आयु वर्ग के प्रतिभागी शामिल हुए। जोड़ों के लिए विशेष बैलून गेम भी थे। जीवंत और प्रतिस्पर्धी माहौल ने सेल समुदाय के बीच टीम वर्क और खेल भावना को प्रदर्शित किया। पुरस्कार वितरण और समापन समारोह में हमारे सम्मानित मुख्य अतिथि, वेद प्रकाश, ईडी (डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन), संजय बर सीजीएम (एचआर-एलएंडडी), एमटीआई, एस के गुप्ता सीजीएम (आरएमजी), एसपी दास सीजीएम (सीईटी) इस कार्यक्रम का समन्वयन और निगरानी सेल रांची इकाई के मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) और अध्यक्ष (एसयूएससी) एस जे जाचुक द्वारा की गई तथा पुरस्कार वितरण समारोह के माध्यम से इसके सुचारू क्रियान्वयन और सफलता को सुनिश्चित किया गया। हमारे सम्मानित अतिथि और आयोजन समिति को धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक एवं उपाध्यक्ष (एसयूएससी) संजीव कुमार ने दिया।

### श्री श्याम मंदिर में 138वें सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन



रांची : बसंतपंचमी उत्सव बागा अर्पित प्रात:10 बजे सुशील अग्रवाल रीना अग्रवाल ने अपने परिवार के साथ बसंपचमी पर्व उत्सव का बागा पोशाक जिसमें बाबा श्याम हनुमानजी महाराज शिव परिवार सहित सभी देवी देवताओं को पोशाक वस्त्र मंदिर के आचार्यों द्वारा संकल्प करवाकर अर्पित किया गया। यह पोशाक बसंत पंचमी के दिन पहनाया जाएगा। श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज 138 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। मंगल भवन अमंगल हारी द्रवहु सु दसरथ अजर बिहारी के गायन व बजरंग बली की जय जयकारों से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। मंडल के मंत्री श्याम सुंदर शर्मा ने मंडल के सदस्य कमल सरावगी रमा सरावगी से महाबली बजरंगबली की ज्योति प्रज्वलित करवाई। कमल रमा सरावगी ने केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल का भोग अर्पित कर श्रीरामचरितमानस ग्रंथ की पूजा करके पाठ वाचकों का चंदन वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक ढपली के स्वर के साथ श्री गणेश वंदना कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। सुंदरकांड का संगीतमय पाठ उपस्थित जनों से करवाया।

एक नजर

## बाबा चौहरमल मंदिर के लिए एनओसी की मांग

**बोकारो** : मंगलवार को दुसाध जागरण मंच की ओर से पलामू सांसद सह एससी–एसटी वेलफेयर पार्लियामेंट्री कमिटी के सदस्य बीडी राम का भव्य स्वागत किया गया। यह आयोजन मंच संरक्षक मनोज पासवान के आवास पर हुआ, जिसमें समाज के प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान समाज के लोगों ने बाबा चौहरमल मंदिर के विस्तार और एनओसी प्राप्त करने में आ रही कठिनाइयों को उठाया। उन्होंने बताया कि बीएसएल प्रबंधन अन्य समाजों को मंदिर निर्माण के लिए एनओसी उपलब्ध कराता है, लेकिन वीर शिरोमणि बाबा चौहरमल मंदिर के लिए यह सुविधा नहीं दी जा रही। इसके अभाव में बीएसएल के नए पदाधिकारी मंदिर को अतिक्रमण मानते हुए नुकसान पहुंचाते हैं। सांसद बीडी राम ने समाज की चिंताओं को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि वह इस मामले को स्टील मंत्री के समक्ष उठाएंगे और समस्या का समाधान सुनिश्चित करेंगे। इसके बाद सांसद ने समाज के लोगों के साथ बाबा चौहरमल मंदिर का दौरा कर पूजा–अर्चना की और मंदिर के विस्तार के लिए स्थल का निरीक्षण किया।

## शहीद निर्मल महतो स्मारक समिति की हुई बैठक

**बोकारो** : शहीद निर्मल महतो स्मारक समिति अलकुशा की बैठक निर्मल महतो चौक के समीप अरुण कुमार महतो की अध्यक्षता में हुआ,संचालन जगन्नाथ राजवार ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से कमिटी का गठन किया गया।अध्यक्ष ज्योतिलाल महतो, सचिव इस्लाम अंसारी, कोषाध्यक्ष अजय कुमार महतो को चुनाव किया गया।कार्यकारिणी सदस्य राम चरण महतो, आनन्द कुमार महतो, मनोज कुमार दास, मनोज कुमार महतो, जय प्रकाश महतो, युधिष्ठिर हाजरा, परवेज अंसारी, अरुण महतो, बहादुर महतो, कालु साईं, समाजसेवी जगन्नाथ रजवार, राधेश्याम सिंह सहित इक्कीस सदस्यीय कमेटी गठन किया गया। मौके पर गौरा चांद महतो, समाजसेवी सनाउल्ला अंसारी, नईंम साईं, प्रदीप कुमार दास, रजाउल अंसारी, शब्बीर हुसैन, परशुराम महतो, दिनेश कुमार महतो, भागीरथ महतो अर्जुन महतो, करीम शाह, प्रदीप महतो आदि ग्रामीण मौजूद थे।

## चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने इस्पात मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**बोकारो** : चैंबर आफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का एक प्रतिनिधि मंडल अध्यक्ष मनोज चौधरी के नेतृत्व में भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री एच डी कुमार स्वामी एवं राज्य मंत्री भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा से बोकारो निवास में मिला। चेंबर अध्यक्ष मनोज चौधरी ने एक ज्ञापन केंद्रीय मंत्री को सौंपते हुए मांग की कि बोकारो इस्पात संयंत्र की उत्पादन क्षमता 10 मिलियन टन तक बढ़वाई जाए। मनोज चौधरी ने बियाडा स्थिति इकाइयों के संरक्षण का भी आग्रह इस्पात मंत्री से किया। बियाडा स्थित इकाइयों को कायार्देश में प्राथमिकता, ट्रायल ऑर्डर, बियाडा की इकाईयों के लिए टेस्टिंग लैब विकसित करने, डिलीवरी में देरी होने पर 1 महीने की छूट, आयात विकल्प वस्तुओं के लिए बियाडा की इकाइयों को ट्रायल आर्डर दिए जाने की मांग रखी। चेंबर के संरक्षक संजय बैद ने केन्द्रीय मंत्री का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा की बोकारो इस्पात प्रबंधन वाणिज्यिक एवं आवासीय भूखंड के लीज नविनीकरण के लिए राशि 100 गुना तक बढ़ा दी है जो अव्यावहारिक है, इसे व्यवहारिक बनाने की मांग की। इसके अलावा नये आवासीय एवं व्यवसायिक भूखंड आवंटित करने, बोकारो में उच्च शिक्षा हेतु अभियंत्रण महाविद्यालय, इस्पात आधारित उद्योग बोकारो में लगवाने, आवंटित भूखंडों पर प्रतिबंधित व्यापार से प्रतिबंध हटाने आदि की भी मांग रखी गई।

# केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने स्टील प्लांट के लिए मेगा विस्तार योजना का किया अनावरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** केंद्रीय इस्पात और भारी उद्योग मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी ने सोमवार और मंगलवार को बोकारो स्टील प्लांट का दौरा किया, जहां उन्होंने उत्पादन क्षमता को बढ़ाने के लिए एक महत्वाकांक्षी विस्तार योजना का अनावरण किया। 20,000 करोड़ रुपये के निवेश के साथ, ब्राउनफील्ड विस्तार का लक्ष्य हॉट मेटल उत्पादन को मौजूदा 5.25 एम टी पी ए से बढ़ाकर 7.55 एम टी पी ए करना है, जिससे स्टील सेक्टर में भारत के आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ने की गति को मजबूती मिलेगी। बोकारो स्टील प्लांट, जिसने 1965 में अपनी नींव रखी और 1972 में अपना पहला ब्लास्ट



फर्नेस संचालन शुरू किया, की शुरूआत में क्षमता 1.7 एम टी पी ए थी। इन वर्षों में, यह बढ़कर 5.25 एम टी पी ए हो गई है और मंत्री ने कहा कि श्प्लांट अब एक नए 4500 क्यूबिक मीटर ब्लास्ट फर्नेस, एक थिन स्लैब कास्टिंग और डायरेक्ट रोलिंग सुविधा, एक कैल्सिनिंग प्लांट, एक स्टैम्प-चार्ज कोक ओवन बैटरी और एक सिंटर प्लांट विस्तार के साथ बड़े पैमाने पर ओवरहाल के लिए तैयार है। परियोजना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, कुमारस्वामी ने कहा, श्यह विस्तार इस्पात उत्पादन में आत्मनिर्भरता के लिए भारत की प्रतिबद्धता का प्रमाण है और माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2030 तक 300 एमटीपीए इस्पात उद्योग के दृष्टिकोण के अनुरूप है। पूंजी और तकनीकी प्रगति के निवेश से इस्पात क्षेत्र को मजबूती मिलेगी और भारत की आर्थिक वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। विस्तार के मूल में रोजगार सृजन और डीकाबोर्नाइजेशन उत्पादन बढ़ाने के अलावा, विस्तार योजना से 2,500 स्थायी नौकरियां और 10,000 अप्रत्यक्ष नौकरियां पैदा होंगी, जिससे क्षेत्र में रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। कुमारस्वामी ने डीकाबोर्नाइजेशन प्रयासों पर भी जोर दिया और कहा कि बोकारो स्टील प्लांट 2030 तक अपने कार्बन उत्सर्जन को 2.67 टन प्रति टन कच्चे इस्पात से घटाकर 2.2 टन से कम करने के लिए प्रतिबद्ध है। संयंत्र अपनी नवीकरणीय ऊर्जा पहलों को आगे बढ़ा रहा है, जिसमें शामिल हैंः 30 मेगावाट फ्लोटिंग सौर ऊर्जा उत्पादन 20 मेगावाट भूमि-आधारित सौर ऊर्जा पीपीए के माध्यम से से प्राप्त 100 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा कुमारस्वामी ने कहा, ये कदम ऊर्जा खपत को अनुकूलित करते हुए क्षमता उपयोग को अधिकतम करने पर हमारे फोकस को दशार्ते हैं, जिससे भारत के इस्पात उद्योग के लिए एक स्थायी भविष्य सुनिश्चित होता है।

## प्रदीप महतो के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्रियों का पुष्पगुच्छ देकर किया गया स्वागत



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** जनता दल बोकारो जिला अध्यक्ष प्रदीप महतो के नेतृत्व में बोकारो निवास में केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री माननीय एच. डी. कुमारस्वामी और माननीय इस्पात राज्य मंत्री भूपतिराजु श्रीनिवास वर्मा और हमारे धनबाद के लोकप्रिय सांसद ढुलू महतो को पुष्पगुछ और सोल देकर स्वागत किया जिसमे जिला उपाध्यक्ष राजा पांडे शशिभूषण जिला कार्यसमिति सदस्य विजय सिंह तोमर कृष्णा कुमार रजवार जितेन्द्र कुमार चण्डी कुमार प्रजापति बोकारो इस्पात संयंत्र एवं यहाँ के विस्थापितों आश्रित कर्मचारियों अप्रेंटिसशिप विस्थापित भाइयों नगर वासियों झुग्गी झोपड़ी में निवास करने वाले सभी भाइयों फुटपाट दुकानदार भाइयों के विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया गया उन्होंने आश्वासन दीया है कि उचित कार्रवाई की जाएगी ।

## सरिया में रक्त दान शिविर में 56 यूनिट रक्त का हुआ संग्रहण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरिया (गिरिडीह):** सरिया प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखण्ड प्रशासन व डिस्ट्रिक हेल्थ केयर सोसायटी द्वारा संयुक्त रुप से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ललित नारायण तिवारी ने किया। इसमें सरिया प्रखण्ड के कर्मी व पंचायत प्रतिनिधियों तथा कई अन्य लोगों द्वारा रक्तदान किया गया। इस शिविर में कुल 56 यूनिट रक्त संग्रहित की गयी । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरिया बीडिओ ने कहा कि रक्त दान महादान है,आपके रक्तदान से किसी का जीवन बच सकता है ,जरूरतमंद को रक्त दिया जाता है । इसलिए मनुष्य को अपने जीवन में रक्तदान अवश्य करना चाहिए। आमतौर पर





यह भ्रांति है कि इससे कमजोरी आती है लेकिन ऐसा नहीं है,रक्तदान करने से मनुष्य को किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं होता है बल्कि जितना यूनिट लोग रक्तदान करते हैं कहीं उससे अधिक नया रक्त उनके शरीर में पुनः बन जाता है। दान किए गए रक्त से किसी जरूरतमंद एवं असहाय व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। प्रत्येक व्यक्ति को हर तीन माह की अंतराल में रक्तदान करना चाहिए ।रक्तदान करने के बाद शरीर का विकास एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ता है ।इस शिविर में किए गए रक्त संग्रह किसी ना किसी जरूरतमंद की जान बचाने का काम आयेगा। इस प्रकार के मानव सेवा एवं जनकल्याण के कार्यों में लोगों को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की आवश्यकता है। मौके पर बीडीओ ललित नारायण तिवारी, बीपीआरओ संजय बर्णवाल, नाजीर तहसीन अंसारी, योगेंद्र पासवान समेत अन्य लोग उपस्थित रहे ।

## उपायुक्त से ग्रामीणों ने चयनित स्थल पर चापानल बोरिंग नहीं करने की शिकायत की

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** चास प्रखण्ड पंचायत बेलुंजा के गाँव पैलाडीह के ग्रामीणों ने संयुक्त हस्ताक्षर युक्त कर पीएचडी ठीकेदार व जेई की मनमानी के विरोध में उपायुक्त बोकारो को लिखित आवेदन देकर करवाई करने का शिकायत किया है। ग्रामीणों ने आवेदन पर शिकायत किया है कि पैलाडीह गाँव दास टोला में पेयजल की समस्या को देखते हुए एक चापानल बोरिंग करने की स्वीकृति किया गया था। ठीकेदार व पीएचडी जेई की मनमानी से दास टोला में चयनित स्थल पर बोरिंग नहीं कर चयनित स्थल से एक किलो मीटर की दूरी पर जबरन चापानल की बोरिंग कर दिया। ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों के विरोध के बाद भी जेई एवं ठीकेदार ने दलालो के सांठगांठ से अन्यत्र चापानल का बोरिंग कर दिया। जिससे दास टोला में घोर



पेयजल की समस्या बनी हुई है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से ठीकेदार व जेई पर जांच कर करवाई करने की मांग किया है। ग्रामीण दुर्गा प्रसाद दास, संजय कुमार दास, चंदन कुमार दास ,रामदास, रंगीला देवी, बेला कुमारी, कुमारी गौरी देवी मिथुन दास नेहा, बीणा देवी,कुमारी नेहा कुमारी काजल कुमारी ,काजल देवी, शामली देवी ,शामली दीपा कुमारी, आनंद कुमार दास, सोनू देवी, सोनू मधु कुमारी, अर्जुन दास, भरत दास ,करण कुमार दास, मंसाराम दास ,पवन दास,कल्पना दिव्या, अभिजीत कुमार, राजेश चंद्र दास, चंपा देवी, प्रेम कुमार दास, सहित आदि ग्रामीणों शामिल हैं। इधर पंचायत मुखिया भारो देवी एंव पुर्व मुखिया सुधांशु रजवार ने कहा कि पैलाडीह दास टोला मे चयनित स्थल पर ही चापानल की बोरिंग होना चाहिए था। यदि चयनित स्थल पर दास टोला में चापानल की बोरिंग नहीं किया गया है तो संबधित ठीकेदार व जेई पर जांचकर करवाई किया जाय। तथा दास टोला मे ही चापानल बोरिंग दिया जाय।

## पवार लिफ्टिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिल्ली :** सिल्ली आज केश फिटनेस यूनिसेक्स जिम, सिल्ली ने अपने दूसरे स्थापना दिवस के अवसर पर पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस खास मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मूरी ओपी प्रभारी कुंदन कुमार सिंह को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिम के मालिक केशव कुमार महतो द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में भारी संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में तीन श्रेणियों-स्क्वाट्स, बेंच प्रेस और डेडलिफ्ट के संयुक्त प्रदर्शन के आधार पर विजेताओं की घोषणा की गई।

पुरुष वर्ग के विजेताः

**प्रथम स्थानः निशांत, रोशन, देवराज और एम.डी. बिलाल।**

**द्वितीय स्थानः शुभम, निर्मल, सूरज और अरुण।**

**तृतीय स्थानः अंकुर, रामजीवन, आदित्य और अमित।**

**महिला वर्ग के विजेताः प्रथम स्थानः शारदा।**

**द्वितीय स्थानः सुभ्रा।**

सभी विजेताओं को विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में निशांत अग्रवाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। मुख्य अतिथि कुंदन कुमार सिंह ने अपने संबोधन में युवाओं को फिटनेस के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं, बल्कि मानसिक और सामाजिक विकास में भी सहायक होते हैं।

# देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं सेल कोलियरीज : एचडी कुमारस्वामी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** मंगलवार को माननीय केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री एच.डी. कुमार स्वामी एवं माननीय इस्पात एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री भूपतिराजु श्रीनिवास वर्मा ने सेल की टासरा ओपन कास्ट परियोजना एवं चासनाला वाशरी का निरीक्षण किया। इस दौरान सेल के चैयरमेन श्री अमरेंदु प्रकाश भी उनके साथ थे। टासरा परियोजना आगमन पर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री हृदीप पी जनार्दनन एवं सेल के वरीय पदाधिकारियों ने मंत्रीद्वय का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। वहीं सेल के महाप्रबंधक श्री शिवराम बनर्जी ने



मंत्रीद्वय को टासरा परियोजना की प्रगति से अवगत कराते हुए बताया कि टासरा परियोजना भारत सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना है। यह परियोजना 4 मिलियन टन वार्षिक क्षमता की परियोजना है, जिसमें वाशरी का निर्माण भी शामिल है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना से स्थानीय क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों का विकास होगा एवं रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। वहीं माननीय केंद्रीय इस्पात मंत्री ने कोल माइन के ले-आउट आदि का निरीक्षण कर कहा कि यह परियोजना आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक कदम है एवं इस परियोजना से कोकिंग कोल के आयात में कमी आयेगी, जिससे विदेशी मुद्रा भंडार की बचत होगी। उन्होंने सेल एवं मेसर्स के.टी.एम.पी.एल. के संयुक्त तत्वावधान में सीएसआर के अन्तर्गत संचालित महिला स्वरोजगार गतिविधियों का अवलोकन किया एवं सेल के सामाजिक क्षेत्रों के कार्यों की सराहना की। तत्पश्चात मंत्रीद्वय ने सेल चासनाला वाशरी का अवलोकन कर वाशरी के कार्यों की समीक्षा की। उसके बाद मंत्रीद्वय ने चासनाला शहीद स्मारक पहुंच कर खान दुर्घटना में शहीद हुए श्रमिकों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सेल के बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी बी.के. तिवारी, कोलियरी प्रभाग के कार्यपालक निदेशक एस.के. सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (एचआर) संजय तिवारी, महाप्रबंधक टासरा एस.के. कुरील, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, सिंदरी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आशुतोष सत्यम, के.टी.एम.पी.एल. के प्रवीण कोटा, श्री टी. रमेश एवं बड़ी संख्या में सेल के अधिकारी तथा प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

## झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरीय नेता नेता जवाहर रवानी की याद में हुई शोक सभा



**धनबाद** : मंगलवार को शहीद शक्ति नाथ महतो स्मारक समिति के तत्वधान मे शहीद शक्ति नाथ महतो स्मारक समिति के उपाध्यक्ष व झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरीय नेता नेता स्व जवाहर रवानी का शोक सभा का आयोजन शहीद शक्ति नाथ महतो चौक तेतुलमारी में किया गया। आत्मा के शांति के लिए दो मिनट का मोन व्रत रखा गया व श्रंधाजलि अर्पित करने वालो मे मुख्य रूप से टुंडी विधायक सह मुख्य सचेतक मथुरा प्रसाद महतो ने श्रद्धांजलि करतें हुए कहा की ग्रामीणो तथा झारखंड मुक्ति मोर्चा एवं स्मारक समिति ने एक अच्छा ब्यक्ति को खो दिया है इनकी कमी निकट भविष्य मे पुरा नही किया जा सकता है इस दु ःखद घडी मे परिवार के साथ खड़ा हु। श्रंधाजलि अर्पित करने वालो मे तेतुलमारी थाना प्रभारी सतेन्द्र यादव, झारखंड मुक्ति मोर्चा किसान मोर्चा के जिलाअध्यक्ष सह स्मारक समिति के सचिव शिव प्रसाद महतो, मनोज महतो,मुखिया राजेन्द्र प्रसाद महतो,मुखिया प्रतिनिधि संतोष महतो, अमृत रवानी,सपन पंडित, लोकनाथ महतो, घलटु त्रिगुनाइत, प्रफुल्ल मंडल, बिरजु बाउरी,तुलसी महतो, जगदीश महतो, महादेव महतो, प्रेम चन्द महतो, बैजनाथ रवानी,अनिल रवानी,नन्द लाल रवानी, बबलू महतो, मनिन्द्र मंडल, मंगल रवानी,महेन्द्र रवानी,बिनोद नोनियां गणेश चौहान, नरेश महतो, बेचु रवानी, दिपक रवानी, बबलू रवानी, मटुकधारी रवानी, धनराज रवानी, मंटु रवानी, दुर्योधन महतो, नयन रवानी, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## वर्सियम द्वारा ऑनलाईन लिखित कविता प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



**धनबाद :** विश्व के जाने माने चित्र एवं कला का संस्थान वर्सियम द्वारा प्रदत्त चित्र के आधार पर ऑनलाईन लिखित कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संस्थापक कोरिना जूंगियातू, बुचारेस्ट, रोमानिया और जुरी के अध्यक्षा वॉयलेटा मार्किज,संजोस, कैलिफोर्निया ने इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए विश्व के हर एक देश के कविओं को आमंत्रित किया था । विश्व के अनेक जाने माने कविओं ने इस प्रतियोगिता में भाग लिए ।भारत से कई कविओं ने ऑनलाईन इस प्रतियोगिता मे भाग लिए। 26 जनवरी, 2025 को उक्त प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया। इस प्रतियोगिता मे पुरे विश्व से कुल तेरह कविओ को पुरस्कृत किया गया, जिनमें धनबाद, हिरापुर ज्ञान मुखर्जी में रहनेवाले तपन राय भी हैं। जिन्हे सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस से नवाजा गया। तपन राय ने इस प्रतियोगिता आयोजित करने वाले संस्था भारशियुम का आभार व्यक्त किया। धनबाद के गण्यमान्य लोगो ने तपन राय को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## नितेश बांसफोर का मार्शल आर्ट्स में हैरत अंगेज प्रदर्शन



**धनबाद :** 26 जनवरी को बीसीसीएल द्वारा आयोजित 76वां गणतंत्र दिवस समारोह जो जेलगोरा स्टेडियम में मनाया गया। इस कार्यक्रम में कई स्कूल के छात्र–छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। लेकिन मुख्य आकर्षण अम्बेडकर स्कूल ऑफ मार्शल आर्ट्स द्वारा हैरत अंगेज कार्यक्रम रहा जिसमें अम्बेडकर स्कूल ऑफ मार्शल आर्ट्स के मार्शल आर्टिस्ट खिलाड़ी नितेश बांसफोर ने अपने दांतों से दर्जनों लिम्का बोतल के ढक्कन को खोलकर बीसीसीएल के सीएमडी समीरण दत्ता, डी पी एम. के. रमैया के साथ–साथ पूरे बीसीसीएल के अधिकारियों को मन्त्र मुग्ध कर दिया। वहीं दर्जनों ट्यूबलाइट को अपने हथेलियों से काटकर उपस्थित सभी अतिथि गणों के साथ–साथ पूरे दर्शकों को हैरत में डाल दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं निर्देशन अम्बेडकर स्कूल ऑफ मार्शल आर्ट्स के अध्यक्ष सह मुख्य प्रशिक्षक अनिल बांसफोर ने किया। कार्यक्रम के अंत में बीसीसीएल के दीक्षा महिला मंडल की अध्यक्षा मिली दत्ता , उपाध्यक्षा पुर्बिता रमैया, नमिता सहाय ने अम्बेडकर स्कूल ऑफ मार्शल आर्ट्स के अध्यक्ष सह मुख्य प्रशिक्षक अनिल बांसफोर, लिम्का बुक रिकॉर्ड होल्डर अमरजीत बांसफोर, मुकेश बांसफोर, तलवारबाजी के अखिलेश, रूपेश, निकेश, ओमप्रकाश आदि को सम्मानित किया। ज्ञातव्य हो कि अम्बेडकर स्कूल ऑफ मार्शल आर्ट्स वर्ष 2007 से अब तक लगातार अपना मार्शल आर्ट्स का हैरत अंगेज कार्यक्रम प्रस्तुत करते आ रहा है।

## शातिर चोरों ने बर्मन ज्वेलर्स से पांच लाख के आभूषण और नकदी चुराये



**धनबाद :** निरसा थाना क्षेत्र के जामताड़ा रोड स्थित बर्मन ज्वेलर्स में हुई चोरी, स्थानीय क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। अज्ञात चोरों ने पहले शटर और ग्रिल गेट को तोड़ा और फिर दुकान में प्रवेश गए। इसके बाद दुकान में जमकर लूटपाट मचाते हुए लाखों रुपये के आभूषण और नकदी लेकर फरार हो गए। दुकान मालिक मुन्ना बर्मन ने मंगलवार को बताया कि चोरी में लगभग 5 लाख रुपये मूल्य के सोने के आभूषण, जिसमे एक चैन, एक जोड़ा बाला और कुछ अंगूठियां शामिल हैं, इसके साथ 20 हजार नकद की चोरी हुई है। चोरों ने लोहे की मुख्य तिजोरी को भी तोड़ने की कोशिश की, लेकिन असफल रहे। फिलहाल निरसा थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। चोरी में इस्तेमाल किए गए तरीकों से स्पष्ट होता है कि चोरों ने इस वारदात को बड़ी ही योजनाबद्ध तरीके से घटना को अंजाम दिया है। पुलिस फिलहाल सीसीटीवी फुटेज और अन्य सबूतों के आधार पर अपराधियों की पहचान करने की कोशिश कर रही है।

# गांवों में शिविर लगाकर कुष्ठ रोग के प्रति भ्रांतियों को करें दूर : डीसी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर पूरे देश में स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान सह कुष्ठ रोग खोज अभियान पखवाड़ा चलाया जाएगा। 30 जनवरी से 14 फरवरी तक चलाए जाने वाले अभियान को लेकर मंगलवार को डीसी चंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक हुई। इस दौरान राज्य समन्वयक राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम डॉक्टर गौतम के द्वारा डीसी, सिविल सर्जन एवं बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन अभियान के तहत आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। कुष्ठ रोग के उपचार और रोकथाम को लेकर सरकार गंभीर है। 2027 तक कुष्ठ रोग के तहत जीरो स्टिग्मा का लक्ष्य रखा गया है। डीसी ने अभियान के तहत जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित किए जाने वाले शिविरों के माध्यम से लोगों को कुष्ठ रोग से जुड़े भ्रांतियों को दूर करने, रोग की पहचान एवं त्वरित रूप से उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाने को लेकर जागरूक करने का निर्देश दिया। डीसी ने लोगों को जागरूक करने के लिए ज्यादा से ज्यादा ग्राम सभा आयोजित करने, विद्यालय स्तर पर बच्चों को कुष्ठ रोग से जुड़ी भ्रांतियों के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से लोगों को कुष्ठ रोग से जुड़ी भ्रांतियों एवं रोग के उपचार आदि के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया।



बैठक के दौरान डीसी ने सभी को जिले को कुष्ठ मुक्त करने में कोई कसर नहीं छोड़ने को कहा। कुष्ठ रोगियों की यथाशीघ्र पहचान के लिए हर संभव प्रयास करने, लक्ष्य की प्राप्ति के लिए जिले में उपलब्ध संसाधनों का यथासंभव उपयोग करने, जो भी व्यक्ति कुष्ठ रोग से ग्रसित हैं, उनके साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं करने, ना ही किसी अन्य को इसकी इजाजत देने, व्यक्तिगत एवं सामूहिक रूप से कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों के प्रति भेदभाव एवं घृणा खत्म करने के लिए कार्य करने और उन्हें मुख्य धारा में लाने के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान देने से संबंधित शपथ दिलाई। राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन अभियान के तहत विगत पांच वर्षों में जिन भी गांव में कुष्ठ रोग से पीड़ित पाए गए हैं, उन गांवो में सर्वे किया जाएगा।

# दो दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा :** नेहरू युवा केंद्र सिमडेगा एवं युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन प्रखंड बोलबा के कादोपानी खेल मैदान में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कादोपानी पंचायत के उप मुखिया बसंत खलखो ने फुटबॉल को किक मारकर किया। प्रतियोगिता में बालक वर्ग में फुटबॉल, 400 मी दौड़ और लंबी कूद तथा बालिका वर्ग में कबड्डी, 200 मी दौड़ और रस्सीकुद प्रतिस्पर्द्धा का आयोजन किया गया, जिसमें प्रखंड बोलबा के विभिन्न ग्रामों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में रेफरी की भूमिका लालपा सिंह और कृष्ण सिंह के द्वारा निभाई गई.बालक वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रथम स्वामी विवेकानंद युवा कल्ब कादोपानी अम्बाटोली की टीम एवं द्वितीय कादोपानी स्कूल टीम रहा। बालिका वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम लक्ष्मी महिला मंडल डीपाटोली एवं द्वितीय कादोपानी स्कूल टीम ने प्राप्त किया। पुरुष वर्ग 400 मीटर दौड़ में प्रथम चूड़ामणि सिंह, द्वितीय मैक्सीमास समद और तृतीय अमित बिलुंग रहा। लम्बी कूद में प्रथम विक्की नायक, द्वितीय मक्सीमस समद और तृतीय चूड़ामणि सिंह ने प्राप्त किया। बालिका वर्ग 200 मीटर दौड़ में प्रथम प्रतिमा सोरेंग, द्वितीय रजनी कुमारी एवं तृतीय कृतिका कुमारी ने प्राप्त किया। रस्सी कूद प्रथम मोनिका कुमारी द्वितीय रेशमा कुमारी एवं तृतीय प्रियंका कुमारी रहा।



## रामपुर पंचायत में आंगनबाड़ी सहायिका का चयन



**चैनपुर :** चैनपुर प्रखंड के रामपुर पंचायत अंतर्गत डिप्पा बुकमा आंगनबाड़ी केंद्र के लिए आंगनबाड़ी सहायिका का चयन किया गया। इस चयन प्रक्रिया में प्रमिला एक्का को आंगनवाड़ी सहायिका के रूप में चुना गया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा, मुखिया दीपक खलखो, सुजाता खाखा, पर्यवेक्षिका अंजली वर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। उन्होंने प्रमिला एक्का को बधाई दी और उनके कार्यों में सफलता की कामना की। आंगनबाड़ी सहायिका के रूप में प्रमिला एक्का के चयन से क्षेत्र के बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य और शिक्षा में सुधार होने की उम्मीद है।


**NOTICE INVITING REQUEST FOR QUALIFICATION ( R.E.Q.)**
**WATER RESOURCES DEPARTMENT**
**GOVERNMENT OF JHARKHAND**

NIT No: : CEDESIGN-WRD/JH/CON-EMP/01/2025

**National Competitive Bidding**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the Work | Request for Qualification for New Empanelment of consultants to provide Consultancy service for preparing Techno-Economic Feasibility reports, Preliminary Project Reports (PPR), Detailed Project Reports (DPR), Engineering/Project Management Consultancy in the field of various Water Resources projects under Water Resources Department, Govt. of Jharkhand. |
| 2 | Mode of Submission of Bids | Online through "www.jharkhandtenders.gov.in" |
| 3 | Bid Document & Processing fee (InINR) | Rs. 40,000.00 (Forty thousand only) - ( Non-refundable) |
| 4 | Period of empanelment | 3 Years |
| 5 | Date of availability of Bidding Document on Website | 30/01/2025; 16:00 HRS |
| 6 | Time and date of submission of pre-bidqueries | 07/02/2025; 11:00 HRS |
| 7 | Date of Pre Bid Meeting | 07/02/2025; 11:30 HRS Chief Engineer, Design, Master Planning & Hydrology, Room No. 203, Jal Bhawan, Doranda Ranchi-834002 Jharkhand |
| 8 | Date of Submission of Bids | 20/02/2025; 15:30 HRS |
| 9 | Date & time of opening of Bid | 21/02/2025; 16:30 HRS Chief Engineer, Design Master Planning And Hydrology, Room No.203, Second Floor, Jal Bhawan, Doranda, Ranchi, Jharkhand. 834002. |
| 10 | Name of address of (DesignatedOfficer) | Chief Engineer, Design, Master Planning & Hydrology, Room No. 203, Jal Bhawan, Doranda Ranchi-834002 Jharkhand Email: cedesign-wrd-jhr@nic.in |
| 11 | Helpline no. | 9431364246, 9661727177, 7250760091, 9787107524, 09110975717 |

Note: - Please see details on www.jharkhandtenders.gov.in

PR 345270 Water Resource(24-25)#D

Chief Engineer
Design, Master Planning & Hydrology,
Water Resources Department,
Government of Jharkhand


# मौनी अमावस्या आज, राजदह धाम में संभावित भीड़ को देखते हुए समिति के लोग अलर्ट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरिया (गिरिडीह) :** हिंदू धर्मावलंबियों के लिए मौनी अमावस्या एक पवित्र व्रत के रूप में माना जाता है। जो प्रति वर्ष माघ महीने की अमावस्या तिथि को मनाई जाती है। मान्यता है कि इस दिन मौन रहकर संगम या पवित्र नदियों में स्नान करने से पितृदेव प्रसन्न होकर आशीर्वाद देते हैं। लोगों के जीवन में सुख शांति आती है। इसे लेकर एक ओर जहां लोग अपनी सुविधानुसार गंगा, यमुना, सरस्वती, तीर्थराज प्रयागराज आदि में स्नान करने जाते हैं,वहीं दूसरी ओर सरिया क्षेत्र के पवित्र तीर्थ स्थल राजदह धाम स्थित उत्तर वाहिनी बराकर नदी में भी हजारों की संख्या में लोग श्रद्धा की डुबकी लगाने के लिए पहुंचते हैं। संभावित भीड़ के मध्य नजर तपस्वी मौनी बाबा राजदह धाम समिति द्वारा सुरक्षात्मक दृष्टि से कई प्रकार की व्यवस्थाएं की गई हैं। इस संबंध में समिति के अध्यक्ष सुरेश भारती ने बताया कि परिसर स्थित मंदिरों तथा घाटों की साफ-सफाई की गई हैं। समिति के लोगों को सक्रिय रूप से मंदिर परिसर में रहने को कहा गया है। घाटों के इर्द-गिर्द सुरक्षा की दृष्टि से वॉलिंटियर्स भी लगाए गए हैं। पवित्र उत्तर वाहिनी बराकर नदी के किनारे कई जगहों पर नहाने के बाद कपड़े बदलने के लिए चेंजिंग रूम की व्यवस्था की गई है। मंदिरों में पूजा करने की तथा शिवजी को जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं को पंक्तिबद्ध होकर मंदिर में प्रवेश के लिए भी पर्याप्त व्यवस्था की गई है। जिससे कि विधि व्यवस्था बनी रहे। बताया जाता है कि मौनी अमावस्या को अमृत योग दिवस के रूप में भी जाना जाता है। इस दिन हिंदू धर्म में मौन रहने का विधान है। ऐसा करके श्रद्धालु एकदिवसीय उपवास का पालन करते हैं।

# विधायक के नेतृत्व में जेएसएलपीएस के कर्मचारियों ने दीपिका पांडेय को सौंपा ज्ञापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा :** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा के नेतृत्व में जेएसएलपीएस के महिला विकास मंडल से जुड़ी कर्मचारियों ने ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका सिंह पाण्डेय से मुलकात कर एक ज्ञापन सौंपा। साथ ही ज्ञापन के माध्यम से जेएसएलपीएस के साथ महिला विकास मंडल संघ के एकरारनामा का विस्तार एवं अन्य सहयोग कराने की मांग की है। ज्ञापन में कहा है कि एनआरएलएम परियोजना के तहत जेएसएलपीएस के साथ अनुबंध का विस्तार 31 मार्च 2025 तक किया गया है। वर्तमान में राज्य के पांच जिले के 14 प्रखंडों में महिला संघ संचालित हैं। वर्तमान समय में संस्था से 16426 महिला मंडल के साथ दो लाख से अधिक परिवार जुड़े हैं।



बताया गया कि एक अप्रैल 2025 से संघ का एकरारनामा का विस्तार नहीं होने की जानकारी प्राप्त है। कर्मचारियों ने कहा कि संघ के एकरारनामा का विस्तार नहीं होने से संस्था के कर्मचारियों के साथ साथ लाखों गरीब परिवारों का भविष्य अंधकार में पड़ जाएगा। ज्ञापन के माध्यम से महिला विकास मंडल के साथ जेएसएलपीएस का एमओयू विस्तार कम से कम पांच वर्षों तक करने, संघ के सभी प्रखंडों में जेएसएलपीएस के राज्य कार्यालय द्वारा भेजे गए सभी बीपीएम, सीसी का तत्काल तबादला जेएसएलपीएस द्वारा संचालित दूसरे प्रखंडों में करने की भी मांग की है। वहीं मंत्री दीपिका सिंह पांडये ने भी हर संभव सहयोग करने का भरोसा जताया। ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष महिला विकास मंडल जिला गुमला सुषेणा लकड़ा, मनीष कुमार पालकोट, रोशन, प्रमोद, प्रदीप, अभिनंदन, विनोद बिपुल आदि उपस्थित थे।


**झारखण्ड सरकार, कार्यालय जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची**

**आवेदन आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि विगत विभिन्न वर्षों में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत निर्गत विभिन्न राज्यादेशों में योजना के कतिपय घटकों के क्रियान्वयन हेतु पर्याप्त योग्य आवेदन प्राप्त नहीं होने के कारण लाभुकों का चयन नहीं किया जा सका तथा ऐसे लाभुकों का चयन अद्यतन लंबित है। योजना उपघटकवार इनका विवरण निम्न तालिका में दर्शाया गया है:–

| Financial Year | Sl No. | Name of the Component | GEN | SC | ST | W | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2021-22 | 6.7 | Three wheeler with Ice Box | 2 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| 2023-24 | 6.6 | Cycle with Ice Box | 1 | 0 | 1 | 0 | 2 |
| | 5.1.1 | Large RAS | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| | 5.3.2 | Small Biofloc (07 tanks) | 0 | 0 | 1 | 1 | 2 |

उक्त योजना उपघटकों के लिए राँची जिला के इच्छुक मत्स्य पालकों / Entrepreneurs से विहित प्रपत्र में दिनांक 07.02.2025 तक जिला मत्स्य कार्यालय, राँची में आवेदन आमंत्रित किया जाता है। आवेदन प्रपत्र एवं योजना संबंधी अन्य जानकारियाँ जिला मत्स्य कार्यालय, राँची से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची

PR 345233 Fish (24-25)_D


# एसबीयू में नाइट स्काई ऑब्जर्वेशन कार्यशाला का हुआ समापन




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** सरला बिरला विश्वविद्यालय और सिनोदिक स्पेस लैब्स के संयुक्त तत्वावधान में नाइट स्काई ऑब्जर्वेशन पर हो रही कार्यशाला का आज समापन हो गया। एसबीयू परिसर में हुई दो दिवसीय इस कार्यशाला में विभिन्न स्कूल-कॉलेजों के सैकड़ों विद्यार्थियों और शिक्षकों ने खगोलीय रहस्यों और घटनाओं के विषय में रोचक और नवीनतम जानकारियां प्राप्त की। साथ ही रात्रिकालीन खगोलीय अवलोकन के माध्यम से अंतरिक्ष और आकाशगंगा के बारे में जाना। कार्यशाला के प्रैक्टिकल सत्र के दौरान विभिन्न खगोलीय घटनाओं के प्रत्यक्ष अनुभव के लिए डॉबसोनियन, न्यूटोनियन एवं अन्य अत्याधुनिक टेलीस्कोप की सहायता ली गई। कार्यशाला के समापन के अवसर पर एसबीयू के माननीय महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक ने उपस्थित प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें सीखने की प्रक्रिया से लगातार जुड़े रहने की सलाह दी। भारत में चंद्रयान 2 की असफलता के बाद चंद्रयान-3 की सफलता का जिक्र करते हुए उन्होंने असफलता से न घबराते हुए सफलता के लिए लगातार डटे रहने की युवाओं से अपील की। निकट भविष्य में सरला बिरला विश्वविद्यालय में एयरोस्पेस इंजीनियरिंग कोर्स शुरू करने के विवि परिवार के प्रयासों पर भी उन्होंने जानकारी दी। अपने संबोधन में विवि के माननीय कुलपति प्रो सी जगनाथन ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत और भरतवंशियों की उपलब्धियों का जिक्र किया। उन्होंने कार्यशाला के उद्देश्यों पर भी संक्षेप में प्रकाश डाला। स्पेस सेक्टर में भरमार अवसरों पर भी उन्होंने जानकारी दी और इस क्षेत्र में अग्रणी भारत के विभिन्न संस्थानों के बारे मे बताया।

# पुरुलिया के गोंदली पोखर में कार और बाईक में सीधी टक्कर



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** पुरुलिया सड़क राजधानी होटल के बगल में बाईक और कार में सीधी टक्कर हो गया समाज सेवी राम पोदो महतो ने बताया की बाईक सवार चिलदाग का रहने वाला है सिकंदर महतो रांची से अपने घर चिलदाग जा रहा था और आई टेंन कार अन गडा की ओर से आ रही थी दुर्घटना में सिकेंदर महतो का पैर टूट गया जिससे घटना स्थल से राम पोदो ने अपने निजी कार से सीएचसी अंगड़ा पहुंचाया ।


**JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED**
**(CIN: U40108JH2013SGC001702)**
**ELECTRIC SUPPLY AREA, DHANBAD**
**COMBINED BUILDING, LUBY CIRCULAR ROAD, DHANBAD**

**Short Tender Notice**

Sealed Tenders in two part Part-I (Technical and Commercial) and Part-II (price part) subscribed on sealed envelope with lah are invited from reputed tenderers having good experience of following similar nature of Civil works and having sound financial status:

| SL No. | NIT No. | Name of work | Estimated cost (in Rs.) | Earnest money to be deposited (In Rs.) | Cost of BOQ GST Including 18% (non-refundable) (In Rs.) | Last date and time for submission of tender | date and time for opening of tender Part-I | Time of Completion (In days) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 289/PR/JBVNL/2024-25 | Construction of Battery Room at 33/11Kv PSS Hirapur, Dhanbad | 9,79,000/- | 19,600/- | 1,475/- | 13.02.2025 upto 02:30 PM | 14.02.2025 at 03:00PM | 05 (Five) Months |
| 2. | 290/PR/JBVNL/2024-25 | Provision of tiles , partition , putty and other allied works at Electric supply Sub-Division office building Nirsa-1, Dhanbad | 9,81,800/- | 19,700/- | 1,475/- | 13.02.2025 upto 02:30 PM | 14.02.2025 at 03:00PM | 3 (Three) Months |

Tender documents can be purchased from the office of undersigned on any working day till one day before the date of submission of tender in working hours after depositing cost of BOQ (Non-refundable) with *Accounts officer, Electric Supply Area, Dhanbad* in shape of Bank Draft.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें। कृपया अपनी शिकायतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager (Technical)
Electric Supply Area, Dhanbad

PR 345266 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(24-25)#D


# चैनपुर में बैंक ऑफ इंडिया के खिलाफ कांग्रेस प्रखंड कमेटी ने दिया धरना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चैनपुर :** चैनपुर में बैंक ऑफ इंडिया के खिलाफ प्रखंड कांग्रेस कमेटी चैनपुर के द्वारा मंगलवार को धरना प्रदर्शन किया गया। यह धरना प्रदर्शन चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के बैंक ऑफ इंडिया चैनपुर शाखा के समीप मंगलवार को निरंजन बड़ा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया था। इस धरना प्रदर्शन में खाताधारकों ने बैंक कर्मियों के द्वारा की जा रही मनमानी के खिलाफ शिकायतें कीं। उन्होंने बताया कि बैंक में कई समस्याएं हैं। जिसके कारण बैंक आफ इंडिया के खाता धारक काफी परेशान हो रहे हैं। आए दिन खाता धारक बैंक के मनमानी रवैया का शिकायत प्रखंड कांग्रेस कमेटी से करते रहते हैं जिसे लेकर आज धरना प्रदर्शन कर खाता धारों को बैंक आफ इंडिया के रवैया से हो रहे परेशानी से अवगत कराना मुख्य उद्देश्य है। बंद खाता को चालू कराने में परेशानीः खाताधारकों को अपने बंद खाता को चालू कराने के लिए कई बार ङ उ जमा करना पड़ रहा है, लेकिन फिर भी उनके खाता चालू नहीं किए जा रहे हैं। एक-एक खाता धारक पिछले तीन महीने से केवाईसी के लिए परेशान हो रहे हैं और लगातार बैंक का चक्कर काट रहे हैं। वहीं धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में बुजुर्ग महिलाओं ने बैंक आफ इंडिया के गार्ड पर दुर्व्यवहार करने को लात मारने का आरोप लगाते हुए बताया कि बैंक घुसने पर गार्ड काफी दुर्व्यवहार करता है वहीं गोली मार देने के बाद भी कहता है। बुजुर्ग महिलाएं बैंक ऑफ इंडिया का गार्डन करो भैया से काफी नाराज वह आहत है। पैसा निकासी में परेशानीः खाताधारकों को अपने खाता से पैसा निकासी करने के लिए लंबी लाइन लगानी पड़ रही है, और इसके बावजूद भी एक दिन में पैसा निकासी नहीं हो पा रहा है। के लोगों ने बताया कि ज्यादा पैसा का काम होने पर भी बैंक के द्वारा पैसा नहीं दिया जाता है जिससे हमें काफी परेशानी होती है। बुजुर्गों के लिए अलग काउंटर की मांगः माता-पिता व बूढ़े-बुजुर्ग को लंबी लाइन होने पर स्वास्थ्य संबंधी परेशानी हो रही है, पैसा निकासी केवाईसी अपडेट या बैंक में और कई कार्यों के लिए भी घंटे तक लंबी लाइन में खड़ा रहना पड़ता है जिससे बुजुर्गों को काफी परेशानी होती है इसलिए उनके लिए एक अलग काउंटर की व्यवस्था होनी चाहिए ताकि बुजुर्ग खाताधारक बिना परेशानी के बैंक में अपना कार्य करा सके। मृत्यु के बाद खाता संचालन में परेशानीः किसी खाताधारक की मृत्यु हो जाने पर उस खाताधारक के परिवार वालों के लिए भी पैसा नहीं मिल पा रहा है, और बैंक कर्मी के द्वारा आना-कानी किया जा रहा है।




**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गुमला**
**जिला परियोजना कार्यालय**
प्रशिक्षण–सह–उत्पादन केन्द्र बिल्डिंग, समाहरणालय परिसर, गुमला पिन–835207 ईमेल :ssa09gumla@gmail.com

पत्रांक .................... **आम सूचना** दिनांक ....................

शैक्षणिक सत्र 2025–26 में जिला के सभी 10 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं 02 झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय में बालिकाओं के नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ की जा चुकी है।

**जिला के सभी प्रखंडों में अवस्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय / झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय में कक्षा 6 से 12 में रिक्ति के विरूद्व नामांकन में निम्नांकित श्रेणी की बालिकाओं को प्राथमिकता प्रदान की जायेगी :–**

- विद्यालय से बाहर अथवा छीजित बालिका।
- आदिम जनजाति समूह की बालिका।
- ट्रैफिकिंग से प्रभावित बालिकाएँ।
- नक्सल प्रभावित बालिकाएँ एवं सूदूरवर्ती क्षेत्र में रहने वाली अनुसूचित जाति / जनजाति समुदाय की बालिका।
- अभिवंचित वर्ग की बालिकाओं यथा, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक समुदाय एवं वैसे परिवार की बालिका, जो गरीबी रेखा से नीचे हैं।"
- वास्तविक रूप से जरूरतमंद बालिका।

**कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय / झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय में नामांकन हेतु :–**

- जिला के कोई भी निवासी / जन सामान्य उक्त कोटि के बच्चियों की जानकारी होने पर संबंधित सूचना अपने पोषक क्षेत्र के नजदीकी विद्यालय के माध्यम अथवा सीधे निकटवर्ती कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय / झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय में कार्य अवधि में उपलब्ध करा सकते हैं।
- जिला स्तरीय पुलिस विभाग, बाल संरक्षण आयोग के जिला ईकाई कार्यालय, उपायुक्त कार्यालय एवं स्वयं सेवी संस्थाओं से उक्त प्रकार के बच्चियों की प्राप्त सूची को भी शामिल किया जायेगा।
- इसके अतिरिक्त विद्यालय प्रबंधन समिति (SMC) के सदस्यों से प्राप्त सूची एवं विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं के द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर छीजित बालिकाओं की सूची को भी शामिल किया जायेगा।
- विद्यालय स्तर पर प्राप्त सूची का प्रखंड चयन समिति द्वारा जांचोपरांत अनुशंसित / चयनित बालिकाओं की सूची झारखंड शिक्षा परियोजना कार्यालय, गुमला को दिनांक 18.02.2025 तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जायेगा।

विशेष जानकारी हेतु नजदीकी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय / झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय अथवा झारखंड शिक्षा परियोजना कार्यालय, गुमला में कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–
अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखंड शिक्षा परियोजना, गुमला।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गुमला

PR 345247 (Jharkhand Education Project Council)24-25*D

# धार्मिक ही नहीं साहित्य और पर्यटन का सांस्कृतिक आयोजन भी है महाकुंभ

**विवेक रंजन श्रीवास्तव**

कुंभ सदा से धार्मिक ही नहीं एक साहित्य और पर्यटन का सांस्कृतिक आयोजन रहा है और भविष्य में तकनीक के विकास के साथ और भी वृहद बनता जायेगा। इस वर्ष प्रयाग का कुंभ नये चैलेंज लिये आयोजित हो रहा है, हम सब की नैतिक व धार्मिक सामाजिक जिम्मेदारी है कि हम स्वयं का ख्याल व सावधानियां रखते हुये ही कुंभ स्नान व आयोजन में सहभागिता करें, क्योंकि यदि मन चंगा तो कठौती में गंगा। और मन तभी चंगा रह सकता है जब शरीर चंगा रहे।

भारतीय संस्कृति वैज्ञानिक दृष्टि तथा एक विचार के साथ विकसित हुई है। बारह ज्योतिर्लिंग, इक्यावन शक्ति पीठ, बद्रीनाथ, द्वारका, जगन्नाथपुरी, रामेश्वरम के चारों धाम के दर्शनों के अतिरिक्त हमारी संस्कृति में नदियों के संगम स्थलों पर मकर संक्रांति, चंद्र ग्रहण व सूर्यग्रहण के अवसरों पर पवित्र स्नान की भी परम्परायें हैं। चित्रकूट व गिरिराज पर्वतों की परिक्रमा, नर्मदा नदी की परिक्रमा जैसे अद्भुत उदाहरण हमारी धार्मिक आस्था की विविधता के साथ पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रामाणिक द्योतक हैं।

हरिद्वार, प्रयाग, नासिक तथा उज्जैन में आयोजित होते कुंभ के मेले तो मूलतः स्नान से मिलने वाली शारीरिक तथा मानसिक शुचिता को ही केंद्र में रखकर निर्धारित किये गये हैं। साथ ही ये पर्यटन को धार्मिकता से जोड़े जाने के विलक्षण उदाहरण हैं। ऐसे में स्नान को केंद्र में रखकर ही महाकुंभ जैसा विशाल और अद्भुत पर्व मनाया जा रहा है, जो हजारों वर्षो से हमारी संस्कृति का हिस्सा है। पीढ़ियों से जनमानस की धार्मिक भावनायें और आस्था कुंभ स्नान से जुड़ी हुई हैं। प्रयागराज के नैसर्गिक महत्व तथा माँ गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के अनुपम संगम के कारण प्रयाग कुंभ सदैव विशिष्ट ही रहा है।



प्रश्न है कि क्या कुंभ स्नान को मेले का स्वरूप देने के पीछे केवल नदी में डुबकी लगाना ही हमारे मनीषियों का उद्देश्य रहा होगा? इस तरह के आयोजनों को नियमित अंतराल पर निरंतर स्वस्फूर्त आयोजन करने की व्यवस्था बनाने का निहितार्थ समझने की आवश्यकता है। आज तो लोकतांत्रिक शासन है, हमारी ही चुनी हुई सरकारें हैं जो जनहितकारी व्यवस्था महाकुंभ हेतु कर रही है पर कुंभ के मेलों ने तो पराधीनता के युग भी देखे हैं, आक्रांता बादशाहों के समय में भी कुंभ संपन्न हुये हैं और इतिहास गवाह है कि तब भी तत्कालीन प्रशासनिक तंत्र को इन भव्य आयोजनों का व्यवस्था पक्ष देखना ही पड़ा। समाज और शासन को जोड़ने का यह उदाहरण शोधार्थियों की रुचि का विषय हो सकता है। वास्तव में कुंभ स्नान शुचिता का प्रतीक है, शारीरिक और मानसिक शुचिता का। जो साधु संतो के अखाड़े इन मेलों में एकत्रित होते हैं वहां सत्संग होता है, गुरु दीक्षायें दी जाती हैं। इन मेलों के माध्यम से आध्यात्मिक उन्नयन के लिये जनमानस तरह तरह के व्रत, संकल्प और प्रयास करता है। धार्मिक यात्रायें होती हैं। लोगों का मिलना जुलना, वैचारिक आदान प्रदान हो पाता है। धार्मिक पर्यटन हमारी संस्कृति की विशिष्टता है। पर्यटन नये अनुभव देता है साहित्य तथा नव विचारों को जन्म देता है, हजारों वर्षो से अनेक आक्रांताओं के हस्तक्षेप के बाद भी भारतीय संस्कृति अपने मूल्यों के साथ इन्ही मेलों समागमों से उत्पन्न अमृत ऊर्जा से ही अक्षुण्य बनी हुई है।

जब ऐसे विशाल, महीने भर की अवधि तक चलने वाले भव्य आयोजन संपन्न होते हैं तो जन सैलाब जुटता है। स्वाभाविक रूप से वहां धार्मिक सांस्कृतिक नृत्य, नाटक मण्डलियों के आयोजन भी होते हैं, कला विकसित होती है। प्रिंट मीडिया व आभासी दुनिया के संचार संसाधनो में आज इस आयोजन की व्यापक चर्चा हो रही है। लगभग हर अखबार प्रतिदिन कुंभ की खबरों तथा संबंधित साहित्य के परिशिष्ट से भरा दिखता है। अनेक पत्रिकाओं ने तो कुंभ के विशेषांक ही निकाले हैं। कुंभ पर केंद्रित वैचारिक संगोष्ठियां हो रही हैं, जिनमें साधु संतो, मनीषियों और जन सामान्य की, साहित्यकारों, लेखकों तथा कवियों की भागीदारी से विकीपीडिया और साहित्य संसार लाभान्वित हुआ है। कुंभ के बहाने साहित्यकारों, चिंतकों को आंचलिक, सामाजिक परिवर्तनों की समीक्षा का अवसर मिलता है। विगत के अच्छे बुरे के आकलन के साथ साथ भविष्य की योजनायें प्रस्तुत करने तथा देश व समाज के विकास की रणनीति तय करने, समय के साक्षी विद्वानों, साधु संतों, मठाधीशों के परस्पर शास्त्रार्थों के निचोड़ से समाज को लाभान्वित करने का मौका यह आयोजन सुलभ करवाता है। क्षेत्र का विकास होता है, व्यापार के अवसर बढ़ते हैं।

कुंभ सदा से धार्मिक ही नहीं एक साहित्य और पर्यटन का सांस्कृतिक आयोजन रहा है और भविष्य में तकनीक के विकास के साथ और भी वृहद बनता जायेगा। इस वर्ष प्रयाग का कुंभ नये चैलेंज लिये आयोजित हो रहा है, हम सब की नैतिक व धार्मिक सामाजिक जिम्मेदारी है कि हम स्वयं का ख्याल व सावधानियां रखते हुये ही कुंभ स्नान व आयोजन में सहभागिता करें, क्योंकि यदि मन चंगा तो कठौती में गंगा। और मन तभी चंगा रह सकता है जब शरीर चंगा रहे। प्रयागराज में आयोजित हो रहा महाकुंभ इसी धार्मिक पर्यटन, सांस्कृतिक कार्यों की हमारी विरासत का साक्षी बना हुआ है।

## संपादकीय

### दोहरा निशाना

मतभेदों का सम्मान किया जाना चाहिए और सद्भाव से रहने की कुंजी एकजुटता है। यह कहना है राष्ट्रीय स्वयं सेवक प्रमुख मोहन भागवत ने महाराष्ट्र के भिवंडी में गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान ध्वाजारोहण के बाद कही। भागवत ने विविधा के संदर्भ में कहा कि गणतंत्र दिवस उत्सव के साथ-साथ राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारियों को याद करने का अवसर भी है। किसी को दबाया नहीं जाना चाहिए, आपकी अपनी विशेषताएं हो सकती हैं मगर आपको दूसरों के प्रति अच्छा व्यवहार करना चाहिए। यदि आपका परिवार दुखी है तो आप खुश नहीं रह सकते। अगर आप जीना चाहते हैं तो सामंजस्यपूर्ण जीवन जीना चाहिए। कुछ ही समय पहले भागवत द्वारा हर धर्म के देवी-देवताओं के सम्मान की भी बात की गई थी, जिस पर विवाद छिड़ गया था। सौहार्द और जिम्मेदारियों को लेकर की गई उनकी बात को लेकर एक बार फिर संदेह किया जा सकता है। संघ के तौर-तरीकों व विवादास्पद विचारों की बजाए भागवत का एकजुटता को लेकर दिया गया भाषण रणनीति भरा व दूरदर्शितापूर्ण कहा जा सकता है। मगर उनके विरोधियों को यह रास नहीं आ सकता। बहुसंख्यकों के हितों पर मुखर रूप से बोलने वाले भागवत अब देश में सभी को साथ रहने और इसे भारत की संस्कृति बताते हैं। हालांकि पिछले दिनों राम मंदिर निर्माण को देश की दूसरी आजादी से जोड़ने वाले उनके बयान पर कांग्रेस ने तल्ख टिप्पणी की थी। आरोप लगाया था कि वे संविधान को आजादी का प्रतीक नहीं मानते। यह कहना गलत नहीं है कि भागवत हिन्दुओं के नेता बनने की ललक के चलते विरोधाभाषी या विवादास्पद बयानबाजी करने से चूकना नहीं चाहते। भाजपा के संघ को दरकिनार करने के संकेतों से निपटने के लिहाज से भी वह पलटवार करते नजर आते हैं। कभी एक-दूसरे के पूरक रहे भाजपा व संघ के मतभेदों को पाटने के उनके ये प्रयास भी हो सकते हैं। कड़वी गोलियों के दरम्यान कुछ मीठी चीजों को पलोभन के लिहाज से देते रहना भागवत की रणनीति का हिस्सा भी हो सकता है। विपटल पर अपनी छवि सुधारने और जनता के समक्ष अपना महत्त्व बनाये रखने के हथकंडों की उन्हें जरूरत है। जिस सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के बीज के दम पर भाजपा की फसल लहलहा रही है। उन बीज को संघ प्रमुख बेकार नहीं होने देना चाहेंगे, न ही उनके उन्नत संस्करणों पर पूरी तरह सत्ताधारी दल को काबिज ही होने देना चाहेंगे। विविधता व सामंजस्य की बात कर वह एक तीर से दो निशाने साधते नजर आ रहे हैं।


## चिंतन-मनन

### जो हो रहा है उसके जिम्मेदार हम खुद हैं

हम मनुष्यों की एक सामान्य सी आदत है कि दुःख की घड़ी में विचलित हो उठते हैं और परिस्थितियों का कसूरवार भगवान को मान लेते हैं। भगवान को कोसते रहते हैं कि हे भगवान हमने आपका क्या बिगाड़ा जो हमें यह दिन देखना पड़ रहा है। गीता में श्री कृष्ण ने कहा है कि जीव बार-बार अपने कर्मों के अनुसार अलग-अलग योनी और शरीर प्राप्त करता है। यह सिलसिला तब तक चलता है जब तक जीवात्मा परमात्मा से साक्षात्कार नहीं कर लेता। इसलिए जो कुछ भी संसार में होता है या व्यक्ति के साथ घटित होता है उसका जिम्मेदार जीव खुद होता है। संसार में कुछ भी अपने आप नहीं होता है। हमें जो कुछ भी प्राप्त होता है वह कर्मों का फल है। ईश्वर तो कमल के फूल के समान है जो संसार में होते हुए भी संसार में लिप्त नहीं होता है। ईश्वर न तो किसी को दु?ख देता है और न सुख।

इस संदर्भ में एक कथा प्रस्तुत है? गौतमी नामक एक वृद्धा ब्राह्मणी थी। जिसका एक मात्र सहारा उसका पुत्र था। ब्राह्मणी अपने पुत्र से अत्यंत स्नेह करती थी। एक दिन एक सर्प ने ब्राह्मणी के पुत्र को डंस लिया। पुत्र की मृत्यु से ब्रह्मणी व्याकुल होकर विलाप करने लगी। पुत्र को डंसने वाले सांप के ऊपर उसे बहुत प्रोध आ रहा था। सर्प को सजा देने के लिए ब्राह्मणी ने एक सपेरे को बुलाया। सपेरे ने सांप को पकड़ कर ब्राहाणी के सामने लाकर कहा कि इसी सांप ने तुम्हारे पुत्र को डंसा है, इसे मार दो। ब्राह्मणी ने संपरे से कहा कि इसे मारने से मेरा पुत्र जीवित नहीं होगा। सांप को तुम्ही ले जाओ और जो उचित समझो सो करो। सपेरा सांप को जंगल में ले आया। सांप को मारने के लिए सपेरे ने जैसे ही पत्थर उठाया, सांप ने कहा मुझे क्यों मारते हो, मैंने तो वही किया जो काल ने कहा था। सपेरे ने काल को ढूंढा और बोला तुमने सर्प को ब्राह्मणी के बच्चे को डंसने के लिए क्यों कहा। काल ने कहा ब्राह्मणी के पुत्र का कर्म फल यही था। मेरा कोई कसूर नहीं है। सपेरा कर्म के पहुंचा और पूछा तुमने ऐसा बुरा कर्म क्यों किया। कर्म ने कहा मुझ से क्यों पूछते हो, वह तो मरने वाले से पूछो मैं तो जड़ हूं। इसके बाद सपेरा ब्राह्मणी के पुत्र की आत्मा के पास पहुंचा। आत्मा ने कहा सभी ठीक कहते हैं। मैंने ही वह कर्म किया था जिसकी वजह से मुझे सर्प ने डंसा, इसके लिए कोई अन्य दोषी नहीं है। महाभारत के युद्ध में अर्जुन ने भीष्म को बाणों से छलनी कर दिया और भीष्म पितामह को बाणों की शैय्या पर सोना पड़ा। इसके पीछे भी भीष्म पितामह के कर्म का फल ही था। बाणों की शैय्या पर लेटे हुए भीष्म ने जब श्री कृष्ण से पूछा, किस अपराध के कारण मुझे

# यूसीसी की प्रयोगशाला है उत्तराखंड



राकेश अचल



देश पर शासन करने वाली भाजपा और उसके सहयोगी दल सबको साथ लेकर सबका विकास करना ही नहीं चाहते ,इसका सबसे बड़ा प्रमाण है यूसीसी का उत्तराखंड में जबरन लागू किया जाना। भाजपा ने उत्तराखड को यूसीसी की प्रयोगशाला बना दिया है। केंद्र यदि चाहता तो इस नए कानून को उत्तर प्रदेश समेत देश के उन तमाम राज्यों में एक साथ लागू करा सकता था जहाँ कि भाजपा की सरकारें है। लेकिन ऐसा नहीं किया गया ,क्योंकि केंद्र उत्तराखंड में इस कानून के नतीजे देखना चाहती है। इस कानून को अदालती परीक्षण से भी गुजरना चाहती है।

यूसीसी यानि समान नागरिक संहिता लागू करना भाजपा और संघ का बहुत पुराना सपना है। भाजपा के जरिये संघ अपने पुराने सपनों में खरामा-खरामा रंग भरने में जुटा है। छह साल पहले संघ ने भाजपा के जरिये जम्मू-कश्मीर से संविधान की धारा 370 हटाई और अब बारी समान नागरिक संहिता की है।भाजपा देश की विविधता को एक ही रंग में रंगना चाहती है और वो रंग है भगवा रंग। भाजपा को देश में एक भाषा,एक भूषा,एक खाना,एक चुनाव यानि सब कुछ एक चाहिए। अगर कुछ एक नहीं चाहिए तो वो है मुसलमानों की मौजूदगी।

मुझे भाजपा के इस अभियान से कोई आपत्ति नहीं है। भाजपा इस समय भारत -भाग्य विधाता है। वो जो चाहे सो करे ,कर सकती है। सत्ता उसके हाथ में है। लेकिन भाजपा भूल रही है कि पूरा देश उसके हाथ में नहीं है। केंद्र को यानि भाजपा को एक सम्मान नागरिक संहिता लागू करने से पहले ये जान लेना चाहिए कि देश में अलग-अलग क्षेत्रों की ,जातियों की परम्पराएं ,रीति-रिवाज एक नहीं है। उनमें दखल देना अक्षम्य अपराध है ,लेकिन भाजपा का चरित्र ही एक -दूसरे के मजहब में मदाखलत करने का है। इसके लिए भाजपा रोज नए रास्ते तलाश करती रहती है। पिछले दस साल से भाजपा यही सब तो कर रही है। इस मामले में भाजपा के अनुसन्धान निकाय का लोहा मानना पड़ेगा।

देश में एक सामान नागरिक संहिता और एक चुनाव ,एक भाषा लागू करने से पहले देश की तमाम आबादी का सामाजिक,शैक्षणिक और आर्थिक स्तर भी एक समान करना होगा। भाजपा भूल जाती है कि अभी देश में समानता से ज्यादा असमानता यानि की गैर बराबरी है। देश में आधी आबादी के पास न दो जून की रोटी है और न सिर पर छत या छप्पर। तन पर कपड़ा भी नहीं है। हर हाथ को काम भी नहीं है। 80 करोड़ जनता तो सरकार के पांच किलो अन्न पर जीवित है ,ऐसे में यूसीसी कैसे लागू की जा सकती है ? लेकिन इसका बिस्मिल्लाह उत्तराखंड से हो गया है क्योंकि इस सूबे में यूसीसी से प्रभावित होने वालों की तादाद कमोवेश कम है और यहां इसका ज्यादा विरोध भी नहीं हो पायेगा ,होगा भी तो उससे निबट लिया जाएगा। भाजपा की सरकार के दुस्साहस का लोहा मै शुरू से मानता आया हूँ। लेकिन भाजपा में अभी इतना साहस नहीं है कि वो यूसीसी को उत्तर प्रदेश या केरल जैसे राज्यों में लागू कर दिखाए। इसके लिए भाजपा को एक -दो जन्म और लेना पड़ेंगे। भाजपा चूंकि संघ का उत्पाद है इसलिए उसे एक-दो जन्म लेने में भी कोई संकोच नहीं होगा। भाजपा को पुनः मूषक होने की आदत है। आपको याद होगा कि इसी भाजपा की अखंड,प्रचंड बहुमत वाली सरकार ने कुछ समय पहले किसनों के लिए तीन विवादास्पद कानून बनाये थे,लेकिन जब उनका देशव्यापी विरोध हुआ तब ये तीनों कानून वापस भी लेना पड़े ,ये बात और है कि भाजपा की सरकार ने कानून वापस लेने से पहले देश के 700 किसानों की बलि ले ' यूसीसी भी न जाने कितने बलिदान लेकर मानेगी

केंद्र सरकार की कोशिश है कि देश में शांति न रहे। कुछ न कुछ ऐसा होता रहे जिससे लोग चैन से न सो सकें। अब केंद्र उत्तराखंड में यूसीसी लागू करने के बाद वक्फ बोर्ड में गैर मुस्लिमों की घुसपैठ के साथ ही उसके मुकाबिल सनातन बोर्ड के गठन की रूपरेखा पर अमल करने वाले हैं। इस साल का महाकुम्भ इसका प्रयोग स्थल है। धर्म के ठेकेदार इस समय देश की सत्ता को संगम स्नान करने में लगे हुए हैं। सत्ता के एजेंडे पर काम करने में इन अखाड़ा प्रमुखों को कोई संकोच नहीं है। बल्कि देश के गृहमंत्री को गंगा स्नान करने में इन्हें अपना मोक्ष नजर आ रहा है। यानि सनातन धर्म भी अब सत्ता के समाने घुटनों के बल बैठ चुका है। गंगा ने शायद कभी हिन्दू-मुसलमान नहीं किया। उसमें सभी को नहाने की छूट दी,वो सभी के पाप धो देती है ,फिर चाहे वो चोर हो,जेबकट हो ,हत्यारा हो ,तड़ीपार हो। गंगा कभी ये नहीं कहती कि पहले हिन्दू बनकर आओ तभी मुझमें डुबकी लगाओ। लेकिन गंगा पुत्रों ने यही कोशिश की है कि गंगा को विधर्मी स्पर्श न कर लें। राजनीती करने वाले और धर्म के नाम पर दुकाने चलने वाले गंगा जैसी उदारता आखिर कहाँ से ला सकते हैं।

मुझे हैरानी होती है देश कि सबसे बड़ी अदालत के मौन पर ,क्योंकि देश की सबसे बड़ी अदालत ही अतीत में यूसीसी को डैड लैटर कह चुकी है लेकिन जब इसी कानून को उत्तराखंड में लागू किया जाता है तो सबसे बड़ी अदलात मौन साध लेती है। अब कोई जाये ,इस कानून को चुनौती दे ,तब शायद सबसे बड़ी अदालत इस कानून के सामविधान विरोधी चरित्र की समीक्षा करे। संविधान ने देश में 18 साल के बच्चों को मताधिकार दे दिया लेकिन यूसीसी इस उम्र के बच्चों को अपने मन से अपने जीवन साथी को चुनने का अधिकार नहीं देता। ये कानून कहता है कि यदि किसी बालिग को किसी के साथ लिव इन रिलेशन में रहना है तो पहले मम्मी-पापा से इजाजत लेकर आओ। क्या कमाल का प्रावधान है भाई!

बहरहाल उत्तराखंड की जनता को यूसीसी मुबारक हो। उत्तराखंड देवभूमि है। देवता हिन्दू-मुसलमान करते हैं या नहीं ,ये मै नहीं जानता। लेकिन मुझे इतना पता है कि ये कानून देश की समरसता को प्रभावित करेगा,इसलिए भाजपा को आग का ये खेल खेलने से पहले एक बार फिर इस कानून पर पुनर्विचार करना चाहिये। हम केवल सुझाव दे सकते हैं,सरकार का हाथ नहीं पकड़ सकत। ये काम तो जनता का है। जनता अपना काम करे या न करे, जनता की मर्जी है।

# भारत के कंधों पर ही विश्व का मार्गदर्शन करने की जिम्मेदारी : भागवत



ऋतुपर्ण दवे

दरअसल दिल्ली विधानसभा चुनाव, गठन के बाद से ही बेहद अलग, दिलचस्प और इतर राजनीतिक पहचान को लेकर चर्चित रहे हैं। यह सही है कि मौजूदा सरकार के सुप्रीमों केजरीवाल जैसी मुफ्त की रेवड़ियों का वादा सभी पार्टियां और राज्य न केवल करने लगे हैं बल्कि पूरा भी करते हैं। ऐसे में इस बार के चुनाव वाकई दिल्ली वालों के लिए हर हाथ में लड्डू जैसे होंगे। इतना है कि इस बार मुकाबला न केवल कांटे का बल्कि त्रिकोणीय सा बनता जा रहा है। लेकिन यह भी सच है कि सरकार किसी की बने लुभावनी योजनाओं का अंबार होगा। इससे दिल्ली की कितनी तकदीर बदलेगी यही देखने लायक होगा।

दिल्ली का चुनावी सफर भी दिलचस्प है। 1952 में पहली बार राज्य विधानसभा का गठन हुआ तब 48 सीटें थीं। कांग्रेस ने 36 सीटों पर जबरदस्त जीत दर्ज की। 34 वर्ष के चौधरी ब्रम्ह प्रकाश मुख्यमंत्री बने जो नेहरू जी की पसंद थे। दरअसल कांग्रेस देशबंधु गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाना चाह रही थी लेकिन एक हादसे में उनकी मृत्यु के चलते ब्रम्ह प्रकाश एक्सीडेण्टल मुख्यमंत्री बने। बेहद साधारण पृष्ठभूमि से आने वाले रेवाड़ी के निवासी ब्रम्ह प्रकाश कभी भी मुख्यमंत्री आवास में नहीं रहे। बिना तामझाम काम करते और जनसाधारण के बीच रहते। 1955 में कांग्रेस ने गुरमुख निहाल सिंह को मुख्यमंत्री बनाया जो 1956 तक रहे। राज्य पुनर्गठन आयोग की सिफारिशों के चलते साल भर बाद दिल्ली विधानसभा भंग हुई। 1966 में इसकी जगह मेट्रोपोलिटन कार्उसिल बनी। इसमें 56 निर्वाचित और पांच मनोनीत सदस्यों का प्रावधान था। लेकिन 1991 में 69वें संविधान संशोधन के जरिए दिल्ली विधानसभा की व्यवस्था हुई और 1992 में परिसीमन और 1993 में चुनाव हुए।

1993 में भाजपा बहुमत में आई। मदन लाल खुराना मुख्यमंत्री बने और 1956 के बाद दिल्ली को कोई मुख्यमंत्री मिला। लेकिन 5 साल में 3 मुख्यमंत्री बदले गए। खुराना को घोटाले के आरोपों के चलते कुर्सी छोड़नी पड़ी फिर साहिब सिंह वर्मा आए और महंगाई के मुद्दे पर ऐसे घिरे कि उन्हें भी इस्तीफा देना पड़ा। इनके बाद सुषमा स्वराज को कमान मिली जो महज 52 दिन मुख्यमंत्री रहीं।

1998 के चुनाव में भाजपा ने सुषमा स्वराज को तो कांग्रेस ने शीला दीक्षित को आगे किया। कांग्रेस की जीत हुई और शीला दीक्षित मुख्यमंत्री बनीं। दिल्ली में फ्लाई ओवरों का जाल, मेट्रो रेल का विस्तार, डीजल की जगह सीएनजी के उपयोग को बढ़ावा और हरियाली पर खास ध्यान सहित दूसरे काम उनकी पहचान बने। 1998 से 2013 तक तीन बार लगातार दिल्ली की सत्ता पर कांग्रेस और शीला दीक्षित काबिज रहीं। इस बीच 2011 में जन लोकपाल विधेयक की मांग पर दिल्ली में अन्ना आंदोलन हुआ। अप्रेल में 5 दिन का आमरण अनशन और दोबारा 16 अगस्त से फिर अनशन बैठते ही देश भर में आन्दोलनों की दस्तक हुई। आखिर संसद में बिल पास हुआ और देखते-देखते अरविन्द केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह, आतिशी और कई चेहरे भारतीय राजनीति के नए हीरो बन गए। आम आदमी पार्टी ने 2013 का दिल्ली चुनाव लड़ा और 15 वर्षों से काबिज कांग्रेस सरकार गिरा दी। 70 सीटों में भाजपा ने 32 जीती फिर भी बहुमत से दूर रही। आम आदमी पार्टी 28 सीटें जीतने के बाद कांग्रेस की 7 सीटों के समर्थन से सरकार बनाने में कामियाब रही और अन्ना आन्दोलन से उपजे केजरीवाल पहली बार मुख्यमंत्री बने।

कहते हैं राजनीति शह-मात का खेल है। आप और कांग्रेस की नहीं निभी। आखिर 49 दिन में सरकार गिर गई और राष्ट्रपति शासन लग गया। 2015 में फिर चुनाव हुए। इसमें दिल वालों की दिल्ली ने केजरीवाल पर अपनी उम्मीदों की बख्शीस खूब लुटाई। 70 में से 67 रिकॉर्ड सीटें जीतकर केजरीवाल भारतीय राजनीति के नए सितारे बन गए। भाजपा केवल 3 सीटें तो कांग्रेस खाता भी नहीं खोल पाई। केजरीवाल भी अपनी तमाम घोषणाओं पर अमल करते रहे। नतीजन 2020 में एक बार आम फिर आदमी पार्टी ने 62 सीटें तो भाजपा 8 से आगे नहीं बढ़ पाई। कांग्रेस शून्य पर ही रही। लुभावनी योजनाओं का असर दिखा। आप को फिर बहुमत मिला और केजरीवाल मुख्यमंत्री बने। इसके बाद विवादों में घिरे, जेल गए और मुख्यमंत्री पद छोड़ा। अब दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी भले हैं लेकिन पार्टी सुप्रीमो केजरीवाल ही हैं।

बेहतरीन सरकारी स्कूल, मोहल्ला क्लीनिक, महिलाओं को मुफ्त बस सुविधा, 200 यूनिट बिजली फ्री, 20 हजार लीटर मुफ्त पानी, बुजुर्गों का मुफ्त तीर्थ दर्शन जैसी अन्य योजनाओं के साथ नई-नई घोषणाएं करते केजरीवाल तो 1998 से 2013 तक के कार्यकाल को दिल्ली का स्वर्णिम काल बता कांग्रेस असली विकास और उपलब्धियां गिनाते नहीं थकती, आगे तमाम मुफ्त योजनाओं से भी परहेज करते नहीं दिखती। वहीं भाजपा मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र की तर्ज पर महिलाओं को हर महीने धनराशि देने, मौजूदा योजनाओं को न केवल जारी रखने बल्कि उसमें बढ़ोत्तरी करने जैसा संकल्प यानी एक से एक




लुभावनी घोषणाओं का पिटारा खोल आम आदमी पार्टी को चुनौती देने में कोई कसर छोड़ते नहीं दिखती। मुफ्त की रेवड़ियों, लोक-लुभावन घोषणाओं के बीच दिल्ली का प्रदूषण, यमुना की गंदगी, बदहाल सड़कें, बरसात में डूबते पुल-पुलिया, पीने के पानी की किल्लत, बढ़ते अपराध और इन सबसे ऊपर दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा जैसे अहम मुद्दे काफी पीछे छूट गए हैं। काश! एक करोड़ की आबादी खातिर मौजूदा संसाधनों वाली दिल्ली में तीन करोड़ लोग कैसे रहते हैं को देखने, सुनने वाले जैसे आम आदमी के मुद्दों की भी बात होती! लेकिन फिलाहाल माल-ए-मुफ्त, दिल-ए-बेरहम की तर्ज पर मतदाताओं को लुभाने में कोई पीछे नहीं दिखता। अब दिल्ली की बात कौन करे? देखने लायक होगा कि त्रिकोणीय मुकाबले में कौन किसको कितना नुकसान पहुंचाता है और बाजी जीतता है।

एक नजर

## रेलवे मजिस्ट्रेट ने चलाया सघन टिकट जांच अभियान



**साहिबगंज :** साहिबगंज रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर मंगलवार को संघन टिकट जांच अभियान चलाया गया। रेलवे मजिस्ट्रेट राहुल कुमार के नेतृत्व में चले संघन टिकट जांच अभियान के दौरान कई बेटिकट यात्रियों से जुमार्ना वसूला गया। आगे से बिना टिकट के प्लेटफॉर्म में प्रवेश नहीं करने की हिदायत दी गई। संघन टिकट जांच अभियान के दौरान करीब दो दर्जन यात्रियों से जुमार्ना वसूला गया। अभियान में भागलपुर व मालदा से विशेष टिकट जांच के लिए टीटी का दल यहां पहुंचा था। मौके पर एरिया मैनेजर प्रवीण कुमार, एसएस राजहंस पाठक, प्रेम शंकर पासवान, आरपीएफ इंस्पेक्टर क्रिस्टोफर किस्कू सहित अन्य कई मौजूद थे।

## समय पर राशन नहीं बांटने पर चार पीडीएस दुकानदारों को नोटिस

**साहिबगंज/मंडरो :** प्रखंड सभागार में जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुन्नू मिश्रा की अध्यक्षता और बीडीओ मेघनाथ उरांव की उपस्थिति में जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के साथ समीक्षा बैठक हुई। बैठक में अनाज, दाल, नमक, धोती, साड़ी और चीनी के वितरण की समीक्षा की गई और मृतकों के नाम विलोपन पर चर्चा हुई। डीएसओ ने विक्रेताओं को ऑनलाइन वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया और चेतावनी दी कि उल्लंघन पर कार्रवाई होगी। समय पर राशन न बांटने पर चार दुकानदारों से स्पष्टीकरण मांगा गया। वहीं, पीरामल फाउंडेशन के अजय कुमार केशरी ने फाइलेरिया उन्मूलन अभियान (10 फरवरी से चलने वाले) की जानकारी दी।मौके पर प्रभारी एजीएम मनमोहन किस्कू,गणपति साह, पप्पू जयसवाल, बलिराम भगत, रुपेश कुमार चौधरी, पारस रजक, मौजूद थे।

# विधायक ने शिक्षा मंत्री से की मांग महिला शिक्षा की सुविधाओं में हो इजाफा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरहरवा :** विधायक निशात आलम ने मंगलवार को झारखंड सरकार के नगर विकास, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग तथा पर्यटन एवं कला संस्कृति विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू से रांची उनके कार्यालय में मुलाकात कर अपने क्षेत्र के समस्याओं को अवगत कराया। विधायक निशात आलम ने बताया कि पाकुड़ के.के.एम. महाविद्यालय में पीजी की पढ़ाई लंबे समय से नहीं हो रही है यहां के छात्र-छात्राओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिस कारण वे लोग उच्च शिक्षा हासिल नहीं कर पा रहे हैं। साहिबगंज जिले के बरहरवा प्रखंड में एक भी महिला महाविद्यालय नहीं है, यहां के बच्चियों को काफी परेशानी हो रही है इसलिए यहां पर एक महिला महाविद्यालय की स्थापना करने की जरूरत है। बी.एस.के. महाविद्यालय बरहरवा में शिक्षकों की कमी को दूर करने की भी मांग किया है। पाकुड़ नगर परिषद तथा बरहरवा पंचायत के विभिन्न समस्याओं से भी अवगत कराया। उक्त मौके पर झारखंड कांग्रेस प्रदेश महासचिव तनवीर आलम भी मौजूद रहे।


## ट्रैक्टर पलटने से किशोर की मौत



**साहिबगंज/मंडरो :** मिजाचौकी थाना क्षेत्र के बड़तल्ला पंचायत के बांसकोला गांव के पास सोमवार की देर रात्रि एक ट्रैक्टर पलटने से एक किशोर की मौके पर मौत हो गई। हादसे में मृत ताला बाबू हेंब्रम 15 वर्षीय मिर्जा संथाली गांव का रहने वाला था। मृतक के पिता विश्वा हेंब्रम ने बताया कि उनका बेटा सोमवार की रात्रि अपने तीन साथियों के साथ ट्रैक्टर पर पुआल लोड कर लोहर बेड़ा गांव पहुंचा कर लौट रहा था। तभी अचानक बांसकोला गांव के समीप ट्रैक्टर चालक संतुलन खोकर एक पुलिया के नीचे जा गिरा। हादसे में मौके पर ही उनके बेटे की मौत हो गई। घटना में चालक सहित दो अन्य लोग किसी तरह ट्रैक्टर से कूद कर जान बचाने में कामयाब रहे। घटना की सूचना मिजाचौकी थाना प्रभारी रुपेश कुमार यादव को मिलने पर एसआई अमेरिका राम को पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर भेजा।

संक्षिप्त खबरें

## हरि साधना आश्रम में वार्षिक अनुष्ठान की तैयारी, होता है साधुओं का महाजुटान



**पटमदा :** आस्था के केंद्र के रूप में क्षेत्र में प्रसिद्ध पटमदा के बिडरा पंचायत के दगड़ीगोंडा गांव में स्थित श्री श्री हरि साधना आश्रम जहां प्रत्येक वर्ष तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान में होता हैं साधु महंतों का महाजुटान। इस आश्रम के संचालक शंभू दास गोस्वामी में जानकारी देते हुए कहा है आश्रम में आठ फरवरी से दस फरवरी तक तीन दिवसीय अनुष्ठान का आयोजन आश्रम के सौजन्य से किया जा रहा हैं। आठ फरवरी को उद्घाटन समारोह रखा गया है। जिसमें भागवत पाठ,लीला कीर्तन सहित कई कार्यक्रम आयोजित होगा। अनुष्ठान में मुख्य रूप से शामिल महंत साधुओं में चरण बाबा,शिवा नन्द बाबा,नरुत्तम दास मुख्य प्रवचन करेंगे। वही अनुष्ठान में पूजा पाठ गुणधर घोषाल के द्वारा संपन्न होगा। आठ फरवरी के उद्घाटन समारोह में मुख्य रूप में जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी, ईचागढ़ विधायिका सविता महतो,मोहन कर्मकार,समाजसेवी आस्तिक महतो,समाजसेवी विकास सिंह,राजू गिरी, प्रमोद लाल, उर्मिला माता, बुलू रानी गोस्वामी सहित कई गणमान्य लोग ओर ग्रामीण श्रद्धालु ओर साधु संत शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि समाजसेवी विकास सिंह के द्वारा साधुओं के बीच कंबल का वितरण किया जाएगा। जबकि आश्रम परिवार के और से श्रद्धालुओं के लिए तीनों दिन भंडारा (सेवा)का आयोजन किया गया है।

## दियारा में अपराधियों ने एक युवक को मारी गोली



**साहिबगंज :** बिहार के बरारी थाना क्षेत्र के गदाई दियारा में सोमवार की रात 15 से 20 अपराधियों ने एक युवक को गोली मार दी। इससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने घायल युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज में भर्ती कराया है। जहां डॉक्टर प्रशांत कुमार ने प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। घायल युवक बिहार के पीरपैंती के बकिया दियारा के रहने वाले नागेश्वर महतो का पुत्र लालू कुमार महतो (35) वर्षीय है। वहीं घायल यूवक के पिता नागेश्वर महतो ने बताया कि उसका पुत्र गदाई दियारा अपने मकई के खेत में पानी पटा रहा था। तभी 15 से 20 लोगो ने उसे वहां से कहीं ले जाकर मारपीट किया गया। इसका विरोध करने पर अपराधियों में से एक युवक ने उसे गोली मार दिया। गोली युवक के कमर के ऊपर लगी है। डॉक्टर प्रशांत कुमार ने बताया कि यूवक को पिलेट से गोली लगी है और गोली घायल के कमर के ठीक ऊपर लगी है। डॉक्टर ने अंदेशा जताया है कि गोली अंदर फंसा है और एक्सरे के बाद ही यह साफ हो सकेगा। संबंधित थाना पुलिस को मामले की जानकारी दे दी गई है। पुलिस अस्पताल पहुंचकर जांच में जुटी है।

## दुर्घटना संभावित मार्ग पर सड़क सुरक्षा उपकरण एवं मरम्मत के हुए काम



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** सड़क सुरक्षा माह 2025 के तहत आज साहिबगंज जिले के प्रमुख दुर्घटना संभावित मार्ग एवं ब्लैक स्पॉट प्वाइंट पर सड़क सुरक्षा उपकरण एवं मरम्मती का कार्य किया गया। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 को लेकर साहिबगंज स्थित प्रमुख दुर्घटनाग्रस्त मार्ग एवं ब्लैक स्पॉट पर सहायक अभियंता पथ निर्माण विभाग रामेश्वर मुर्मू, जूनियर इंजीनियर महेश दत्त शुक्ला के साथ साहिबगंज जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज कुमार साह, रोड इंजीनियर एनालिस्ट अनुज पराशर एवं आईटी सहायक राजहंस द्वारा सभी प्रमुख मार्ग का भ्रमण किया गया एवं चिन्हित स्थान पर सड़क सुरक्षा मानक दृष्टि से सड़क सुरक्षा उपकरण जैसे कैट आई, सूचनात्मक साइन बोर्ड, स्पीड लिमिट बोर्ड, स्ट्रीट लाइट, पॉट होल की मरम्मती, रोड बैरियर, शेवरोंन साइन बोर्ड आदि लगाया एवं निर्माण कार्य जारी किया गया। सड़क पर दुर्घटना को कम करने हेतु सड़क सुरक्षा उपकरण साइन बोर्ड आदि लगाया जा रहा है जिससे यातायात करने वालों को सूचना स्पीड लिमिट आदि दिखाई दे जिससे वाहन चालक यातायात नियमों का पालन कर दुर्घटना से बचा जा सकता है।

# न्यायालय परिसर में लोगों को साइबर क्राइम की दी गई जानकारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**साहिबगंज :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निदेर्शानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज के अध्यक्ष अखिल कुमार के मार्गदर्शन में 90 दिवसीय डोर-टू-डोर जागरूकता अभियान के तहत विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन न्यायालय परिसर में किया गया। इस दौरान भारतीय स्टेट बैंक के प्रतिनिधि संजीव कुमार व अन्य द्वारा साइबर अपराध के वर्तमान स्थिति को देखते हुए संबंधित जानकारियां दी गई एवं लोगों को सचेत करते हुए साइबर क्राइम पर चर्चा की गई एवं बताया गया कि किसी भी अनजाने नंबरों से कॉल आती है तो ऐसी स्थिति में ओटीपी भूल से भी ना बताएं। साइबर अपराध का नया ट्रेंड डिजिटल अरेस्ट है। फेसबुक, सोशल मीडिया पर अनजानो से दोस्ती ना करें। फर्जी लोन ऐप मोबाइल में इंस्टॉल ना करें। गूगल पर पड़े फर्जी हेल्पलाइन नंबर से बचे एवं फेक नोटिस दस्तावेज से सावधान रहें। फिर भी अगर किसी व्यक्ति के साथ साइबर अपराध जैसी घटना होती है तो ऐसी स्थिति में सबसे पहले उन्हें 1930 डायल कर अपनी शिकायत दर्ज कराएं। प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायलय संजय कुमार उपाध्याय, जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रथम धीरज कुमार, जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश द्वितीय बिरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय शेखर कुमार, सिनियर सिविल जज सह न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी राजेश श्रीवास्तव, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार, प्रथम श्रेणी सुमित कुमार वर्मा, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रेम नाथ तिवारी अधिवक्तागण, न्यायालय कर्मी, पिएलवी व अन्य उपस्थित थे।

# उत्तर प्रदेश

# मौनी अमावस्या से पहले अयोध्या-काशी में 25 लाख श्रद्धालु

### बाबा विश्वनाथ के कपाट रात 2.45 से खुले, 3 किमी. लाइन, अयोध्या में बॉर्डर पर वाहन रोके







वाराणसी। मौनी अमावस्या से पहले वाराणसी और अयोध्या में 25 लाख श्रद्धालु पहुंच चुके हैं। श्रद्धालुओं की भीड़ चलते पहली बार सामान्य दिनों में काशी विश्वनाथ मंदिर 22 घंटे खोला गया। वहीं ट्रैफिक कंट्रोल को 100 अफसर सड़क पर उतरे हुए हैं। सोमवार आधी रात 1 बजे बाबा विश्वनाथ के गर्भगृह के पट बंद किए गए तो मंगलवार की भोर रात 2:45 बजे मंगला आरती के लिए मंदिर खुल गया। बाबा के भव्य अभिषेक और मंगला आरती के बाद आम श्रद्धालुओं के लिए फिर दर्शन शुरू हो गए। इस दौरान 3 किमी लंबी लाइन में श्रद्धालु खड़े रहे। वहीं अयोध्या में मंगलवार भोर से ही 10 लाख से ज्यादा भक्त सरयू स्नान कर नागेश्वरनाथ महादेव का अभिषेक करने के बाद हनुमानगढ़ी दर्शन के लिए पहुंचे। रामलला और हनुमानगढ़ी में दर्शन के लिए भक्तों की 2 किलोमीटर लंबी लाईन लगी रही। रामजन्मभूमि पथ पर भीड़ नियंत्रण के लिए दर्शन के बाद भक्तों को गेट नंबर 3 से निकाला जा रहा है। जबकि वाहनों को बॉर्डर पर रोक दिया गया। काशी में दर्शन पूजन और स्नान के लिए लाखों श्रद्धालुओं भी भीड़ चारो ओर से आ रही है। पिछले तीन दिन प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करके लौटने वाले 35 लाख श्रद्धालुओं से काशी की व्यवस्थाएं ध्वस्त हो गई हैं। रविवार और सोमवार को काशी आए आठ से 10 लाख श्रद्धालुओं अभी शहर में रुके हैं। वहीं मंगलवार रात तक 10 लाख लोगों के आने की संभावना है। सोमवार आधी रात एक बजे तक दर्शन के बाद बंद किए गए पट भोर में 2:45 बजे हर हर महादेव के जयघोष के साथ गर्भगृह के पट खोले गए। मंदिर के पुजारियों ने विधि विधान से काशी पुराधिपति को जगाया। इसके बाद उन्हें स्नान कराया गया, बाबा विश्वनाथ का पंचगव्य से भव्य अभिषेक किया गया। षोडशोपचार विधि से पूजन और श्रृंगार और आरती की गई। शंख, घड़ियाल और डमरू की थाप के बीच परिसर हर हर महादेव का जयघोष गूंजता रहा। भक्तों के लिए सभी को 5 गेट से प्रवेश दिया जा रहा है और गर्भगृह के 4 गेट पर दर्शन मिल रहे हैं। बताया गया कि काशी विश्वनाथ न्यास ने फिलहाल भक्तों की सहूलियत के लिए रात 1 बजे तक पट खोलकर दर्शन कराने की तैयारी की है। बुधवार को काशी में मौनी अमावस्या के पावन स्नान पर हर घाट लाखों श्रद्धालुओं से पटा रहेगा। काशी के प्रमुख 44 घाटों पर स्नान के लिए 18-20 लाख लोग नजर आएंगे। दूसरे स्नान से पहले हजारों लोग दर्शनों की कतार में लगे हैं। पांच गेट से प्रवेश के बाद सभी को दर्शन पूजन कराया जा रहा है। पूरी रातभर गोदौलिया से मैदागिन तक भक्तों की कतार नजर आई। आधी रात से भक्त कतार में खड़े हो गए थे, रेलिंग और बैरिकेडिंग में ही रात गुजारी। क्राउड-कंट्रोलिंग के लिए उट एस राजलिंगम, पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल, कमिश्नर कौशल राज शर्मा, नगर आयुक्त अक्षत वर्मा समेत 100 अफसर आज सड़क पर हैं। मंडलायुक्त ने नगर निगम के अलावा 12 विभागों के अफसरों को जन सुविधाओं में मदद के लिए उतारा है। पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल तीन जोन के अफसरों के साथ रातभर भीड़ की सुगमता का रूट तय करते रहे । सीपी ने प्वाइंट निर्धारित किए, वहीं बैरिकेडिंग पर बड़े अफसरों को तैनात किया। काशी, वरुणा, गोमती जोन के पुलिस अधिकारियों के अलावा बड़ी संख्या में पुलिस तैनात है। काशी विश्वनाथ धाम परिक्षेत्र में केंद्रीय सुरक्षा बल, पीएसी और पुलिस के लगभग 500 सुरक्षाकर्मी शिफ्टवार ड्यूटी पर हैं। यातायात व्यवस्था सुधारने को 5 फरवरी तक के लिए नई एडवाइजरी तय की है इसमें रात एक बजे तक की गई है। काशी जोन के DCP गौरव बंसवाल, ADCP सरवणन टी. दशाश्वमेध ACP अपने जोन में तैनात पुलिसबल के साथ बैरिकेडिंग पर डटे हैं। चौक से गोदौलिया तक पुलिस प्रशासन ने 10 प्रमुख प्वाइंट बनाए हैं, जिनसे होकर भक्त मंदिर की ओर जा रहे हैं। यातायात व्यवस्था को बनाए रखने के लिए 4 एसीपी, 10 टैफिक इंस्पेक्टर, 24 ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर, 164 हेड कॉन्स्टेबल और 300 से ज्यादा होमगार्ड तैनात किए गए हैं। भीड़ को संभालने के लिए शहर में 55 जगह चिह्नित की गई हैं। इन जगहों पर बैरियर लगाए गए हैं। 29 जनवरी को मौनी अमावस्या का मुख्य महापर्व है। अमावस्या आज देर शाम से ही लग रही है। उदया तिथि में यह स्नान 29 को भोर से पूरे दिन चलेगा। सोमवार को करीब 10 लाख भक्त अयोध्या पहुंचे। इसमें 3 लाख 55 हजार भक्तों ने रामलला का दर्शन किया। रविवार को 2 लाख 80 हजार भक्त रामलला के दरबार में पहुंचे। शनिवार को 1 लाख 80 हजार भक्तों ने राम मंदिर में दर्शन किया। मंगलवार भोर से ही 10 लाख से ज्यादा भक्त सरयू स्नान कर नागेश्वरनाथ महादेव का अभिषेक करने के बाद हनुमानगढ़ी दर्शन के लिए पहुंचे। रामलला और हनुमानगढ़ी में दर्शन के लिए 2 किलोमीटर लंबी लाइन लगी हुई है। रामजन्मभूमि पथ पर भीड़ नियंत्रण के लिए दर्शन के बाद भक्तों को गेट नंबर 3 से निकाला जा रहा है। वहीं श्रीराममंदिर परिसर में रामजन्म भूमि पुलिस चौकी में कंट्रोल रूम बनाया गया है।

## महन्थ अवैद्यनाथ नगर में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया गणतन्त्र दिवस



संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** गणतंत्र दिवस पर नगरपालिका परिषद कुशीनगर के वार्ड नम्बर 22 महन्थ अवैद्यनाथ नगर डुमरी, सिसवा, सूखा टोला, शिवराज पट्टी में सभासद विजेंदर प्रताप सिंह उर्फ भगत सिंह ने निजी, प्राथमिक और जूनियर विद्यालयों के परिसरों में ध्वजारोहण कर किया। सभी ने जन गण मन का सामूहिक गान किया। सभासद श्री सिंह ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर उपस्थित सम्मानित जनता को शुभकामनाएं दी। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति दी। उन्हें सभासद श्री सिंह, प्रधानाध्यापक मनोज चौबे, राजेश प्रजापति, अमरेंद्र सिंह ने पुरस्कृत किया। ध्वजारोहण कार्यक्रम में शिक्षक और शिक्षिकाएं, आंगनबाड़ी कार्यकत्री आदि सहित नागरिक मौजुद रहे।

## तीर्थ यात्रियों के लिए नपा कुशीनगर द्वारा निःशुल्क भोजन सेवा का शुभारंभ

संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** महाकुंभ प्रयागराज 2025 के लिए तीर्थयात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका परिषद कुशीनगर द्वारा कसया बस स्टेशन पर निःशुल्क भोजन सेवा का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत नगर पालिका अध्यक्ष किरन राकेश जायसवाल ने की, जिसमें विदेशी मेहमानों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। भंडारे में ऑस्ट्रेलिया से आई कैथरीन और एडवर्ड ने भारतीय संस्कृति का सम्मान करते हुए स्वयं तीर्थयात्रियों को भोजन परोसा। इस दौरान पूरी, खीर और सब्जी का प्रसाद वितरित किया गया। नपा अध्यक्ष किरन राकेश जायसवाल ने कहा महाकुंभ स्नान अत्यंत पुण्यदायी है और तीर्थयात्रियों की सेवा करना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। नगर पालिका प्रशासन तीर्थयात्रियों की हर सुविधा का ध्यान रख रहा है और यह भंडारा आगे भी जारी रहेगा। अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल ने यह भी आश्वासन दिया कि महाकुंभ के दौरान तीर्थयात्रियों की सुविधा हेतु विभिन्न व्यवस्थाएं की जाएंगी, जिससे उनकी यात्रा सुगम एवं सुखद हो सके। इस अवसर पर दिनेश तिवारी भोजपुरिया, रोटरी क्लब अध्यक्ष वाहिद अली, सचिव अजय सिंह, सुमित जायसवाल, दुर्गेश चतुर्वेदी, विजय गुप्ता, सभासद राजेश मद्धेशिया, मुन्ना शर्मा, विनय कुमार सिंह, अमेरिकन खरवार, केशव सिंह, प्रभुनाथ सिंह, सत्यप्रकाश पांडेय, डॉ सुनील सिंह, कुश कुमार, राजन शुक्ल, अशोक सिंह, अजय शुक्ल, विशाल शर्मा, पिंटू राय, कुन्नू जायसवाल, उमेश कुशवाहा, राहुल सोनी, विजेंदर सिंह, मालबाबू, फैय्याज खान,कृष्ण जायसवाल, ममता निषाद, कंचन, सदरे आलम, प्रद्युम्न, हरेंद्र जायसवाल आदि मौजूद थे।



संक्षिप्त डायरी

## छेड़खानी का विरोध करने पर गंभीर चोट पहुंचाने वाले गुनाहगार को दो साल की सख्त सजा के साथ हुआ तेराह हजार रुपये का जुमार्ना

संवाददाता


एडीजीसी: अवध नरेश चंदेल

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर के राठ में 16 जनवरी 2016 को नाबालिग के साथ छेड़खानी का विरोध करने पर मारपीट और गालीगलीज करने के बाद जान से मारने की धमकी देने के साथ ही जातिसूचक लफ़्ज़ों का इस्तेमाल कर बेइज्जत करने के मामले में राठ कस्बे के छोटी झुलहटी निवासी अभियुक्त ब्रजेश राजपूत पुत्र राम सहोदर राजपूत के खिलाफ अ०सं०- 12/2016 धाराझ354क, 323, 504, 506 आईपीसी 08 पॉक्सो एक्ट सहित 3(1)11 एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था, जबकि आपरेशन कन्विक्शन के तहत 27 जनवरी 2025 को हमीरपुर की पाक्सो अदालत की स्कालर जज कीर्ती माला सिंह ने अभियुक्त ब्रजेश राजपूत को गुनाहगार मानते हुये दो साल की सख्त सजा के साथ ही तेराह हजार रुपये का जुमार्ना सुनाया, जबकि इस मामले के जांच अधिकारी तत्कालीन सीओ राठ विजय त्रिपाठी ने अपनी जांच पूरी करने के बाद अदालत में चार्जशीट दाखिल की थी, वहीं अभियोजन की तरफ से एडीजीसी अवधनरेश चन्देल ने अदालत में जोरदार पैरवी करते हुये अभियुक्त को दो साल की सख्त सजा के साथ ही तेराह हजार रुपये का जुमार्ना करवाने में कामयाबी हासिल की।

## देश की एकता अखंडता बनाये रखने का लें संकल्पः अमिताभ राय, एआरटीओ इन्फोर्समैन्ट, एआरटीओ प्रशासन आर पी सिंह





संवाददाता

**हमीरपुर ।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर उप संभागीय परिवहन कार्यालय में गणतंत्र दिवस के मौके पर एआरटीओ प्रशासन आरपी सिंह सहित एआरटीओ प्रवर्तन अमिताभ राय, यात्री प्रतिकर अधिकारी चंदन पाण्डेय ने महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण पुष्प अर्पित करने के पश्चात ध्वजारोहण किया गया`एआरटीओ प्रशासन ने आरपी सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि महापुरुषों के बलिदान से देश स्वतंत्र हुओ महापुरुषों के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता है`एआरटीओ प्रवर्तन अमिताभ राय ने कहा कि महापुरुषों की कुर्बानी को स्वतंत्र भारत सदैव याद करता रहेगा। सभी अपने-अपने कर्तव्यों का निष्ठा पूर्वक पालन करने का संकल्प लें इस मौके पर उप संभागीय परिवहन कार्यालय के कर्मचारी सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहे ।

# देश में धड़ल्ले से क्रेडिट कार्ड से खर्च कर रहे लोग, सितंबर तिमाही में 34 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी

**मुंबई ।**

भारत में क्रेडिट कार्ड के उपयोग में सितंबर तिमाही में 34 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है, जबकि 2023 की समान अवधि में यह आंकड़ा 26 प्रतिशत के पास था। इसकी वजह ग्राहकों द्वारा अपनी खपत की जरूरतों को पूरा करने के लिए मौजूदा क्रेडिट कार्ड से अधिक खर्च करना है। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई।रिपोर्ट में कहा गया कि भारत की रिटेल क्रेडिट ग्रोथ में सितंबर 2024 को समाप्त हुई तिमाही में हल्की नरमी देखने को मिली है। इसकी वजह लोन मांग वृद्धि की दर में सामान्य गिरावट और अधिकांश लोन उत्पादों में क्रेडिट की आपूर्ति में कमी होना है।

एक आर्थिक जानकार ने बताया कि क्रेडिट कार्ड पर खर्च में मजबूत वृद्धि उपभोक्ताओं के बीच इसकी बढ़ती स्वीकार्यता को दिखाती है। यह केवल लेनदेन तक ही सीमित नहीं है, बल्कि क्रेडिट तक आसान पहुंच को भी दिखाती है। यह लेंडर्स के लिए एक मौका हो सकता है कि वे इसतरह के उपभोक्ताओं की पहचान करें जिन्हें अपने उपभोग के लिए अतिरिक्त लोन की आवश्यकता है और उन्हें बेहतर और किफायती समाधान उपलब्ध कराएं। रिपोर्ट के अनुसार, पर्सनल लोन में सालाना आधार पर दोहरे अंकों की वृद्धि दर्ज की गई, जो कि सितंबर 2024 में 11 प्रतिशत रही है। यह वृद्धि दर पिछले साल के समान अवधि के आंकड़े 32 प्रतिशत से काफी कम है।



रिपोर्ट में बताया गया है कि दोपहिया वाहनों और प्रॉपर्टी के बदले लोन में भी मजबूत वृद्धि दिखाई दी है। जानकार ने सुझाव दिया, बाजार की बदलती परिस्थितियों का मतलब है कि लेंडर्स को रिटेल लोन वृद्धि के लिए टारगेटेड एप्रोच अपनाने की आवश्यकता है।

# चीनी एआई स्टार्टअप से अमेरिकी शेयर बाजार में हलचल

**न्यूयार्क ।**

अमेरिकी शेयर बाजार में चीनी एआई स्टार्टअप डीपसीक की डीप लर्निंग तकनीक से बड़ी गिरावट आई। इसके परिणामस्वरूप नेस्डेक कम्पोजिट इंडेक्स 3 फीसदी से अधिक कम हो गया। नास्डैक में एनवीडिया कॉर्प के शेयर में 17 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई, जिससे उसका मार्केट कैप 2.90 लाख करोड़ डॉलर तक कम हो गया। तकनीकी कंपनियों में गिरावट के कारण एसएंडपी 500 टेक सेक्टर में 5.6 फीसदी की गिरावट भी दर्ज की गई। इसे लेकर मार्केट में निवेशकों की चिंता बढ़ी है। डीपसीक की क्षमता और कम लागत ने अमेरिकी टेक कंपनियों को चिंतित किया है। इसके अलावा, अमेरिका ने चीन को एडवांस्ड सेमीकंडक्टर तकनीक पर प्रतिबंध लगाया है, जिससे इस दिशा में भी खतरा बना रहा है। हालांकि डीपसीक का उच्च प्रदर्शन और लोकप्रियता के कारण यह अमेरिकी टेक इंडस्ट्री को एक नए चुनौती दे रहा है। निवेशक अब इस स्थिति में सतर्क रहने के सुझाव पर ध्यान दें।




# कुंभ को लेकर मोटी कमाई कर रही विमानन कंपनियां, किराए में 200 से 700 प्रतिशत तक की बढ़ोत्तरी

## विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने किराए को लेकर केंद्र से की मांग

**नई दिल्ली ।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में श्रद्धालुओं को तांता लगा है, अब तक 11 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा चुके हैं। देश ही नहीं, बल्कि विदेशों से भी लोग कुंभ पहुंचे रहे हैं, बढ़ती भीड़ के साथ ही महाकुंभ पहुंचने के लिए फ्लाइट के किराए में भी जोरदार बढ़ोतरी हुई है। दिल्ली या मुंबई से प्रयागराज जाने के लिए फ्लाइट टिकट इतना महंगा हो गया है कि इतने में आप सिंगापुर, दुबई या लंदन तक पहुंच जाएंगे। जी हां टिकट का दाम 50-60 हजार रुपये तक पहुंच गया है। महाकुंभ मेला में पवित्र स्नान के दिनों के लिए फ्लाइट टिकट में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी देखने को मिली है। 13 जनवरी को शुरू हुए कुंभ में आने वाली 29 जनवरी को मौनी अमावस्या, 3 को बसंत पंचमी और 12 फरवरी को माघ पूर्णिमा जैसी तारीखों पर दिल्ली और मुंबई से प्रयागराज जाने वाली फ्लाइट की टिकट की कीमतें आसमान पर पहुंच गई हैं। सामान्य दिनों में दिल्ली से प्रयागराज आने और जाने का किराया 10-12 हजार रुपये के बीच होता है, वहीं मुंबई से प्रयागराज का हवाई किराया भी 15000 रुपये है। लेकिन अमृत स्नान के दिन महाकुंभ के लिए दिल्ली से प्रयागराज आने और जाने का किराया 50,000 रुपये, वहीं मुंबई से प्रयागराज की फ्लाइट टिकट की कीमतें 50-60 हजार रुपये तक पहुंच गई हैं। जी हां, दिल्ली से लंदन का किराया 3 फरवरी के लिए 30 से 37 हजार रुपये के आस-पास है, जबकि दिल्ली से सिंगापुर इस तारीख को फ्लाइट टिकट 24-25 रुपये के आस-पास है। महाकुंभ के लिए फ्लाइट टिकट की कीमतों में ताबड़तोड़ बढ़ोतरी को लेकर अब मोदी सरकार से इन पर लगाम लगाने की आवाज उठी है। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने रॉकेट की रफ्तार से बढ़ रहे महाकुंभ के लिए हवाई किरायों पर विराम लगाने की गुहार सरकार से लगा दी है। उन्होंने पोस्ट शेयर कर कहा है कि महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा, सुरक्षा और सुविधाओं का राज्य सरकार पूरा ध्यान रख ही रही है, लेकिन कुछ विमानन कंपनियां यात्रियों के बढ़ती संख्या का लाभ लेने के मकसद से हवाई किराए में बेतहाशा बढ़ोतरी कर रही हैं, जो अनुचित और अनैतिक है।

# भारत में ईवी की ब्रिकी 30 से 35 प्रतिशत हो सकती, एक रिपोर्ट में खुलासा



**मुंबई ।**

इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) की हिस्सेदारी कुल बिक्री में वित्त वर्ष 30 तक बढ़कर 30 से 35 प्रतिशत हो सकती है, जो कि 2024 में 7.4 प्रतिशत और 2019 में एक प्रतिशत से भी कम थी। इसकी जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट में बताया गया कि जीवाश्म ईंधनों से चलने वाले वाहनों की हिस्सेदारी आने वाले वर्षों में भी कुल वाहनों की बिक्री में अधिक रहेगी, लेकिन ईवी इसमें जबरस्त बढ़ोत्तरी करेगी।

रिपोर्ट में बताया गया कि वाहनों की कम संख्या होने के कारण भारत के पास तेजी से वृद्धि का एक अनोखा मौका है। ईवी कई लोगों की पहली कार हो सकती है। यह कुछ ऐसा ही होगा, जैसे भारत में 4जी के लिए 3जी को छोड़ा। इस वजह से कुल बिक्री में ईवी की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 30 तक 30 से 35 प्रतिशत होगी। बैटरी और इलेक्ट्रॉनिक ड्राइव यूनिट, किसी भी ईवी का मुख्य आधार इनकी हिस्सेदारी कुल लागत में करीब 50 प्रतिशत की होती है। ओईएम अपनी बैटरी की 75 प्रतिशत जरूरतों को आउटसोर्स करते हैं, लेकिन बैकवर्ड इंटीग्रेशन के कारण वित्त वर्ष 30 तक यह घटक 50 प्रतिशत होगी।

वर्ष 2030 तक 100 गीगावाट की ईवी बैटरी क्षमता प्राप्त करने के लिए करीब 500-600 अरब रुपये का पूंजीगत व्यय होने का अनुमान है।

इस दौरान चार्जिंग इंफ्रास्ट्रचर को बढ़ाने के लिए 200 अरब रुपये के निवेश की आवश्यकता होगी। रिपोर्ट में बताया गया कि भारत का ईवी इंसेंटिव काफी अच्छा है। पीएम ई-ड्राइव विशिष्ट वाहन वर्गों को बढ़ावा देता है और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के विस्तार को भी

# भारतीय विमान रखरखाव, मरम्मत व संरक्षण राजस्व 50 फीसदी बढ़ने की उम्मीद: क्रिसिल

## - राजस्व वित्त वर्ष 2025-26 में 4,500 करोड़ हो सकता है पार

**मुंबई।**

विमानन कंपनियों के अपने बेड़े का आकार बढ़ाने से पैदा हुई मांग के बीच भारतीय एमआरओ उद्योग को अगले वित्त वर्ष में 4,500 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त करने की उम्मीद है। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने तीन एमआरओ परिचालकों पर आधारित एक अध्ययन में इस उत्थान की भविष्यवाणी की है। क्रिसिल की रिपोर्ट के अनुसार, घरेलू विमान रखरखाव, मरम्मत और संरक्षण उद्योग का राजस्व वित्त वर्ष 2025-26 में 4,500 करोड़ रुपये को पार कर जाएगा, जिसमें 2023-24 की तुलना में 50 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज होगी। एमआरओ कंपनियों को घरेलू एमआरओ कंपनियों के मुकाबले अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने में मदद मिलेगी और उनकी कार्यशील पूंजी का संभावित बढ़ना भी होगा। भारतीय एमआरओ कंपनियां मुख्य रूप से तीन प्रकार की सेवाएं प्रदान करती हैं - लाइन चेक, एयर फ्रेम चेक और पुनर्वितरण जांच। रिपोर्ट के अनुसार, इन सेवाओं में वृद्धि की संभावना है और नए विमानों के शामिल होने से भारतीय परिचालकों के हवाई बेड़े में वृद्धि देखने की उम्मीद है।



क्रिसिल रेटिंग्स के निदेशक ने बताया कि पुनर्वितरण जांच की वृद्धि के समय प्रेरित होने से सभी विमान घटकों पर गीएसटी इनपुट टैक्स कम होगा। इस सुधार से भारतीय एमआरओ कंपनियों की उदारि और व्यापकता में वृद्धि की उम्मीद है।

# भारत-इंडोनेशिया के बीच व्यापार में 30 अरब डॉलर की हो सकती है वृद्धि: बाकरी

**नई दिल्ली ।**

इंडोनेशिया चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (केएडीआईएन) के प्रमुख अनिंद्य बाकरी ने दूसरे देशों के साथ भारत और इंडोनेशिया के बीच द्विपक्षीय व्यापार की संभावनाओं के बारे में व्यापक चर्चा की। बाकरी ने कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापार का हो सकता है बड़ा बढ़ता हुआ संबंध जिससे भारत और इंडोनेशिया के बीच व्यापार करीब 30 अरब अमेरिकी डॉलर का हो सकता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि दोनों देश एक साथ मिलकर वृद्धि करेंगे और प्रभावी तरीके से विश्व की सेवा करेंगे। इस व्यापार के बड़े मौके को देखते हुए भारत और इंडोनेशिया के बीच सांस्कृतिक संबंध, व्यापार व निवेश संबंधों को गहरा करने में केंद्रित कंपनी बाकरी एंड ब्रदर्स ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इससे पहले भारत और इंडोनेशिया के इस वर्ष व्यापार व निवेश पर कार्य समूह की दूसरी बैठक होगी, जिसमें दोनों देशों के व्यापार मंत्रियों के समाधान के लिए उम्मीद है। इसके साथ ही अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वक्ताओं ने ब्रिक्स देशों के साथ बातचीत की महत्वता को भी उजागर किया।



# भारत में निवेश की घोषणाओं में 39 फीसदी की वृद्धि

## वित्त वर्ष 25 के पहले 9 महीने में कुल निवेश 32 लाख करोड़

**मुंबई ।** भारत के निवेश पारिस्थितिकी तंत्र और बाहरी वाणिज्यिक ऋण में पिछले कुछ वर्षों में कुछ बदलाव देखा जा रहा है। वित्त मंत्रालय ने हाल ही में बताया है कि निवेश की घोषणाओं में वृद्धि हो रही है और निजी क्षेत्र का इसमें अहम योगदान है। वित्त वर्ष 2025 के पहले नौ महीनों (अप्रैल से दिसंबर 2024) में कुल निवेश घोषणाएं 32.01 लाख करोड़ रुपये रही। यह पिछले साल की तुलना में 39 फीसदी अधिक है, क्योंकि वित्त वर्ष 24 में ये घोषणाएं 23 लाख करोड़ रुपये थीं। इस वृद्धि से निवेश पर सकारात्मक रुझान दिख रहे हैं। निवेश घोषणाओं में निजी क्षेत्र का योगदान बढ़कर 70 फीसदी तक पहुंच गया है, जबकि वित्त वर्ष 24 में यह आंकड़ा 56 फीसदी था। इसका मतलब है कि कॉर्पोरेट क्षेत्र में विश्वास मजबूत हो रहा है और कंपनियां ज्यादा निवेश करने के लिए तैयार हैं। मार्च 2024 तक भारतीय कॉर्पोरेट्स का कुल ग्रॉस ब्लॉक 106.50 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो मार्च 2020 में 73.94 लाख करोड़ रुपये था। पिछले 5 वर्षों में औसतन 8 लाख करोड़ रुपये से अधिक का इजाफा हर साल कॉर्पोरेट ग्रॉस ब्लॉक में हुआ है।

# डीपसीक के हमले से विश्व के अमीरों की संपत्ति में भारी गिरावट

## -जुकरबर्ग और बेजोस को हुआ फायदा

**मुंबई।** चीनी एआई डेवलपर डीपसीक ने दुनिया भर के टॉप अमीरों की संपत्ति में भारी नुकसान कर दिया है। डीपसीक के हमले के कारण अमेरिका समेत अन्य देशों की शेयर मार्केट में गिरावट आई है। डीपसीक के हमले के परिणाम स्वरुप दुनिया के टॉप 500 अमीरों की संपत्ति में गिरावट आ गई है। उनकी नेटवर्थ कुल मिलाकर 108 अरब डॉलर कम हो गई है। इस हमले से सबसे ज्यादा नुकसान अमेरिकी शेयर मार्केट को हुआ है। अमेरिकी शेयर मार्केट में 3.1 फीसदी की गिरावट आई है और उसके परिणामस्वरूप अमेरिकी अरबपतियों को भी भारी नुकसान हुआ है। इस गिरावट का सबसे ज्यादा प्रभाव ओरेकल कॉर्प के को-फाउंडर लैरी एलिसन और एनवीडिया कॉर्प के को-फाउंडर जेन्सन हुआंग पर दिखा है। इन दोनों धनकुबेरों की संपत्ति में 20 फीसदी से ज्यादा की गिरावट आई है। इस गिरावट के बाद भी कुछ टेक कंपनियों के अरबपति अपनी संपत्ति में इजाफा देख रहे हैं। इसके बावजूद यह हमला टेक सेक्टर के दिग्गजों को 94 अरब डॉलर का नुकसान पहुंचा चुका है। सोमवार को हुई गिरावट के बाद मार्क जुकरबर्ग की संपत्ति में बढ़ोतरी है जबकि जेफ बेजोस और बिल गेट्स भी इजाफा देख रहे हैं।

# टियर 2 और टियर 3 बाजारों में 24 मिलियन नए रोजगार के अवसर उत्पन्न होंगे

## भारत में पर्यटन उद्यम की जीडीपी अगले दशक में 7.1 प्रतिशत सालाना बढ़ेगी

**नई दिल्ली ।**

एक नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार भारतीय छोटे शहरों के तेज विकास से साल 2033 तक टियर 2 और टियर 3 शहर के बाजारों में लगभग 24 मिलियन नए रोजगार के अवसर उत्पन्न होने की संभावना है। इसका 75 प्रतिशत हिस्सा पुरुष और 25 प्रतिशत हिस्सा महिलाएं होंगी। विश्व यात्रा और पर्यटन परिषद का अनुमान है कि भारत में पर्यटन उद्यम की जीडीपी अगले दशक में 7.1 प्रतिशत सालाना बढ़ेगी। वर्तमान में पर्यटन और आतिथ्य सेक्टर देश में रोजगार का लगभग 8 प्रतिशत योगदान करता है। रिपोर्ट के मुताबिक क्षेत्रीय खर्च 2034 तक 1.2 गुना बढ़ने की संभावना है और इससे देश में कुशल कार्यबल की मांग और अधिक बढ़ेगी। महामारी के प्रभाव के बाद अधिक कनेक्टिविटी और धार्मिक पर्यटन की लोकप्रियता के कारण टियर 2 और 3 शहर अब पर्यटन के प्रमुख केंद्र बन रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2028 तक, इस क्षेत्र से 59 बिलियन डॉलर का राजस्व उत्पन्न होने की उम्मीद है और 2030 तक अस्थायी और स्थायी नौकरियां सृजित होंगी। धार्मिक पर्यटन केंद्र जैसे अयोध्या, वाराणसी, हरिद्वार और मथुरा इस वृद्धि का नेतृत्व कर रहे हैं। आगे बढ़ रहे शहरों में लखनऊ, जयपुर, कोच्चि और ऋषिकेश भी हैं। इन शहरों में नए ट्रेंड्स जैसे डेस्टिनेशन वेडिंग, एडवेंचर स्पोर्ट्स, इकोटूरिज्म और सांस्कृतिक पर्यटन भी उभर रहे हैं। इस क्षेत्र के विकास के लिए टूर गाइड, होटल स्टाफ और स्थानीय कारीगरों को अच्छे से प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार गत दिवस की भारी गिरावट से उबरते हुए मंगलवार को बढ़त पर बंद हुआ । सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीदारी हावी रहने से आया है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसक्स 535.24 अंक करीब 0.71 फीसदी की बढ़ोतरी लेकर 76,190.46 अंक पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (निफ्टी ) भी अंत में 128.10 अंक तकरीबन 0.56 फीसदी ऊपर आकर 22,957.25 पर बंद हुआ। आज निफ्टी के 28 स्टॉक्स लाभ के साथ ही हरे निशान पर बंद हुए। सबसे ज्यादा बढ़त बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, श्रीराम फाइनेंस, बजाज फिनसर्व और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में रही। इनकी बढ़त 4.32 फीसदी तक रही जबकि सन फार्मा, हिंदाल्को, ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और ग्रासिम के स्टॉक्स गिरावट के साथ ही लाल निशान पर बंद हुए, जिनकी गिरावट 4.24 फीसदी तक रही।

बड़ी कंपनियों के बाजारों में मिडकैप 100 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स में 0.51 फीसदी और 1.81 फीसदी की गिरावट रही। सेक्टोरल मार्केट में आज बैंकिंग शेयरों ने अच्छा प्रदर्शन किया। निफ्टी बैंक, पीएसबी (पब्लिक सेक्टर बैंक) और प्राइवेट बैंक इंडेक्स एक फीसदी से ज्यादा बढ़त के साथ बंद हुए। इसके अलावा, निफ्टी रियल्टी इंडेक्स 2 फीसदी से ज्यादा बढ़ा, जबकि निफ्टी वित्तीय सेवाओं और वाहन इंडेक्स 1 फीसदी से अधिक बढ़त के साथ बंद हुए। निफ्टी एफएमसीजी आईटी फार्मा, हेल्थकेयर और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स इंडेक्स गिरावट पर बंद हुए। इसमें 2.12 फीसदी तक गिरावट रही।




सेंसेक्स के शेयरों में, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक, टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, आईसीआईसीआई बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, जोमैटो, इंडसइंड बैंक, मारुति सुजुकी इंडिया और भारती एयरटेल के शेयरों में बढ़त रही। वहीं, सन फार्मास्युटिकल, लार्सन एंड टुब्रो, आईटीसी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एनटीपसी, पावर ग्रिड, नेस्ले इंडिया, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एशियन पेंट्स के शेयरों में गिरावट रही।

एशियाई बाजारों की बात करें तो जापान के टोक्यो का बाजार गिरावट पर रहा जबकि हांगकांग के बाजार में तेजी रही। सियोल और शंघाई के बाजार छुट्टियों के कारण बंद रहे। यूरोपीय बाजारों ने शुरुआती सत्र में बढ़त दर्ज की। ब्रिटेन का एफटीएसईई 100 इंडेक्स 0.55फीसदी, जर्मनी का डीएएक्स 0.44 फीसदी और पेरिस का सीएसी 40 0.33 फीसदी की बढ़त पर थे। वहीं अमेरिकी बाजार गत दिवस गिरावट के साथ बंद हुए थे। इससे पहले आज सुबह बढ़त के साथ शेयर बाजार की शुरुआत हुई। सेंसेक्स 370.49 अंकों की बढ़त के साथ 75,736.66 पर कारोबार करता नजर आया, जबकि निफ्टी50 106.10 अंकों की बढ़त के साथ 22,935.25 पर कारोबार करता दिखा।

# मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में बिना लॉक-इन और एग्जिट चार्ज के निवेश का मौका

## - निवेशक कभी भी अपने पैसे निकाल सकते हैं, कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं देना होगा

**नई दिल्ली ।**


यूटीआई म्यूचुअल फंड ने अपना नया ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम 'यूटीआई निफ्टी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग इंडेक्स फंड - रेगुलर प्लान' लॉन्च किया है। यह फंड निफ्टी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग टीआरआई को ट्रैक करता है, जो भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की कंपनियों का प्रदर्शन दर्शाता है। इसका उद्देश्य इंडेक्स की परफॉर्मेंस के अनुसार रिटर्न देना है, हालांकि ट्रैकिंग एरर के चलते कुछ अंतर हो सकता है। यह न्यू फंड ऑफर 28 जनवरी को लॉन्च हो गया और 10 फरवरी 2025 को बंद हो जाएगा। इस स्कीम की खासियत यह है कि इसमें कोई लॉक-इन पीरियड नहीं है और न ही एग्जिट लोड लगेगा। इसका मतलब है कि निवेशक कभी भी अपने पैसे निकाल सकते हैं, और इसके लिए कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं देना होगा। एनएफओ और प्लान्स में मिनिमम इन्वेस्टमेंट 1,000 रुपए है, जिसके बाद 1 रुपए के मल्टीपल्स में इन्वेस्टमेंट किया जा सकता है। फोलियो में दोबारा इन्वेस्टमेंट के लिए भी मिनिमम अमाउंट 1,000 रुपए है और 1 रुपए के मल्टीपल्स में आगे इन्वेस्ट किया जा सकता है। मैक्सिमम इन्वेस्टमेंट की कोई लिमिट नहीं है। यूनिट्स का अलॉटमेंट एप्लिकेबल स्टांप ड्यूटी और ट्रांजैक्शन चार्जेज डिडक्ट करने के बाद ही किया जाएगा। एसआईपी (सिस्टेमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) के ऑप्शन्स में डेली, वीकली और मंथली एसआईपी के लिए मिनिमम अमाउंट 500 रुपए है, जबकि क्वार्टरली एसआईपी के लिए 1,500 रुपए तय की गई है। दोनों ही केसेस में 1 रुपए के मल्टीपल्स में इन्वेस्टमेंट पॉसिबल है।

# भारत में क्रेडिट कार्ड के इस्तेमाल में जोरदार बढ़ोतरी

**नई दिल्ली ।**

भारतीय रिजर्व बैंक की नवीन रिपोर्ट के मुताबिक क्रेडिट कार्ड के इस्तेमाल में भारत में जोरदार बढ़ोतरी दर्ज की गई है। पिछले पांच सालों में क्रेडिट कार्ड की संख्या दोगुनी से भी ज्यादा होकर लगभग 10.80 करोड़ हो गई है। डिजिटल भुगतान में भी भारत में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। कैलेंडर वर्ष 2013 में 222 करोड़ डिजिटल लेन-देन होते थे, जो कैलेंडर वर्ष 2024 में 20,787 करोड़ से अधिक हो गए। भारत में डिजिटल भुगतान की मात्रा में 45.9 प्रतिशत व मूल्य में 10.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इस बढ़े हुए इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ पेमेंट सिस्टम और छूटी कार्ड में रूपये की वृद्धि बना रहता है। आरबीआई ने यूपीआई को दूसरे देशों की फास्ट पेमेंट सिस्टम से जोड़ने की कई कोशिशें की हैं, जिससे सीमा पार रेमिटेंस पेमेंट को बढ़ाया जा सके। भूटान, फ्रांस, मॉरीशस, नेपाल, सिंगापुर, श्रीलंका और यूएई में क्यूआर कोड के माध्यम से भारतीय यूपीआई ऐप का इस्तेमाल करके व्यापारियों को भुगतान सक्षम किया गया है। इनोवेशन और रेगुलेटरी सपोर्ट के साथ भारत का पेमेंट सिस्टम दुनिया भर में सबसे आधुनिक में से एक बन गया है। केंद्रीय बैंक के डिप्टी गवर्नर टी. रबी शंकर ने कहा कि भुगतान क्षेत्र में इनोवेशन को प्रोत्साहित करना बैंक की नीति है।

# फेडरल बैंक का मुनाफा तीसरी तिमाही में पांच प्रतिशत घटा




**नई दिल्ली ।** निजी क्षेत्र के फेडरल बैंक का मुनाफा चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में पांच प्रतिशत घटकर 955 करोड़ रुपये रह गया। एक साल पहले इसी तिमाही में बैंक ने 1,007 करोड़ रुपये का लाभ दर्ज किया था। शेयर बाजार को दी जानकारी के मुताबिक समीक्षाधीन तिमाही के दौरान बैंक की कुल आय बढ़कर 7,725 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 5,593 करोड़ रुपये थी। वित्त वर्ष 2024-25 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में ब्याज आय भी बढ़कर 6,809 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 5,730 करोड़ रुपये थी। परिसंपत्ति गुणवत्ता के मोर्चे पर, बैंक का सकल एनपीए (गैर-निष्पादित परिसंपत्ति) सालाना आधार पर 2.29 प्रतिशत से सुधरकर 1.95 प्रतिशत हो गया। इसी तरह शुद्ध एनपीए 0.64 प्रतिशत से घटकर 0.49 प्रतिशत हो गया।

# प्रगति यात्रा के दौरान ग्रामीणों का प्रदर्शन

## सड़क-पुल बनाने की मांग, तख्ती ले पहुंचे सैकड़ों आदिवासी; बैरिकेडिंग के पास ही रोका गया





**पूर्णिया ।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा के दौरान विरोध प्रदर्शन हुआ है। ये प्रदर्शन मंत्री लेसी सिंह के विधानसभा क्षेत्र के अंदर आने वाले नगर प्रखंड के भुतहा मोड़ के पास हुआ। हाथों में तख्ती लेकर सैकड़ों की संख्या में आदिवासी समाज के लोगों ने अपनी मांग को लेकर सीएम नीतीश के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। वे सीएम की गाड़ी का घेराव करते, इससे पहले ही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था होने के कारण उन्हें बैरिकेडिंग के पास ही पुलिस ने रोक लिया। सीएम की सिक्योरिटी में लगे जवानों और पदाधिकारियों ने सुरक्षा घेरा देते हुए मुख्यमंत्री को आयोजन स्थल तक पहुंचा दिया। नीतीश कुमार यहां तकरीबन 7 मिनट तक रुके। भुतहा मोड़ के पास प्रस्तावित बाईपास स्थल का अवलोकन किया। फिर सड़क मार्ग के रास्ते रंगभूमि मैदान के लिए रवाना हो गए। हालांकि प्रदर्शन कर रहे लोगों को ये उम्मीद थी कि सीएम उनसे मिलेंगे और उनकी मांग सुनी जाएगी। मुख्यमंत्री नीतीश उन्हें नजरअंदाज करते हुए निकल गए।

प्रदर्शन दोपहर करीब 12.28 बजे हुआ। सीएम नगर प्रखंड की मजरा पंचायत के भवानीपुर गांव स्थित कार्यक्रम स्थल से विकास योजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास के बाद कार्यक्रम के अगले पड़ाव भुटहा मोड़ बाईपास स्थल का अवलोकन करने पहुंचे थे। इसकी जानकारी ग्रामीणों को पहले से ही थी। सीएम के आने की सूचना पर हाथों में तख्तियां लिए सैकड़ों ग्रामीण भुतहा मोड़ बैरिकेडिंग के पास जुट गए। सीएम का काफिला आता देख प्रदर्शन शुरू हुआ। झुन्नी इस्तम्बरार वार्ड 7 में सड़क चाहिए, नीतीश जी झुन्नी इस्तम्बरार सिमोदी रहिका में सड़क बना दें जैसी तख्तियां लिए ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में झुन्नी इस्तमबरार पंचायत के समुद्री रहिका टोला वार्ड नंबर 6 और 7 के आदिवासी समाज के सैकड़ों लोग शामिल रहे। दिनेश शर्मा ने कहा कि सिमोदी रहिका टोल की कुल आबादी लगभग 5 हजार है। इसमें महादलित, आदिवासी के साथ ही पिछड़ा और अति पिछड़ा समाज के लोग रहते हैं। सिमोदी रहिका कोशी के बांध पर बसा हुआ गांव है, जहां बारिश के दिनों में चारों तरफ से पानी लग जाता है। अगर इस पुल का निर्माण हो जाता है तो कोशी के उस पार बसे दर्जनों गांव के लोगों को के.नगर प्रखंड कार्यालय, रेलवे स्टेशन, थाना, अस्पताल के साथ बाजार तक जाने में आसानी होगी। इस वक्त उन्हें तकरीबन 12 किलोमीटर घूमकर प्रखंड मुख्यालय जाना पड़ता है। झुन्नी इस्तेमबरार पंचायत के वार्ड-7 के नंदी किस्कू, सुखी टुडू, संजू मुर्मू, संझली मुर्मू, ललिता हेंब्रम, मंझली मरांडी, लखिमुन टुडू, संगीता टुडू ने बताया कि आजादी के 70 साल बीत जाने के बाद भी न तो सड़क बनी और न झव्वाड़ी घाट पर पुल का निर्माण कराया गया है।

# धनबाद इंटरसिटी से नीचे गिरा इंटर का छात्र



**सासाराम।** रेलवे स्टेशन पर एक हादसा सामने आया है। यहां एक 16 साल का छात्र चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश कर रहा था। इस दौरान गंभीर रूप से ये घायल हो गया। घायल छात्र की पहचान बेलाढी गांव निवासी शैलेंद्र पासवान के बेटे चंद्रदीप कुमार के रूप में हुई है।

घटना पंडित दीनदयाल गया रेल खंड पर स्थित सासाराम रेलवे स्टेशन की है। चंद्रदीप अपना इंटरमीडिएट परीक्षा सेंटर देखने के लिए सासाराम से डेहरी जा रहा था। जैसे ही धनबाद इंटरसिटी स्टेशन पर पहुंची, भीड़ को देखते हुए चंद्रदीप ने चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास किया। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह ट्रेन के नीचे जा गिरा, जिससे उसका पैर कट गया। घटना के बाद स्टेशन पर अफरा-तफरी मच गई। आरपीएफ और मौजूद लोगों की मदद से घायल छात्र को तत्काल सासाराम सदर अस्पताल के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया।

# बक्सर: एनडीए के सम्मेलन का आयोजन

## दिलीप जायसवाल ने गीत गाकर कार्यकर्ताओं में भरा जोश, कहा- बिहार में हो रहा विकास



**बक्सर ।** ऐतिहासिक किला मैदान में मंगलवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने अपने अनूठे अंदाज से सबका दिल जीत लिया। उन्होंने न केवल भाषण दिया बल्कि गीत गाकर कार्यकर्ताओं में नया जोश भर दिया।

उन्होंने कहा कि एनडीए का झंडा टोपी भले अलग अलग रंग के है, लेकिन सौ साल पहले जो प्यार था वो आज भी है। कार्यक्रम में जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, अनिल कुमार सिंह हम, राजू तिवारी लोजपा,मदन चौधरी रालोमो और बिहार सरकार के पूर्व मंत्री संतोष कुमार निराला ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने में अपनी अपनी महता दिखलाई। सम्मेलन की अध्यक्षता अशोक कुमार सिंह जिलाध्यक्ष जदयू और संचालन ओमप्रकाश भुवन जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी ने किया। एनडीए के सभी प्रदेश अध्यक्ष ने दीप प्रज्वलित कर विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ किया । एनडीए के सभी जिलाध्यक्षों की ओर से आए हुए एनडीए के सभी प्रदेश अध्यक्षों का बड़े माला से स्वागत किया। हजारों की संख्या में एनडीए के कार्यकर्ता मौजूद रहे । सरकार के पूर्व मंत्री संतोष कुमार निराला ने भी सम्मेलन को संबोधित किया। आने वाले समय में बिहार के साथ साथ बक्सर को विकसित बनाने की बात कही। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी शम्भू सिद्धार्थ और अशोक भट्ट ने भी नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार को विकसित बनाने की बात की। उमेश कुशवाहा प्रदेश अध्यक्ष जदयू ने सरकार के कार्यों और उपलब्धियों को कार्यकर्ता और जनसमूह के बीच रखा और कहा कि आने वाले 2025 के विधानसभा का चुनाव एनडीए मजबूती से एक साथ लड़ेगा और 225 सीट जीत कर पुनः आप लोगों के सहयोग से एनडीए की सरकार बनेगी।

# बख्शीश मांगने गए किन्नरों के साथ मारपीट

## कार्रवाई न होने पर थाने का किया घेराव, सड़क जाम





**समस्तीपुर ।** मुसरीघरारी थाना क्षेत्र के विशंभरपुर ऐलौथ गांव में बख्शीश मांगने गए किन्नरों के साथ मारपीट की घटना हुई थी। इस मामले में पुलिस की निष्क्रियता के विरोध में मंगलवार को किन्नरों ने मुसरीघरारी थाने का घेराव कर दिया। नाराज किन्नरों ने समस्तीपुर-पटना मुख्य मार्ग को जाम कर दिया, जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। प्रदर्शनकारी किन्नरों ने आरोप लगाया कि पुलिस अब तक आरोपियों को गिरफ्तार करने में नाकाम रही है। जानकारी के मुताबिक, घटना बीते सप्ताह की है। जब मोहम्मद आले के घर एक समारोह के बाद किन्नरों की टोली बधाई मांगने पहुंची थी। किन्नरों का दावा है कि उन्होंने परंपरागत तरीके से नाच-गाने के बाद बख्शीश मांगी, लेकिन परिवार के सदस्यों ने लाठी-डंडों से उन पर हमला कर दिया। इस हमले में कई किन्नर घायल हो गए थे, जिन्हें समस्तीपुर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था।किन्नर नेता रूपा किन्नर ने बताया कि घटना के बाद से एक सप्ताह बीत चुका है, लेकिन पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस कदम नहीं उठाया। उन्होंने मांग की कि पुलिस जल्द से जल्द दोषियों को गिरफ्तार करे। दूसरी ओर, घटना में शामिल परिवार ने किन्नरों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। परिवार का कहना है कि किन्नरों ने जबरन 11 हजार रुपये की मांग की। जब उन्होंने पैसे देने से इनकार किया, तो किन्नरों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि किन्नरों ने घर में तोड़फोड़ की और एक बच्चे को लेकर भागने की कोशिश की। इस घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने भी हस्तक्षेप किया और किन्नरों के साथ मारपीट की। इधर, मुसरीघरारी थाना अध्यक्ष फैजल अंसारी ने कहा कि घटना को लेकर दोनों पक्षों की ओर से प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और कानून के अनुसार उचित कार्रवाई की जाएगी। वहीं, थाने का घेराव और सड़क जाम के कारण यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रदर्शन के दौरान दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। कई घंटों तक जारी इस जाम को पुलिस और स्थानीय प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद हटाया गया। हालांकि घटना के बाद इलाके में तनाव बना हुआ है। किन्नर समुदाय ने चेतावनी दी है कि अगर पुलिस ने जल्द कार्रवाई नहीं की, तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे। वहीं, ग्रामीणों में भी घटना को लेकर गुस्सा है।

# आठवले ने खड़गे के बयान पर दी प्रतिक्रिया



**मुजफ्फरपुर ।** मोतीपुर प्रखंड के बरुराज में राज्य स्तरीय किसान कल्याण समृद्धि जागरण समारोह के आयोजन के माध्यम से नवनिर्मित कोल्ड स्टोरेज का शिलान्यास कार्यक्रम हुआ। इसमें मंगलवार को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के केन्द्रीय राज्य मंत्री रामदास आठवले पहुंचे थे। उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के विवादित बयान पर प्रतिक्रिया दी। कहा कि उन्हें गरीबी हटाने से ज्यादा नरेंद्र मोदी की सरकार हटाने कि चिंता सता रही है। पिछले कई दशकों तक गरीबी हटाओ का नारा देने वाली कांग्रेस सरकार में गरीबी तो नहीं हटी लेकिन गरीब जरूर हट गए। हमारी सरकार में पिछले 10 सालों में गरीबी रेखा से 25 प्रतिशत लोग ऊपर उठे हैं और हमारी सरकार गरीबी उन्मूलन में लगातार प्रयासरत है। मल्लिकार्जुन खड़गे कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर हैं, उन्हें इस प्रकार कि विवादित बयानबाजी से बचना चाहिए। महू में आयोजित रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा था कि ₹क्या गंगा में डुबकी लगाने से गरीबी दूर होती है? क्या इससे खाना मिलता है?₹ उन्होंने यह भी कहा कि वह किसी की धार्मिक आस्था का अपमान नहीं करना चाहते और अगर किसी को दुख हुआ हो, तो माफी मांगते हैं। खड़गे ने आगे कहा- 'जब बच्चा भूखा मर रहा है, स्कूल नहीं जा रहा, मजदूर को मजदूरी नहीं मिल रही, तब कुछ लोग हजारों रुपए खर्च कर के प्रतियोगिताओं में डुबकी लगाते हैं।

## संक्षिप्त डायरी

### युवक को घर से बुलाकर कार में ले गए, फिर गोली मारकर ले ली जान



**मोतिहारी ।** पकड़ीदयाल थाना क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां अजगरी गांव निवासी मथुरा सिंह के 35 वर्षीय बेटे विवेक सिंह को घर से बुलाकर अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद अपराधियों ने विवेक सिंह के शव को अजगरी नहर के पास रामस्वार्थ सिंह के परती खेत में फेंक दिया और फरार हो गए।परिजनों द्वारा पुलिस को दिए गए बयान में बताया गया है कि सोमवार की रात करीब 8:30 बजे गांव के ही चार युवक ललित सिंह, प्रिंस सिंह, रोशन सिंह और रंजीत सिंह, विवेक को घूमने के बहाने कार में बैठाकर ले गए। इसके बाद सुबह विवेक की लाश मिली कि विवेक की हत्या कर दी गई है। मोतिहारी के एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। शेष दो आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सघन छापामारी जारी है। पुलिस घटना के हर पहलू की बारीकी से जांच कर रही है। वहीं, विवेक सिंह की हत्या के बाद उनके परिवार में मातम छाया हुआ है। गांव में भी इस घटना से दहशत का माहौल है। परिजन दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग कर रहे हैं।

### तुम्हारे प्रेमी को ऊपर पहुंचा दिया', तीन बच्चों की मां से बोला पति



**मोतिहारी ।** पीपरा थाना क्षेत्र में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी के प्रेमी की हत्या कर शव को जमीन में दफना दिया। घटना का खुलासा तब हुआ जब ग्रामीणों ने ताजा मिट्टी देखकर मृतक के परिजनों को सूचना दी। 15 दिन बाद मृतक शुभलाल राम का शव पुलिस की मौजूदगी में जमीन से निकाला गया।जानकारी के मुताबिक, घटना पीपरा थाना क्षेत्र के हरनारायणा गांव की है। जहां शुभलाल राम का अपनी पड़ोसी अशोक राम की पत्नी ललिता देवी से अवैध संबंध था। इस प्रेम प्रसंग से नाराज अशोक राम ने शुभलाल की हत्या कर दी। आरोप है कि शराब के नशे में अशोक राम ने अपनी पत्नी को बताया कि आज तुम्हारे प्रेमी को ऊपर पहुंचा दिया। इसके बाद शुभलाल का शव घर के पास ही जमीन में दफना दिया। शुभलाल के बेटे ने बताया कि उनके पिता की गुमशुदगी का मामला पहले ही पीपरा थाना में दर्ज कराया गया था। हालांकि, पुलिस शव बरामद करने में नाकाम रही और मामले में कार्रवाई के नाम पर अशोक राम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। शुभलाल राम के परिजन और ग्रामीण लगातार उनकी तलाश में जुटे थे। ताजा मिट्टी देखकर ग्रामीणों ने शक जताया और मृतक के परिजनों को सूचना दी। इसके बाद पुलिस की मौजूदगी में शव को जमीन से निकाला गया। गौरतलब है कि यह घटना पीपरा थाना क्षेत्र में 20 दिनों के भीतर दूसरी ऐसी घटना है, जहां प्रेम प्रसंग के चलते हत्या कर शव को जमीन में दफनाया गया। इससे पहले अजीत नामक एक युवक की हत्या कर शव को मिट्टी में दफना दिया गया था। लगातार दो मामलों में हत्या और शव को जमीन में दफनाने की घटनाओं ने पीपरा थाना क्षेत्र की पुलिस पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि दोनों मामलों में पुलिस की निष्क्रियता और लापरवाही स्पष्ट रूप से दिख रही है।

### सड़क हादसे में परिवार के 4 लोगों की मौत



**मोतिहारी ।** एक परिवार के चार सदस्यों की सड़क हादसे में मौत हो गई। प्रयागराज कुंभ स्नान से लौट रहे चार्टर्ड अकाउंटेंट ओमप्रकाश आर्य, उनकी पत्नी पूर्णिमा और दो बच्चों - बेटी अवनी और बेटे विनायक की यूपी के फतेहाबाद में ट्रक से टक्कर के बाद मृत्यु हो गई। 26 जनवरी को कुंभ स्नान के लिए गए परिवार का शव मंगलवार को उनके पैतृक गांव चिरैया थाना क्षेत्र के पिंडारी पहुंचा। दिल्ली में एक निजी कंपनी में कार्यरत ओमप्रकाश हर साल सरस्वती पूजा में गांव आते थे और इस बार भी 1 फरवरी को आने वाले थे, लेकिन दुर्भाग्यवश उनका शव पहले पहुंच गया। इस हृदयविदारक घटना में सबसे दर्दनाक दृश्य तब देखने को मिला जब चारों का अंतिम संस्कार एक ही चिता पर किया गया। रिटायर्ड शिक्षक वीर शमशेर सिंह ने अपने बेटे, बहू और नाती-पोती को मुखाग्नि दी। गांव में सरस्वती पूजा की तैयारियां चल रही थीं, लेकिन इस खबर ने पूरे माहौल को गमगीन कर दिया। सीओ आराधना कुमारी, राजस्व कर्मचारी प्रेम कुमार और थानाध्यक्ष महेंद्र कुमार सहित कई पुलिस अधिकारी सुबह से ही घटनास्थल पर मौजूद थे।

# सारण में यातायात नियम तोड़ने वालों को मिला तोहफा

## सारण पुलिस ने चालान की जगह थमाया गुलाब का फूल



**सारण ।** सड़क सुरक्षा माह के तहत पुलिस ने एक अनूठी पहल की। यातायात नियम तोड़ने वालों को चालान काटने की बजाय गुलाब का फूल देकर जागरूक किया। इस अभियान की अगुआई एसपी कुमार आशीष और डीएसपी बसंती टुडू ने की।

शहर के थाना चौक पर चलाए गए इस विशेष अभियान में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे। बिना हेलमेट बाइक चालकों और बिना सीट बेल्ट के चार पहिया वाहन चालकों को रोककर उन्हें यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दिया। पुलिस की इस अनूठी पहल से प्रभावित होकर कई नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों ने माफी मांगी और आगे से नियमों का पालन करने का वादा किया। डीएसपी बसंती टुडू ने बताया कि जनवरी को सड़क सुरक्षा माह के रूप में मनाया जा रहा है। इस दौरान लोगों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए सुरक्षित वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। चिंताजनक हकीकत यह है कि सारण में हर साल लगभग 440-450 लोग सड़क दुर्घटनाओं में अपनी जान गंवा देते हैं। इनमें अधिकांश 18 से 35 वर्ष के युवा होते हैं।

तेज और लापरवाह वाहन चलाना तथा हेलमेट का उपयोग न करना इन दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण है। इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने गांधीगिरी के इस अनूठे तरीके से लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया है।

# मुंगेर में खेत से मिला विदेशी मौसम यंत्र

## खाद डाल रहा था किसान, गुब्बारे से गिरी कोरियन मशीन, पुलिस ने किया जब्त





**मुंगेर ।** नक्सल प्रभावित धरहरा प्रखंड में मंगलवार सुबह एक संदिग्ध सामान मिला है। मानगढ़ बहियार में किसान के खेत में एक विदेशी मौसम संबंधी यंत्र मिला, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना सुबह 10 बजे की है, जब किसान बबलू यादव और विवेकानंद यादव अपने खेत में खाद डाल रहे थे। इसी दौरान उन्होंने देखा कि आसमान से एक बड़ा गुब्बारा नीचे आ रहा है। गुब्बारा फटने के बाद एक मशीन खेत में गिर पड़ी, जो चालू अवस्था में थी। डरे हुए किसानों ने तुरंत आसपास के ग्रामीणों को इसकी सूचना दी। देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग इस अजीब मशीन को देखने के लिए जमा हो गए। स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई, जो तत्काल मौके पर पहुंची और सुरक्षा के साथ मशीन को जब्त कर थाने ले गई। जांच में पता चला कि यह एक मौसम संबंधी यंत्र है, जिस पर 'मेड इन कोरिया' लिखा हुआ है। हालांकि, यह मशीन कहां से आई और इसका वास्तविक उद्देश्य क्या है, इसकी जानकारी किसी को नहीं है। पुलिस ने इस मामले की सूचना विभागीय अधिकारियों को दे दी है और मामले की जांच की जा रही है। इस संबंध में धरहरा थानाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार पाठक की ओर से बताया गया कि मशीन को खेत से बरामद किया गया है। हालांकि, यह क्या काम करती है इसके बारे में किसी को जानकारी नहीं है। कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक मुकेश कुमार ने बताया कि उसकी तस्वीर और वीडियो मेरे पास आया है। उसके बारे में विभागीय कर्मी से बातचीत की गई। तो उन्होंने बताया कि भारतीय मौसम विज्ञान विभाग का एक पार्ट है, जो आईएमडी (इंडिया मेट्रोलॉजिकल डिपार्टमेंट) के नाम से जाना जाता है। इसका मुख्य काम है मौसम का अध्ययन और भविष्यवाणी करना है। वह हर दिन एक गुब्बारा को छोड़ता है। गुब्बारे को पटना से छोड़ा जाता है। उसका एक स्टेशन पटना में भी है। गुब्बारा में यह सेंसर लगा रहता है। वह सेंसर का काम है ऊपर के हवा को नापना, हवा की डायरेक्शन को नापना, हवा के दाब को बताना। डेटा इंडिया मेट्रोलॉजिकल डिपार्टमेंट की ओर से वायुयान विभाग को भेजा जाता है। क्योंकि, विमान का इतना रनिंग होता है। कब क्या मौसम होगा उसका आकलन किया जाता है। उसी से संबंधित रीमोर्ट इंडिया मेट्रोलॉजिकल डिपार्टमेंट के पास रहता है। इससे ग्रामीणों को घबराने की जरूरत नहीं है।



# बेहद अलग है जूलॉजी में कॅरियर

**जूलॉजी में कॅरियर बनाने के लिए आपको सबसे पहले जीव विज्ञान, गणित और रसायन विज्ञान में ज्ञान प्राप्त करना होगा। 12वीं के बाद बैचलर की डिग्री हासिल करने के बाद आप इस क्षेत्र में कदम बढ़ा सकते हैं। ऐसे बहुत से लोग है, जो प्रकृति में मौजूद विभिन्न तरह के प्राणियों के बारे में गहराई से जानने की इच्छा रखते हैं। ऐसे लोग जूलॉजी में अपना करियर देख सकते हैं। जूलॉजी, जीव विज्ञान की एक शाखा है, जो मछली, सरीसृप, पक्षियों और स्तनधारियों सहित जानवरों का वैज्ञानिक अध्ययन है। यह संरचना, शरीर रचना, विशेषताओं, व्यवहार, वितरण, पोषण की विधि, शरीर विज्ञान, आनुवंशिकी और पशु प्रजातियों के विकास को शामिल करता है। जूलॉजी का अध्ययन करते समय आप समुद्री जीवों, चिड़ियाघर के जानवरों और जंगली और यहां तक कि घरेलू पालतू जानवरों सहित जानवरों के जीव विज्ञान और आनुवंशिकी का अध्ययन करते हैं। ऐसे में अगर आप भी इनके बारे में विस्तार से जानना चाहते हैं तो बतौर जूलॉजिस्ट बनकर ऐसा कर सकते हैं। तो चलिए जानते हैं इसके बारे में**

## क्या होता है काम

एक जूलॉजिस्ट का मुख्य काम जानवरों के व्यवहार, विशिष्ट विशेषताओं और उनमें विकासवादी प्रवृत्तियों का अध्ययन करते हैं। जूलॉजिस्ट को पशु जीवविज्ञानी या वैज्ञानिक भी कहा जाता है। यह एक बेहद विस्तृत क्षेत्र है और विभिन्न क्षेत्रों से संबंध रखने वाले जूलॉजिस्ट को अलग-अलग नामों से जाना जाता है। मसलन, पक्षियों के अध्ययन में विशेषज्ञता वाले जूलॉजिस्ट्स को ऑर्निथोलॉजिस्ट कहा जाता है, वहीं मछली का अध्ययन करने वाले को आइकथोलॉजिस्ट के रूप में जाना जाता है। ठीक इसी तरह, जो जूलॉजिस्ट्स जो उभयचरों और सरीसृपों का अध्ययन करते हैं उन्हें हेरपेटोलॉजिस्ट नाम से जाना जाता है और स्तनधारियों से जुड़े लोगों को मैमलॉजिस्ट कहा जाता है। उनके कार्यक्षेत्र में जानवरों, पक्षियों, स्तनधारियों, कीड़े, मछलियों और कीड़े के पहलुओं पर रिपोर्ट तैयार करना और उन्हें विभिन्न स्थानों पर प्रबंधित करना है। जूलॉजिस्ट डीएनए पहचान सहित उच्च तकनीक के सभी प्रकार के क्षेत्र में और प्रयोगशाला में काम करते हैं, और वे जानकारी के डेटाबैंक विकसित करते हैं।

## योग्यता

कॅरियर एक्सपर्ट की मानें तो जूलॉजी में कॅरियर बनाने के लिए आपको सबसे पहले जीव विज्ञान, गणित और रसायन विज्ञान में ज्ञान प्राप्त करना होगा। 12वीं के बाद बैचलर की डिग्री हासिल करने के बाद आप इस क्षेत्र में कदम बढ़ा सकते हैं। हालांकि आप इस क्षेत्र में बैचलर की डिग्री के बाद मास्टर डिग्री या डॉक्टरेट की डिग्री भी हासिल कर सकते हैं।

## व्यक्तिगत कौशल

एजुकेशन एक्सपर्ट कहते हैं कि जूलॉजी के क्षेत्र में कॅरियर देख रहे छात्रों का बेहद साहसी होना जरूरी है और उनके जीवन में डर के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। उन्हें समर्पित, स्वतंत्र और मेहनती भी होना चाहिए। उन्हें विभिन्न लोगों के साथ काम करना आना चाहिए। चूंकि वैज्ञानिक अक्सर शोध प्रस्ताव प्रस्तुत करते हैं, इसलिए उनके पास प्रभावी लिखित और मौखिक संचार क्षमताएं होनी चाहिए। वह अपना अधिकांश समय जानवरों के साथ बिताते हैं, इसलिए उन्हें जोखिम भरी परिस्थितियों में काम करने के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्हें काटने, खरोंचने आदि जैसे हमलों के लिए हरदम मानसिक रूप से तैयार रहना चाहिए और चोटों को सहने की क्षमता होनी चाहिए। जूलॉजी के क्षेत्र में आपको कई घंटों तक काम करना पड़ सकता है, जो वास्तव में आपके लिए थकाऊ हो सकता है।

## संभावनाएं

बतौर जूलॉजिस्ट आप चिड़ियाघर, वाइल्डलाइफ सर्विस, बोटेनिकल गार्डन, कंसर्वेशन आर्गेनाइजेशन, नेशनल पार्क, यूनिवर्सिटी व लेबोरेटरीज आदि में काम कर सकते हैं। जहां चिड़ियाघर व म्यूजियम में वे बतौर एजुकेटर या क्यूरेटर अपना कॅरियर आगे बढ़ा सकते हैं। वहीं आप स्कूल या कॉलेज में टीचर्स या रिचर्सर के तौर पर भी काम कर सकते हैं। वहीं अपना शोध पूरा कर लेने के बाद आप एक स्वतंत्र शोधकर्ता के रूप में भी आगे कार्य कर सकते हैं। इसी तरह एनिमल रिहैबिलिटेटर्स या बतौर कंसर्वेशनिस्ट भी आप अपना उज्जवल भविष्य देख सकते हैं।

## आमदनी

इस क्षेत्र में आपका वेतन शिक्षा, अनुभव, कार्य की प्रकृति व स्पेशलाइजेशन के आधार पर निर्भर करता है। रिसर्च एंड डेवलपमेंट के क्षेत्र से जुड़े लोगों को अच्छी आमदनी हो सकती है। शुरूआती दौर में आप 10000 से 15000 रूपए महीना आसानी से कमा सकते हैं। वहीं कुछ समय के पश्चात आपकी आमदनी 25000 रूपए प्रतिमाह या इससे अधिक भी हो सकती है। अगर कुछ वर्षों के अनुभव के पश्चात आप विदेश में काम करते हैं तो आप यकीनन लाखों में कमा सकते हैं।





# लेखन के क्षेत्र में बनाएं कॅरियर

ऐसे बहुत से लोग होते हैं, जिन्हें लिखना बहुत पसंद होता है। लेखन की कई विधाएं हैं, इन्हीं में से एक है क्रिएटिव राइटिंग। लेखन के क्षेत्र की यह विधा बेहद कलात्मक है। इस क्षेत्र से जुड़े लोग वास्तव में रचनात्मक लेखक हैं, जिन्हें लोग उपन्यासकार, कवि, गीतकार आदि विभिन्न नामों से जानते हैं। क्रिएटिव राइटर्स के पास लेखन में जादुई शक्ति होती है और अपने काम के माध्यम से, वे पाठकों को प्रभावित कर सकते हैं और उन्हें परेशान, घृणित, मंत्रमुग्ध या खुश कर सकते हैं। आमतौर पर लोग इस काम को आसान मानते हैं, जबकि लेखन बनाना एक लंबी प्रक्रिया है जिसमें बहुत अधिक शोध और कड़ी मेहनत की आवश्यकता होती है। अगर आप भी लेखन में अपनी रूचि रखते हैं तो इस क्षेत्र में अपने कदम बढ़ा सकते हैं

## क्या है क्रिएटिव राइटिंग

रचनात्मक लेखन वह लेखन है जिसमें एक लेखक का उद्देश्य गद्य और काव्य छंदों के माध्यम से अपनी भावनाओं, भावनाओं, कल्पनाशील विचारों और विचारों को व्यक्त करना है। विभिन्न तरह के लेखन जैसे उपन्यास, कविता, कहानी, नाटक, आत्मकथा, पटकथा लेखन, कॉपी लेखन आदि को रचनात्मक लेखन कहा जाता है। रचनात्मक लेखन एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें प्राकृतिक दुनिया के चित्र बनाने के लिए बहुत अधिक कल्पना, अवलोकन और एक जन्मजात क्षमता की आवश्यकता होती है। विभिन्न विषयों और शैलियों पर लेख पढ़कर एक अच्छा लेखक बन सकता हैय हर तरह से जीवन का अनुभव करना और बहुत सारे मुहावरों, लहजों और स्थानीय भावों को सीखना और सुनना। वैसे तो क्रिएटिव राइटिंग कुछ लोगों को जन्मजात उपहार में मिलती हैं, लेकिन रचनात्मक लेखन में कोर्स करके कोई भी अपने लेखन कौशल में सुधार कर सकता है।

## योग्यता

कॅरियर एक्सपर्ट कहते हैं कि रचनात्मक लेखन के क्षेत्र में किसी औपचारिक शिक्षा की विशेष आवश्यकता नहीं है। आपकी कल्पना, अवलोकन और रचनात्मकता के साथ लिखने की क्षमता ही आपके भविष्य के मार्ग प्रशस्त करती है। हालांकि अंग्रेजी साहित्य या पत्रकारिता और संचार में एक शैक्षिक पृष्ठभूमि आपके कॅरियर की राह को आसान बनाती है। वैसे भारत में कुछ संस्थान रचनात्मक लेखन में शार्ट टर्म कोर्स कराते हैं और इन पाठ्यक्रम में आवेदन करने के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता हायर सेकंडरी या 10+2 होनी चाहिए। इन पाठ्यक्रमों की न्यूनतम अवधि एक वर्ष है।

**रचनात्मक लेखन के क्षेत्र में किसी औपचारिक शिक्षा की विशेष आवश्यकता नहीं है। आपकी कल्पना, अवलोकन और रचनात्मकता के साथ लिखने की क्षमता ही आपके भविष्य के मार्ग प्रशस्त करती है। हालांकि अंग्रेजी साहित्य या पत्रकारिता और संचार में एक शैक्षिक पृष्ठभूमि आपके कॅरियर की राह को आसान बनाती है।**

## व्यक्तिगत गुण

कॅरियर एक्सपर्ट कहते हैं कि एक क्रिएटिव राइटर को कल्पनाओं के आकाश में विचरने के साथ-साथ उसे कागज पर भी बेहतरीन तरीके से उतारने की कला आनी चाहिए। इसके अलावा उसके भीतर पढ़ने व नई चीजों को जानने की जिज्ञासा होनी चाहिए, ताकि वह अपने शब्दकोश को अधिक मजबूत बना सके। चूंकि इन दिनों लेखन के लिए कंप्यूटर का इस्तेमाल किया जाने लगता है। इसलिए उसे कंप्यूटर का ज्ञान होना व इंटरनेट में आवश्यक सामग्री खोजने की कला आनी चाहिए। इसके अलावा उसके भीतर ऑब्जर्वेशन स्किल्स व कम्युनिकेशन स्किल्स भी मजबूत होने चाहिए। क्योंकि जब एक लेखक अपने या दूसरों के अनुभवों के पन्ने पर उतारता है तो उसका एक अलग ही प्रभाव देखने को मिलता है। इसके अलावा ऑब्जर्वेशन के जरिए उसके लेखन में भी विविधता को आसानी से देखा जा सकता है।

## संभावनाएं

क्रिएटिव राइटर्स के पास अवसरों की कोई कमी नहीं है। कॅरियर एक्सपर्ट की मानें तो आप अपनी रूचि के अनुसार उपन्यास से लेकर संस्मरण, कविता, गीत, साइंस फिक्शन, रोमांस, स्क्रिप्ट, नाटक, यात्रा-वृत्तांत आदि लिख सकते हैं। इसके अलावा आप पत्र-पत्रिकाओं और समाचार पत्रों आदि के लिए रिपोर्ट, साक्षात्कार, सुविधाएँ, आलोचना और समीक्षाएं लिख सकता है। इसके अलावा, रचनात्मक लेखक वेब साइटों के लिए भी कंटेंट लिख सकते हैं या प्रिंट मीडिया के लिए लेख बना सकते हैं। आप किसी एक संस्थान से जुड़कर काम कर सकते हैं या फिर अलग-अलग संस्थानों के लिए फ्रीलांसिंग भी कर सकते हैं।

## आमदनी

इस क्षेत्र में आमदनी आपके अनुभव व कौशल पर निर्भर करती हैं। शुरूआती दौर में एक क्रिएटिव राइटर आठ से दस हजार रूपए प्रतिमाह कमा सकता है। इसके बाद अनुभव बढ़ने के बाद आपका काम व आमदनी दोनों बढ़ती चली जाती है।

### प्रमुख संस्थान

- इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली
- डॉ.बाबासाहेब अंबेडकर ओपन यूनिवर्सिटी, अहमदाबाद
- नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर मीडिया स्टडीज, अहमदाबाद
- कर्नाटक स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी



# एंट्री इंटरव्यू की तरह एग्जिट इंटरव्यू भी मायने रखता है

**एंट्री इंटरव्यू की तरह ही किसी कंपनी का एग्जिट इंटरव्यू भी उतना ही मायने रखता है।नौकरी छोड़ने से पहले एग्जिट इंटरव्यू भले ही मात्र एचआर संबंधी औपचारिकता लगे लेकिन इसका मतलब ये नहीं हैं कि इसके लिए आप कोई तैयारी न करें। इंटरव्यू में अपने जवाबों को तैयार रखकर आप अपने लिए भविष्य में उस कंपनी के दरवाजे हमेशा खुले रख सकेंगे। आइए जानते हैं एग्जिट इंटरव्यू के लिए कुछ जरूरी टिप्सः**

## सकारात्मक चीजों पर फोकस

एग्जिट इंटरव्यू के संदर्भ को समझना महत्वपूर्ण है और बिना किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाए सच बोलना जरूरी है। करियर के इस मोड़ पर आपको सकारात्मक प्रभाव बनाने के लिए सहयोगियों और प्रबंधकों की तारीफ करना चाहिए।

## वापसी की इच्छा जताएं

अगर आप अच्छे टर्म के साथ अपने कार्यकाल को ऑफिस में पूरा कर रहे हैं तो इसके लिए आपको वापसी के सारे रास्ते खुल रखने की कोशिश करना चाहिए। हमेशा जुड़े रहने की इच्छा जताएं और वहां के एल्यूमिनी नेटवर्क का हिस्सा बनने को कहें।

## आभार व्यक्त करें

ऑर्गनाइजेशन में अपने कार्यकाल को सहज बनाने में मदद करने वालों के प्रति आभार जताना न भूलें। यह केवल मैनेजमेंट को आपके बारे में पॉजिटिवी फील देगा।

## माइक्रो पर्सपेक्टिव

अगर आपको अपने किसी साथी या वरिष्ठ प्रबंधक से संबंधित कोई बात रखने की भी है तो उसे सही तरीके से रखें। कुछ अगर कहना आवश्यक भी हो तो उसे माइक्रो पर्सपेक्टिव रखें।

## कंस्ट्रक्टिव फीडबैक

आपके कार्यकाल के दौरान ऐसा समय भी रहा होगा जब वहां कलह और परेशानी का सामना करना पड़ा होगा। सुधारात्मक उपायों के साथ ईमानदार प्रतिक्रिया दें।



# वकालत करने के लिए जानें बेसिक बातें

अदालतों में हम देखते हैं कि कानून के अनुसार ही एक पक्ष दूसरे पक्ष को चुनौती देता है और अदालतों में कानून के जानकार इसके भिन्न पक्षों की व्याख्या भी करते हैं। इन्हीं कानून के जानकारों को हम वकील कहते हैं और वकील बनने के लिए आपको लॉ की पढ़ाई करनी पड़ती है। इस पढ़ाई का का प्रथम चरण होता है एलएलबी का, यानी बैचलर आफ लॉ! वैसे कानून की पढ़ाई सिर्फ एक प्रोफेशन भर ही नहीं है, बल्कि यह उन तमाम जरूरतमंद लोगों को सिस्टम के साथ जोड़ने में एक अति महत्वपूर्ण कड़ी है, जो तमाम कारणों से अन्याय के शिकार होते हैं। जिन्हें पता तक नहीं होता है कि उन्हें कानून की जानकारी ना होने के कारण असीमित नुकसान उठाना पड़ा है। सच कहा जाए तो हमारे देश में ला प्रोफेशनल्स की जवाबदेही, किसी भी दूसरे प्रोफेशन से अधिक हो जाती है, क्योंकि यह कानून के शासन पर भरोसा पैदा करने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। सामान्य रूप से लॉ की पढ़ाई के लिए आपका 12वीं पास होना आवश्यक है और यह किसी भी विषय में हो सकता है। इसमें 50 परसेंट मार्क्स ही आवश्यक है और ऐसे में आपकी एज 20 साल से अधिक नहीं होनी चाहिए। इसके बाद आपको सीएलएटी एग्जामिनेशन देना पड़ता है, जिसे कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट कहा जाता है और यह नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी द्वारा ऑर्गेनाइज किया जाता है। एग्जाम में आपसे लॉजिकल रीजनिंग, लीगल, एटीट्यूड, गणित, अंग्रेजी और जनरल क्वेश्चन पूछे जाते हैं। इसके बाद 5 साल के कोर्स में आप एडमिशन ले सकते हैं। सामान्यत: पांच साल के इन्टीग्रेटेड कोर्स के एंट्रेंस हेतु 200 अंकों के क्वेश्चन पेपर के लिए डेढ़ घंटे का टाइम दिया जाता है। इसमें इंग्लिश के 30 अंक, सामान्य ज्ञान के 50 अंक, लीगल एप्टीट्यूड के 20 अंक, लीगल रीजनिंग के 20 अंक होते हैं एवं 30 अंकों का एक एस्से भी लिखना होता है।

लॉ करने के बाद आपको इंटर्नशिप का कोर्स करना होता है और इस दौरान आपको काफी कुछ ट्रेनिंग मिलती है। इंटर्नशिप के बाद आपको किसी भी राज्य के स्टेट बार काउंसिल में इनरोलमेंट के लिए अप्लाई करना होता है और उसके बाद ऑल इंडिया बार कौंसिल का एग्जामिनेशन क्लियर करने के बाद आपको प्रैक्टिस का सर्टिफिकेट मिल जाता है और इसके बाद आप वकील बन जाते हैं।

हालॉकि, ग्रेजुएशन के बाद भी आप लॉ की पढ़ाई कर सकते हैं और तब यह मात्र 3 साल का होता है। ग्रेजुएशन में भी आपको साधारणतया 50 परसेंट मार्क्स लाना होता है। वैसे एससी/ एसटी कटगरी स्टूडेंट्स के लिए इसमें छूट भी होती है।

लॉ की केटेगरी देखें तो मुख्यत: कॉर्पोरेट लॉ, क्रिमिनल लॉ, पेटेंट, एटर्नी, फैमिली लॉ, साइबर लॉ और बैंकिंग ला के रूप को गिनाया जा सकता है और किसी भी विषय में बाद में आप खुद को स्पेशलाइज कर सकते हैं। जैसा कि नाम के साथ ही स्पष्ट है कि पर्टिकुलर फील्ड में आप सम्बंधित क्षेत्र की विशेषज्ञता की हद तक जानकारी लेंगे।

**सामान्य रूप से लॉ की पढ़ाई के लिए आपका 12वीं पास होना आवश्यक है और यह किसी भी विषय में हो सकता है। इसमें 50 परसेंट मार्क्स ही आवश्यक है और ऐसे में आपकी एज 20 साल से अधिक नहीं होनी चाहिए। हमारे देश में कानून का शासन है। हर चीज कानून के अनुसार चलती है। कानून के अनुसार ही प्रशासन चलता है, कानून के अनुसार ही अदालतों का सिस्टम चलता है।**

खास बात यह भी है कि एलएलबी के बाद एलएलएम और पीएचडी जैसी विशेषज्ञता भी आप हासिल कर सकते हैं और बाद के दिनों में आप न्यायपालिका की परीक्षा देकर जज बनने की भी कोशिश कर सकते हैं।

लॉ करने के लिए देश भर के कुछ अच्छे कॉलेजों की बात करें तो नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इण्डिया यूनिवर्सिटी, बेंगलुरु, नलसार यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ, हैदराबाद, नेशनल लॉ इन्स्टीट्यूट यूनिवर्सिटी, भोपाल, द वेस्ट बेंगाल नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ ज्युरीडिकल साइंस, कोलकाता, नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, जोधपुर, हिदायतुल्लाह नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, रायपुर, गुजरात नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, अहमदाबाद, डॉ.राममनोहर लोहिया नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, लखनऊ, राजीव गाँधी नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ, पटियाला, चाणक्य नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, पटना, नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ एडवांस्ड लागल स्टडीज, कोच्चि का नाम मुख्य रूप से गिनाया जा सकता है। यूं अधिकांश यूनिवर्सिटीज में यह कोर्स उपलब्ध हैं और देश के तमाम जिलों में आपको ऐसे कॉलेज मिल जायेंगे, जहाँ से आप लॉ में एडमिशन लेकर कानून की समझ बढ़ा सकते हैं। वर्तमान में इस कोर्स के स्कोप की बात करने की जरुरत नहीं है, क्योंकि ट्रेडिशनल अदालती प्रैक्टिस के अलावा कॉरपोरेट वर्ल्ड में, एनजीओ में, बैंकिंग सेक्टर में, सरकार एवं उसके संस्थानों में, स्वतंत्र पत्रकारिता (फ्रीलांस जर्नलिज्म) में, सेना तक में, लॉ फर्म्स के साथ-साथन्यायिक सेवा तक में इसका विस्तार है।

# अंडर-19 विश्व कप : तृषा की शतकीय पारी, भारत ने स्कॉटलैंड को 150 रन से रौंदा

## तृषा अंडर 19 महिला टी20 विश्व कप में शतक लगाने वाली पहली खिलाड़ी बनी

**कुआलालंपुर (एजेंसी)।** सलामी बल्लेबाज तृषा गोंगाडी ने अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप का पहला शतक जड़कर इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज कराया जिससे भारत ने मंगलवार को यहां स्कॉटलैंड को 150 रन से करारी शिकस्त दी। सलामी बल्लेबाज तृषा ने 59 गेंद की नाबाद पारी में 13 चौके और चार छक्के की मदद से 110 रन की पारी खेली। उन्होंने पहले विकेट के लिए कमालिनि जी (42 गेंद में 51 रन) के साथ 147 रन की साझेदारी करने के बाद सानिका चालके (20 गेंद में नाबाद 29 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 61 रन की अटूट साझेदारी की।

भारत ने ग्रुप एक के इस मैच में 20 ओवर में एक विकेट पर 208 रन बनाने के बाद स्कॉटलैंड को 14 ओवर में 58 रन पर आउट कर दिया। स्कॉटलैंड के लिए सलामी बल्लेबाज पिप्पा केली (12) और एम्मा वालसिंघम (12) शीर्ष स्कोरर रहीं। बायें हाथ की स्पिनर आयुषी शुक्ला (आठ रन पर चार विकेट) की अगुवाई में भारतीय गेंदबाजों ने स्कॉटलैंड को मैच में वापसी का कोई मौका नहीं दिया। वैष्णवी शर्मा ने पांच रन पर तीन विकेट लिये जबकि बल्ले से कमाल करने वाली तृषा ने छह रन देकर तीन बल्लेबाजों को चलता किया।

ग्रुप के अन्य मैच में बांग्लादेश ने अपने अभियान का अंत सुपर सिक्स चरण में वेस्टइंडीज पर 10 विकेट की जीत के साथ किया। वेस्टइंडीज को छह विकेट पर 54 रन पर रोकने के बाद बांग्लादेश ने जुएरिया फिरदौस के नाबाद 25 रन की मदद से 13 ओवर में जीत दर्ज की। इस जीत से टीम ग्रुप एक में तीसरे स्थान पर रही। ग्रुप दो में बारिश के कारण दक्षिण अफ्रीका और अमेरिका का मैच शुरू हुए बिना रद्द हो गया। दक्षिण अफ्रीका की टीम पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। इस मैच से एक अंक मिलने के बाद अमेरिका ग्रुप तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गया।



# दिनेश कार्तिक ने धोनी को पछाड़ा, सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विकेटकीपर बने



**स्पोर्ट्स डेस्क।** पूर्व भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक जो वर्तमान में SA20 2025 में पार्ल रॉयल्स के लिए खेल रहे हैं, ने एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। 39 वर्षीय कार्तिक 27 जनवरी को डरबन सुपर जायंट्स के खिलाफ 15 गेंदों पर 21 रन बनाकर टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय विकेटकीपर बन गए।

कार्तिक ने अब टी20 में 361 पारियों में 7,451 रन बनाए हैं और इस तरह उन्होंने भारत के दिग्गज विकेटकीपर एमएस धोनी को पीछे छोड़ दिया है जिन्होंने अब तक 342 पारियों में 7,432 रन बनाए हैं। धोनी के पास आगामी आईपीएल सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलते हुए इस रिकॉर्ड को फिर से अपने नाम करने का मौका होगा।

कार्तिक अब टी20 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय विकेटकीपरों में सबसे आगे हैं, लेकिन आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विकेटकीपरों का रिकॉर्ड अभी भी धोनी के नाम है। लीग में धोनी के नाम 5,125 रन हैं और दूसरे नंबर पर कार्तिक हैं जिनके नाम 4,463 रन हैं।

एसए20 में कार्तिक की टीम पार्ल रॉयल्स ने मौजूदा सीजन में अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने अब तक अपने 8 में से 7 मैच जीते हैं और फिलहाल 28 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर हैं। दिलचस्प बात यह है कि पार्ल रॉयल्स हाल ही में फ्रैंचाइजी क्रिकेट में पहली ऐसी टीम भी बनी है जिसने अपने सभी ओवर केवल स्पिनरों से ही कराए।

# आजकल घरेलू क्रिकेट से लय हासिल कर रहे शुभमन

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** युवा बल्लेबाज शुभमन गिल पिछले कुछ समय से अपनी नाम के अनुरुप बल्लेबाजी नहीं कर पा रहे हैं। इसी को लेकर शुभमन का कहना है कि वह कई बार बेहतर प्रदर्शन करने को लेकर जरुरत से ज्यादा दबाव ले लेते हैं। शुभमन आजकर रणजी ट्रॉफी में अपनी बल्लेबाजी को निखारने में लगे हैं। शुभमन ने कर्नाटक के खिलाफ शानदार शतक लगाकर अपनी टीम को बेहतर स्थिति में भी पहुंचाया। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में उनका प्रदर्शन खराब रहा था। वह 5 पारियों में 18.60 के खराब औसत से 93 रन ही बना पाए थे। अपनी फार्म को लेकर शुभमन ने कहा कि मुझे लगता है कि जिस तरह से मैंने खेला, रणजी की पारी मेरे लिए बहुत संतोषजनक थी। मुझे लगता है कि हम किसी भी स्तर पर कोई भी पारी खेलें, रन बनाने, फॉर्म में वापस आने और वैसा महसूस करने में सक्षम होना बहुत महत्वपूर्ण है। जब आप उस क्षेत्र में रहते हुए अच्छा खेल रहे हों, तो उसमें बने रहना महत्वपूर्ण है वह क्षेत्र जितना संभव हो सके उतना लंबा था और जब मैं वहां बल्लेबाजी कर रहा था तो मैं यही करने की कोशिश कर रहा था।



हालांकि वह अभी भी टेस्ट क्रिकेट में अपने प्रदर्शन से संतुष्ट हैं, उनका कहना है कि बड़ा स्कोर बनाने का दबाव बहुत अधिक हो जाता है और इससे उनका ध्यान और एकाग्रता खो जाती है। उन्होंने अपनी अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने की क्षमता पर निराशा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि कभी-कभी, मुझे लगता है कि लाल गेंद से मैं जो मैच खेलता हूं उनमें मुझे बहुत अच्छे 25-30 रन मिलते हैं। उन्हें बड़े स्कोर में बदलने के लिए कई बार मैं अपने ऊपर बहुत अधिक दबाव ले लेता हूं। मैं इस तरह से अपना खेल खेलते हुए बड़ा नहीं हुआ हूं। शुभमन का 32 टेस्ट और 59 पारियों के बाद टेस्ट औसत सिर्फ 35.05 है। उन्होंने अपने करियर में 5 शतक, 7 अर्धशतक और 128 के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ 1,893 रन बनाए हैं। वहीं अपनी 59 में से 34 टेस्ट पारियों में वह 20 से ज्यादा रन नहीं बना पाए।

# जसप्रीत बुमराह ने जीता 'सर गारफील्ड सोबर्स' अवॉर्ड, आईसीसी पुरुष क्रिकेटर ऑफ द ईयर 2024 बनाकर रचा नया कीर्तिमान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टीम इंडिया के बेहतरीन गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने सर गारफील्ड सोबर्स अवॉर्ड जीतकर नया कीर्तिमान रचा है। उन्होंने आईसीसी पुरुष क्रिकेटर ऑफ द ईयर 2024 बनाकर नया कार्तिमान रच दिया। वह प्रतिष्ठित सर गारफील्ड सोबर्स अवॉर्ड जीतने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज बन गए हैं। बुमराह ने पिछले साल कमाल का प्रदर्शन किया। उन्होंने 2024 में सबसे ज्यादा 86 विकेट अपने नाम किए। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 71 विकेट झटके। उन्होंने 2024 का आईसीसी पुरुष टेस्ट क्रिकेट ऑफ द ईयर पुरस्कार भी अपने नाम किया है। बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज ट्रैविस हेड, इंग्लैंड के दिग्गज जो रूट और युवा क्रिकेटर हैरी ब्रूक को पछाड़ा है। ये ट्रॉफी एक साल में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले क्रिकेटर को दी जाती है। पुरुष क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवॉर्ड का नाम दुनिया के महान क्रिकेटर्स में से एक गारफील्ड सोबर्स के नाम पर रखा गया है। वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर को को गैरी सबोर्स के नाम से भी जाना जाता है। जसप्रीत बुमराह से पहले भारत के लिए राहुल द्रविड़ के अलावा सचिन




तेंदुलकर, रवि अश्विन और विराट कोहली ने प्रतिष्ठित सर गारफील्ड सोबर्स पुरस्कार जीता है। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को विराट कोहली ने 2 बार जीता। लेकिन ये पहली बार हुआ है जब किसी भारतीय तेज गेंदबाज ने सर गारफील्ड सोबर्स पुर्सकार जीता हो। बता दें कि, सर गारफील्ड पुरस्कार जीतने वाले पहले भारतीय राहुल द्रविड़ हैं। राहुल द्रविड़ को सर गारफील्ड सोबर्स पुरस्कार 2024 से नवाजा गया था। इसके बाद सचिन तेंदुलकर को सर गारफील्ड सोबर्स पुरस्कार 2010 से सम्मानित किया गया। वहीं रवि अश्विन ने साल 2026 में सर गारफील्ड सोबर्स पुरस्कार अपने नाम किया। जबकि विराट कोहली ने लगातार 2 साल 2017 और 2018 में ये अवॉर्ड अपने नाम किया।

## रोहित , यशस्वी ओर श्रेयस अब रणजी मुकाबले नहीं खेलेंगे

मुंबई। सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा के अलावा यशस्वी जायसवाल और श्रेयस अय्यर रणजी ट्रॉफी के बाकि मैचों में नही खेलेंगे। इन तीनो को आगामी चैम्पियंस ट्रॉफी की तैयारियों को देखते हुए रणजी ट्रॉफी से रिलीज कर दिया गया है। रोहित एकदिवसीय और चैम्पियंस ट्रॉफी में उतरने वाली भारतीय टीम के कप्तान हैं। वहीं यशस्वी और अय्यर भी इस टीम का हिस्सा हैं। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के एक अधिकारी ने कहा कि अब ये तीनो ही भारतीय टीम से जुड़ेंगे। रोहित पिछले काफी समय से लय में नही हैं। मुम्बई की ओर से खेले एकमात्र रणजी मैच में भी वह उन बनाने में असफल रहे। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज के बाद ऑस्ट्रेलिया दौरे में भी उनका बल्ला खामोश रहा था। इसेक बाद से ही वह आलोचन शिकार हुए थे। ऑस्ट्रेलिया में तीन मैचों में वह 31 रन ही बना पाए। रोहित को कुछ दिग्गज खिलाड़ियों ने टीम से बाहर किये जाने को कहा था। रोहित ऑस्ट्रेलिया में अंतिम टेस्ट से स्वयं ही बाहर हो गये थे और उनके इस फैसले की सभी ने तारीफ की थी।

# नेमार के साथ अनुबंध आपसी सहमति से समाप्त कर दिया गया : अल-हिलाल क्लब

रियो दि जिनेरियो। सऊदी अरब के क्लब अल-हिलाल ने कहा है कि उसकी स्ट्राइकर नेमार के साथ आपसी सहमति से अनुबंध समाप्त करने के लिए सहमति बनी है। किसी भी पक्ष ने अनुबंध समाप्त करने के विवरण की पुष्टि नहीं की। कभी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक माने जाने वाले ब्राजील के 32 वर्षीय नेमार ने क्लब के लिए केवल सात मैच खेले जिसमें उन्होंने केवल एक गोल किया और दो गोल करने में मदद की। एसीएल (पैर की चोट) चोट के कारण अक्टूबर 2023 से बाहर रहने के बावजूद बार्सीलोना और पेरिस सेंट जर्मेन टीम के पूर्व खिलाड़ी नेमार को पिछले सत्र में सऊदी लीग जीतने वाली टीम में शामिल किया गया था। इस साल के फीफा क्लब विश्व कप में अल-हिलाल के हिस्सा लेने के बाद नेमार के साथ उनका करार समाप्त होने वाला था। क्लब विश्व कप 15 जून से 13 जुलाई के बीच अमेरिका में खेला जाएगा। क्लब ने सोमवार को अपने सोशल मीडिया चैनलों पर प्रकाशित एक बयान में कहा कि वह नेमार के प्रति आभार व्यक्त करता है और उनकी प्रशंसा करता है। स्ट्राइकर नेमार अगस्त 2023 में पेरिस सेंट जर्मेन से सऊदी क्लब में नौ करोड़ यूरो (नौ करोड़ 40 लाख डॉलर) में शामिल हुए। यह उन कई करार मेंसे एक था जिसने अरब देश को दुनिया के नए बड़े फुटबॉल बाजारों में से एक बना दिया। लेकिन नेमार को अपने करियर की सबसे गंभीर एसीएल चोट लग गई जब वह अल-हिलाल में शामिल होने के कुछ ही महीनों बाद ब्राज़ील के लिए खेल रहे थे।



# कोंस्टास नहीं हेड करेंगे श्रीलंका के खिलाफ पारी की शुरुआत : स्मिथ

गॉल। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम की कप्तानी कर रहे स्टीव स्मिथ ने कहा है कि बुधवार से मेजबान श्रीलंकाई टीम के खिलाफ शुरू हो रहे पहले टेस्ट मैच में सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा के साथ ट्रेविस हेड पारी की शुरुआत करेंगे। वहीं पहले माना जा रहा था कि युवा सैम कोंस्टास ख्वाजा के जोड़ीदार के तौर पर उतरेंगे। स्मिथ ने कहा कि पिच की लगातार बदलती प्रकृति के कारण वह अभी तक अंतिम ग्यारह खिलाड़ियों को लेकर फैसला नहीं कर पाये हैं। कोंस्टास ने बॉडर गावस्कर सीरीज में अपने पहले दो टेस्ट मैचों में अच्छी बल्लेबाजी की थी। साल 2023 में ऑस्ट्रेलिया के भारत दौरे के अंतिम दो टेस्ट मैचों में चोटिल सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर की जगह उतरते हुए हेड ने जिस प्रकार को प्रदर्शन किया था उससे वह सलामी बल्लेबाज के तौर पर स्थापित हो गये थे। स्मिथ ने अंतिम प्री-टेस्ट प्रशिक्षण सत्र से पहले कहा, ट्रैविस शीर्ष पर जाएगा, मुझे लगता है कि इसके अलावा यह काफी स्थिर रहेगा। मुझे नहीं लगता कि टीम में बहुत ज्यादा बदलाव होगा। चयनकर्ताओं को भारत में जो कुछ देखने को मिला, वह उन्हें पसंद आया, जब भी हेड को अवसर मिला। वह नई गेंद के पीछे गया, तेज़ी से रन बनाए और गेंदबाजों पर दबाव बनाया, इसलिए मुझे लगता है कि यहां भी यही सोच रहेगी है। अभी ये तय नहीं है कि कोंस्टास मध्य-क्रम बल्लेबाज के रूप में उतरेंगे। मध्य-क्रम की खाली जगह के लिए उनका मुकाबला नाथन मैकस्वीनी और जोश इंगलिस से हैं।



# पार्ल रॉयल्स की एसएक20 में रिकॉर्ड जीत, डरबन्स सुपर जाइंट्स बाहर

**पार्ल (एजेंसी)।** पार्ल रॉयल्स ने एसएक20 लीग में डरबन्स सुपर जाइंट्स (डीएसजी) को छह विकेट से हराकर घरेलू मैदान पर सभी पांच मैच जीतने का नया रिकॉर्ड बनाया। यह पहली बार है जब प्रतियोगिता के लीग चरण में कोई टीम घरेलू मैदान पर अजेय रही है। डीएसजी की टीम प्रतियोगिता से बाहर हो गई है क्योंकि पिछले सत्र की उप विजेता टीम अब प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकती।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरे सुपर जाइंट्स ने 33 रन तक तीन विकेट गंवा दिए थे लेकिन मार्कस स्टोइनिस (नाबाद 55) के नाबाद अर्धशतक और केन विलियमसन (45) के साथ उनकी 53 रन की साझेदारी की बदौलत टीम सात विकेट पर 143 रन बनाने में सफल रही। रॉयल्स की ओर से ब्योर्न फोरटुइन ने 20 जबकि क्वेन मफाका ने 22 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए।

रॉयल्स ने इसके जवाब में रूबिन हरमन की 59 रन की पारी और हुआन ड्रे-प्रिटोरियस (43) के साथ उनकी दूसरे विकेट की 91 रन की साझेदारी से 19.5 ओवर में चार विकेट पर 147 रन बनाकर जीत दर्ज की। इस जीत से रॉयल्स की टीम आठ मैच में सात जीत से 28 अंक के साथ अंक तालिका के शीर्ष पर बरकरार है। डीएसजी की टीम नौ मैच में सिर्फ एक जीत से आठ अंक के साथ अंतिम पायदान पर है।




# आईपीएल में गलत टीम से खेले डिविलियर्स : मांजरेकर



मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर अपने विवादित बयानों के कारण चर्चाओं में बने रहते हैं। अब उन्होंने कहा है कि दक्षिण अफ्रीका के स्टार बल्लेबाज रहे एबी डिविलियर्स ने आईपीएल में गलत टीम से खेला था। डिविलियर्स ने शुरुआत में दिल्ली डेयरडेविल्स के लिए आईपीएल में तीन सत्र खेले थे। वहीं 2011 की आईपीएल मेगा ऑक्शन में वह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) में शामिल हुए और 2021 में अपने करियर को अलविदा कहने तक उसकी ओर से ही खेलते रहे। डिविलियर्स ने 184 आईपीएल मैचों में 5162 रन बनाए लेकिन कभी टीम को आईपीएल खिताब नहीं जिता पाये। उन्होंने 2011 और 2016 में आरसीबी के साथ आईपीएल फाइनल खेला पर दोनों बार टीम हार गयी। 14 साल के अपने आईपीएल करियर में खिताब न जीतने के बावजूद डिविलियर्स आईपीएल में खेलने वाले सबसे बड़े क्रिकेटरों में से एक हैं। मांजरेकर के अनुसार डिविलियर्स का आरसीबी ने सही तरीके से उपयोग नहीं किया। मांजरकेर का कहना है कि डिविलियर्स को टॉप आर्डर में आना चाहिए था और उन्होंने यह भी कहा कि एबी ने गलत फ्रेंचाइजी के लिए खेला।

# श्रीलंका के खिलाफ इस प्रकार के बदलावों के साथ उतरेंगे : हेड

**कोलंबो (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के के उप-कप्तान ट्रैविस हेड ने कहा है इस माह के अंत में श्रीलंका दौरे में उनकी टीम इस प्रकार के बदलावों के साथ उतरेगी। दोनो ही टीमों के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज 29 जनवरी से गॉल शुरु होगी। इस सिरीज से पैट कमिंस के बाहर होने के कारण अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ टीम की कप्तानी करेंगे। हेड ने कहा, मुझे नहीं पता कि मैं इस समय किस क्रम पर बल्लेबाजी करने जा रहा हूं। हम देखेंगे कि अगले कुछ दिनों में विकेट कैसा रहता है। हम इंतजार करेंगे और देखेंगे कि क्या बदलाव आते हैं। मुझे लगता है कि हमारी टीम में शामिल खिलाड़ी काफी अनुभवी है और इसमें कुछ बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं जो विभिन्न भूमिकाओं और विभिन्न हालातों में ढल सकते हैं, हम अलग-अलग लोगों को शामिल कर सकते हैं। ये सवाल उठ रहा है कि ऑस्ट्रेलिया को पारी की शुरुआत के लिए इस सीरीज में उस्मान ख्वाजा के साथ युवा सैम कोंस्टास को भेजना ठीक रहेगा या नहीं इसी को लेकर हेड ने कहा, हम बस इतना करने का प्रयास कर रहे हैं कि टेस्ट मैच जीतने के लिए क्या लचीलापन हो सकता है और उसी पर ध्यान देंग। इस समय बहुत से लोग जानना है रहे है कि मैं कहां बल्लेबाजी कर सकता हूं, पर ये हालातों पर आधारित रहेगा। ये सभी खिलाड़ियों के साथ होगा। मुझे लगता है कि यह टीम काफी अनुभवी है और एक बेहतरीन स्थिति में है, जहां खिलाड़ी जरूरत पड़ने पर हर जगह पर उतरने के लिए तैयार रहेंगे। हम इंतजार करेंगे और देखेंगे।



ऑस्ट्रेलिया ने जब 2022 में श्रीलंका का दौरा किया था तब हेड ने तीन पारियों में बल्ले से सिर्फ 7.66 का औसत बनाया था और उन्हें नागपुर में भारत के खिलाफ शुरुआती टेस्ट से बाहर रखा गया था। लेकिन वह भारत में अगले तीन टेस्ट में 47 का औसत बनाने में सफल रहे जिसमें इंदौर में मैच जीतने वाली पारी भी शामिल है। अब श्रीलंका लौटने पर हेड ने कहा कि 2022 की तुलना में अब वह एक बदले हुए बल्लेबाज हैं। हेड ने कहा, मैं पिछली बार यहां और पाकिस्तान में थोड़े बदलाव से गुजरा था। मैंने थोड़ा और पारंपरिक खेलने का प्रयास किया। वह भारतीय सीरीज ऐसी थी जो एक या दूसरे तरीके से जा सकती थी। मैं अच्छा नहीं खेलता, और शायद मैं फिर कभी उपमहाद्वीप का दौरा न देखूं। या मैं वहां जाकर वही करूं जो मैं पिछले कुछ सालों से कर रहा हूं और थोड़ा अधिक आराम से खेलूं और इस बारे में चिंता न करूं कि परिणाम क्या हो सकता है।

# आईसीसी ने चैंपियंस ट्रॉफी के टिकटों की ऑनलाइन बिक्री शुरु होने की घोषणा की

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की घोषणा के बाद ही 19 फरवरी से होने वाली चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए टिकटों की ऑनलाइन बिक्री शुरु हो गयी है। प्रशंसकों को टिकटों के लिए आईसीसी की अधिकारिक वेबसाइट पर पहले पंजीकरण करना होगा। आईसीसी के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी अनुराग दहिया ने कहा, 'हम आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए आधिकारिक टिकटों की बिक्री की घोषणा शुरु करने को लेकर उत्याहित हैं। आईसीसी ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए सबसे कम कीमत का टिकट 1000 पाकिस्तानी रुपए (लगभग 310 भारतीय रुपये) रखा है जबकि 'प्रीमियम सीटिंग टिकट की सबसे कम कीमत कीमत 1500 पाकिस्तान रुपए (लगभग 465 भारतीय रुपये) रहेगी। 9 मार्च को आयोजित होने वाले फाइनल का टिकट दुबई में खेले जाने वाले पहले सेमीफाइनल के समापन के बाद खरीदने के लिए उपलब्ध होगा। चैम्पियंस ट्रॉफी की मेजबानी पाकिस्तान हाइब्रिड मॉडल के आधार पर कर रहा है। इसमें भारतीय टीम के मुकाबले संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में होंगे। पाकिस्तान चरण के लिए टिकटों की बिक्री आज शुरु हुई पर अभी तक मेजबान पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) स्टेडियमों का नवीनीकरण कार्य तक पूरा नही करा पाया है। पाकिस्तान को 30 जनवरी को स्टेडियमों को आईसीसी को सौपना है पर कराची, लाहौर और रावलपिंडी के ये आयोजन स्थल अब तक पूरी तरह से तैयार नहीं हुए हैं। इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम के मैच दुबई में खेले जाएंगे और उनके लिए टिकटों की बिकी अभी शुरु नही हुई है। वही पीसीबी ने इस खबरों को गलत बताया है जिसमें कहा गया है कि रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम, लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम और कराची के नेशनल बैंक स्टेडियम में निर्माण कार्य में देरी के कारण इस स्थलों पर होने वाले मैच देश से बाहर कराये जाएंगे।

# आईसीसी पर भड़के चैपल , मजबूत बोर्ड अपने अनुसार कार्यक्रम तैयार करा रहे

**-दो-स्तरीय प्रणाली अब तक लागू हो जानी चाहिये थी**

**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान इयान चैपल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के कामकाज के तरीके की कड़ी आलोचना की है। चैपल ने कहा कि आईसीसी क्रिकेट को बढ़ावा देने की जगह पर एक एक 'इवेंट मैनेजमेंट कंपनी की तरह काम कर रही है। चैपल के अनुसार आईसीसी की इसी कमजोरी का लाभ उठाकर आर्थिक रूप से मजबूत बोर्ड अपने अनुसार कार्यक्रम तैयार कर रहे हैं पर इससे टेस्ट क्रिकेट को नुकसान हो रहा है। चैपल का यह भी मानना है कि टेस्ट क्रिकेट के लिए अब तक दो-स्तरीय प्रणाली लागू कर देंनी चाहिए थी पर ऐसा नहीं हुआ है। उन्होंने इसके साथ ही कहा कि खेल के पारंपरिक प्रारूप को प्रासंगिक बनाए रखने के लिए अन्य अहम कदम भी उठाए जाने चाहिए थे पर आईसीसी ने अब तक ऐसा कुछ नहीं किया है।

चैपल ने कहा कि द्विस्तरीय टेस्ट प्रणाली को लेकर वेस्टइंडीज के पूर्व तेज गेंदबाजी चैंपियन माइकल होल्डिंग ने कहा था, अपनी सभी गलतियों के बावजूद फीफा कम से कम फुटबॉल का संचालन तो ठीक से करता है पर आईसीसी ऐसा नहीं कर रहा। उन्होंने कहा कि इससे खेल में मुश्लिें आ रही हैं। आईसीसी क्रिकेट का सही से संचालन नहीं करती है और जब तक उसकी सोच में बदलाव नहीं आता है तब तक आर्थिक रूप से संपन्न देश अपने स्वार्थ के लिए उसके जरिये कार्यक्रम तैयार करते रहेंगे।

चैपल ने हालांकि माना की भारत से क्रिकेट की आय में लगभग 70 प्रतिशत का योगदान होता है और आईसीसी में उसकी मजबूत उपस्थिति इस योगदान के कारण ही है। उन्होंने कहा कि टेस्ट क्रिकेट को दो भागों में विभाजित करने की जरुरत है। जिससे भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड जैसी बड़ी टीमों को एक दूसरे के खिलाफ अधिक मैच खेलने के अवसर मिलेंगे। ऑस्ट्रेलिया के बेहतरीन कप्तानों में से एक चैपल का मानना है कि कुछ मानदंडों के साथ टीमों के लिए शीर्ष श्रेणी में आने और निचली श्रेणी में फिसलन की प्रणाली होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दो स्तरीय टेस्ट प्रणाली काफी पहले ही लागू हो जानी चाहिए थी क्योंकि कुछ टीमें ही पांच दिवसीय प्रारूप में प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम हैं। चैपल ने इसके साथ ही कहा कि अफगानिस्तान और आयरलैंड जैसे देशों को टेस्ट दर्जा नहीं दिया जाना चाहिए था लेकिन स्वार्थवश यह कदम उठाया गया।



# दाऊद इब्राहिम से संबंध के चलते अनमोल बिश्नोई ने करवाई बाबा सिद्दीकी की हत्या

## शूटर गौतम ने किया कबूल कहा- बाबा या बेटे जीशान को मारने का मिला था आदेश



मुंबई (एजेंसी)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता रहे बाबा सिद्दीकी की हत्या मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। शूटर ने कबूल किया है कि बाबा सिद्दीकी की हत्या की साजिश रची गई थी। उसने पुलिस को गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई का नाम बताया है। पुलिस ने इस मामले में 25 से ज्यादा आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

कुख्यात अपराधी अनमोल बिश्नोई ने 'दाऊद इब्राहिम से कथित संबंध को लेकर एनसीपी के दबंग नेता बाबा सिद्दीकी पर हमला करने का आदेश दिया था। सिद्दीकी पर हमले के आरोपी मुख्य शूटर शिवकुमार गौतम ने अपने इकबालिया बयान में यह बात कही। गौतम का बयान महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री सिद्दीकी की 12 अक्टूबर को हुई हत्या के सिलसिले में दायर आरोपपत्र का हिस्सा है। मुंबई के बांद्रा ईस्ट इलाके में सिद्दीकी की उनके बेटे जीशान सिद्दीकी के कार्यालय के बाहर तीन हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

गौतम ने कहा कि उसे बाबा सिद्दीकी या जीशान सिद्दीकी को मारने के लिए कहा गया था और इसके बदले उसे 15 लाख रुपए देने का वादा किया था। उसने बताया है कि वह पुणे में कबाड़ इकट्ठा करता था और सह-आरोपी हरीश कुमार कश्यप को बेचता था। कबाड़ की दुकान संचालित करने वाले हरीश कश्यप ने उसके रहने की व्यवस्था की थी और इस दौरान उसकी जान-पहचान प्रवीण लोनकर और उसके भाई शुभम लोनकर से हुई थी।

गौतम ने बयान में कहा कि एक दिन शुभम लोनकर ने शूटर को बताया कि वह और उसका भाई बिश्नोई गिरोह के लिए काम करते हैं। जून 2024 में शुभम लोनकर (शुब्बू) ने मुझे और धर्मराज कश्यप को बताया कि अगर हम उसके कहने पर काम करेंगे तो हमें 10 से 15 लाख रुपए मिलेंगे। जब काम के बारे में पूछा तो शुभम ने बताया कि बाबा सिद्दीकी या उसके बेटे जीशान सिद्दीकी की हत्या करनी है, लेकिन उसने कोई और जानकारी नहीं दी।

मुंबई पुलिस ने बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में आरोप-पत्र दायर किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक चार्जशीट में कहा गया है कि अनमोल की अगुवाई चलाए जाने वाले अपराध सिंडिकेट ने बाबा सिद्दीकी की हत्या की थी। आरोपी ने पुलिस को अनमोल के साथ हुई बातचीत के बारे में भी बताया।

एक रिपोर्ट के मुताबिक बातचीत का एक अंश है, राम राम भाई लोग आप सबको लॉरेंस भाई ने भी राम राम बोलने को बोला है। क्या चल रहा है। अपने को एक काम करना है, हिम्मत रखो। बांद्रा में घर के पास रेकी करना है, उसी एरिया में घर भाड़े से ले लो। अपना काम होने के बाद एक फोर व्हीलर गाड़ी और एक फ्लैट हर एक को मिलेगा...। उससे पहले 5 लाख रुपए एडवांस दूंगा। अपने भाई का बदला लेना है। रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस ने दावा किया है कि ये बातचीत शुभम लोनकर और अनमोल के बीच स्पीकर पर हुई है और उस दौरान तीन और आरोपी भी मौजूद थे। चार्जशीट में कहा गया है कि अनमोल ने हत्या की प्लानिंग अपने सहयोगी अनुज थापन की मौत का बदला के लिए की थी।

# अखिलेश करेंगे केजरीवाल के संग मंच साझा, 30 जनवरी को रोड शो में दिखेगी विपक्षी एकता

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव की सरगर्मी के बीच विपक्षी दलों की एकजुटता का नया नज़ारा देखने को मिलेगा। समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल मंच साझा करने के साथ ही 30 जनवरी को रिठाला विधानसभा क्षेत्र में एक साथ रोड शो करेंगे। गौरतलब है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 में समाजवादी पार्टी ने आम आदमी पार्टी का समर्थन करने का ऐलान किया है। ऐसे में अब सपा के नेता और सांसद अरविंद केजरीवाल के साथ चुनाव प्रचार करने जमीन पर उतरेंगे। खबर है कि कैराना से सांसद इकरा हसन भी आप के लिए चुनाव प्रचार में भाग लेंगी। दिल्ली में सत्तारूढ़ आप को पहले ही तृणमूल कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी), और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) का समर्थन मिल चुका है। हालांकि आप और कांग्रेस, दोनों ही पार्टियां भारत गठबंधन का हिस्सा रही हैं, लेकिन दिल्ली विधानसभा चुनाव में ये पार्टियां अलग-अलग चुनाव लड़ रही हैं। इस रोड शो के जरिए अखिलेश यादव और अरविंद केजरीवाल अपनी एकता का प्रदर्शन कर भाजपा और कांग्रेस को चुनौती देंगे। यह कदम क्षेत्रीय दलों की ताकत को प्रदर्शित करने और आगामी चुनावों के लिए विपक्षी एकता को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह रोड शो दिल्ली की सियासत में नया मोड़ ला सकता है और इसके परिणाम आगामी विधानसभा चुनावों पर प्रभाव डाल सकते हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव 5 फरवरी को एक ही चरण में होंगे, जबकि मतों की गिनती 8 फरवरी को की जाएगी।



# सुनारिया जेल से बाहर आया राम रहीम

### - राम रहीम सिरसा के डेरे में 10 दिन रहेंगे

सिरसा। हरियाणा के सुनारिया जेल से बाबा राम रहीम सिंह, जिन्हें एक यौन शोषण और मर्डर केस में सजा हुई है, मंगलवार को 30 दिन की परोल दी गई है। इस संदर्भ में यह अद्वितीय है कि राम रहीम को उनकी 16वीं पैरोल मिल रही है, जिसमें उन्हें सुनारिया जेल से बाहर जाने के लिए अनुमति दी गई है। जेल सुप्रिन्टेंडेंट द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार राम रहीम सिरसा के डेरे में 10 दिन रहेंगे, फिर उन्हें बागपत आश्रम भेजा जाएगा जहां वे 20 दिन गुजारेंगे। यह सोचने की बात है कि पूर्व में राम रहीम को इस अनौपचारिक अवकाश के दौरान बागपत की संस्था परियोजना आश्रम में रवाना होने की इजाजत नहीं दी गई थी। इस बार यह भाजपा सरकार के लिए एक महत्वपूर्ण और समाचार में लाये जाने वाले बदलाव की दिशा में हो सकता है। राम रहीम के पैरोल मिलने के बाद से सिरसा डेरे मुख्यालय में एक उत्सव जैसा माहौल है जिसमें उनके अनुयायी उत्साहित हैं। भावनात्मक एवं नैतिक विचारों के संदर्भ में दर्जनों लोग सरकारी नीतियों और कानूनों के खिलाफ यह चिंता कर रहे हैं कि राम रहीम को बार-बार पैरोल क्यों दी जा रही है। इसी संदेश को लेकर गहरा चिंतन विधायकों और समाज के विचारकों में उत्पन्न हुआ है।

# कुंभ स्पेशल ट्रेन पर पथराव, गेट नहीं खुलने पर चढ़ने वाले यात्रियों ने किया हंगामा

झांसी। झांसी से प्रयागराज जा रही एक विशेष ट्रेन पर हरपालपुर स्टेशन पर तब पथराव किया गया, जब प्लेटफार्म पर इंतजार कर रहे यात्रियों ने डिब्बों के दरवाजे बंद मिले। वीडियो में हमलावरों को ट्रेन पर पत्थर फेंकते और उसकी खिड़कियां तोड़ते हुए दिखाई दिए है, जबकि यात्री डर के मारे चीख रहे हैं। वीडियो में एक यात्री यह कहते हुए सुना जा सकता है कि ट्रेन कल रात करीब 8 बजे झांसी स्टेशन से प्रयागराज के लिए रवाना हुई थी। ट्रेन हरपालपुर पहुंची और तभी हमला हुआ। उन्होंने ट्रेन को नुकसान पहुंचाया और अंदर पत्थर फेंके। उन्होंने यात्रियों को मारने की कोशिश की। यहां महिलाएं और बच्चे भी हैं। यह विशेष ट्रेन प्रयागराज में महाकुंभ के लिए चलाई जा रही है, जिसमें देश भर से पर्यटक आ रहे हैं। ट्रेन में सवार होने वाले ज्यादातर यात्री आध्यात्मिक उत्सव में शामिल होने जा रहे हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि कई लोग हरपालपुर (झांसी से करीब दो घंटे की दूरी पर) में ट्रेन में चढ़ने के लिए इंतजार कर रहे थे। लेकिन जब उन्होंने ट्रेन में चढ़ने की कोशिश की तब उन्हें दरवाजे बंद मिले। इसके बाद यात्री हिंसक हो गए और डिब्बों पर पत्थर फेंकना शुरु कर दिया। उन्होंने ट्रेन के दरवाजों की खिड़कियां भी तोड़ दीं, जिससे अंदर बैठे यात्रियों में दहशत फैल गई।

# राजौरी में तीन बहन ठीक होकर घर लौटीं, पूरे जिले में राहत और खुशी की लहर

राजौरी। राजौरी के बडाल इलाके की दर्दनाक घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल था, वहीं तीन बहनों के चमत्कारिक रूप से स्वस्थ होने पर पूरे जिले में राहत और खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। राजौरी के जिला विकास आयुक्त अभिषेक शर्मा ने राजौरी के अस्पताल का दौरा कर इन बहनों से मुलाकात की और उनके बेहतर स्वास्थ्य की कामना की। बता दें कि पहले 2 बहनों के स्वस्थ होने की सूचना मिली थी इसके बाद तीसरी बहन के भी स्वस्थ होने पर तीनों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। प्रिंसिपल जी.एम.सी. राजौरी डॉ ए.एस भाटिया ने कहा कि तीनों बहनों को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद उनके परिवार और स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है। उन्होंने इस डॉक्टरों का प्रयास बताया। बडाल घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया था, लेकिन इन बहनों की स्वस्थ वापसी ने साबित कर दिया कि जीवन में उम्मीदें कभी खत्म नहीं होती। उन्होंने ने कहा कि हमारे डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ ने दिन रात मेहनत की है, जिसका यह नतीजा है कि सभी बीमार लोग ठीक हो रहे हैं।

# महाराष्ट्र सरकार का बड़ा फैसला, अगले एक साल तक नहीं बढ़ेगा अटल सेतु पुल पर टोल टैक्स

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र सरकार ने महत्वपूर्ण फैसला लेकर अटल सेतु पर टोल दर को अगले एक साल तक बढ़ाने पर रोक लगा दी है। राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में फैसला लिया गया कि अटल बिहारी वाजपेयी शिवड़ी-न्हावा शेवा अटल सेतु के टोल टैक्स को 250 रुपये की दर पर एक और वर्ष तक जारी रहेगा।

बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक साल पहले 12 जनवरी, 2024 को करीब 22 किलोमीटर लंबे पुल का उद्घाटन किया था। यह पुल महाराष्ट्र में एक प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजना के पूरा होने का प्रतीक है। पुल दक्षिण मुंबई के सेवरी से शुरू होकर एलीफेंटा द्वीप के उत्तर में ठाणे क्रीक को पार कर चिर्ले गांव में समाप्त होता है

यह फैसला मुंबई और एमएमआर क्षेत्र के लाखों यात्रियों के लिए सुखद खबर है। महाराष्ट्र सरकार ने स्पष्ट किया कि अगले 12 महीनों तक टोल में किसी भी प्रकार की वृद्धि नहीं होगी। गौरतलब है कि हाल ही में अटल सेतु पुल के जरिए मुंबई और नवी मुंबई के बीच यात्रा करना काफी किफायती हुआ है, क्योंकि नवी मुंबई नगर परिवहन (एनएमएमटी) ने किराए में 50 प्रतिशत से ज्यादा की कटौती की है। यह पुल क्षेत्र में यात्रा समय को कम करने और कनेक्टिविटी में सुधार लाने में एक अहम भूमिका निभाता है। करीब 17,840 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 'अटल बिहारी वाजपेयी शिवड़ी-न्हावा शेवा अटल सेतु' भारत का सबसे लंबा पुल है और देश में समुद्र पर बनी सबसे लंबी संरचना भी है। समुद्र पर करीब 16.5 किलोमीटर और जमीन पर 5.5 किलोमीटर की लंबाई वाला छह लेन का यह पुल मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और आगामी नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (इस वर्ष के अंत में चालू होने की उम्मीद) के बीच तेज संपर्क प्रदान करेगा। इस पुल का निर्माण होने ने मुंबई से पुणे, गोवा और दक्षिण भारत की यात्रा का समय कम हो गया है, साथ ही मुंबई बंदरगाह और जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह के बीच संपर्क में सुधार हुआ है।

# सीमा विवाद सुलझाने के बाद और करीब आए भारत और चीन

## कैलाश मानसरोवर यात्रा होगी शुरू, दोनों देश सीधी उड़ान पर हुए सहमत

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत और चीन अब दोस्ती का हाथ बढ़ा रहे हैं। पुरानी बातें भूलकर दोनों रिश्तों की नई पटकथा लिख रहे हैं। इसका असर दिखने भी लगा है। पहले तो एलएसी पर सीमा विवाद सुलझा। दोनों देशों के सैनिक पीछे हटे। जहां-जहां तनाव था, वहां से डिसइंगेजमेंट हो गया। अब भारत और चीन फिर से कैलाश मानसरोवर की यात्रा शुरू करेंगे। दोनों देश सीधी उड़ान पर सहमत हो गए हैं। भारत और चीन ने सोमवार को अपने रिश्तों के पुनर्निर्माण की दिशा में यह घोषणा की। इसके तहत इस साल गर्मी के मौसम में कैलाश मानसरोवर की यात्रा फिर से शुरू हो सकती है।

2020 के बाद से ही कैलाश मानसरोवर यात्रा के साथ दोनों देशों के बीच सीधी उड़ानें बंद हैं। कैलाश मानसरोवर यात्रा पांच साल बाद शुरू होगी। साल 2020 में भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में गलवान घाटी और पैंगोंग त्सो झील के पास झड़पें हुई थीं। इन झड़पों के बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया था। हर तरह के संबंध तोड़ दिए थे। भारत और चीन के बीच सीधी उड़ान की सेवा बंद थी, लेकिन अब सब नॉर्मल होने जा रहा है। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर यात्रा फिर से शुरू करने पर कैसे चीन मान गया?

भारत और चीन के बीच रिश्ते सुधरने की सबसे अहम वजह है बातचीत। 2020 में रिश्तों में दरार पड़ने के बाद दोनों देशों ने लगातार बातचीत की। बातचीत का नतीजा है कि अब दोनों देशों के बीच रिश्ते सामान्य होते नजर आ रहे हैं। पिछले साल अक्टूबर महीने पीएम मोदी और शी जिनपिंग कजान शहर में ब्रिक्स समिट में मिले थे। दोनों नेताओं के बीच करीब एक घंटे तक बातचीत हुई। इस मुलाकात में ही सीमा पर शांति और दोनों देशों के बीच रिश्ते सुधारने पर सहमति बनी थी। इस दौरान सीमा पर तनाव कम करने, कैलाश मानसरोवर यात्रा और डायरेक्ट फ्लाइट की बहाली पर मोदी ने जिनपिंग को समझाया था। जिसके बाद भारत और चीन के बीच बातचीत हुई थी।

भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा है कि कैलाश मानसरोवर यात्रा की फिर से बहाली और सीधी उड़ानों को शुरू होने के पीछे पीएम मोदी और शी जिनिपंग के बीच मुलाकात है।

पीएम मोदी और जिनपिंग की उस मुलाकात के बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर और चीनी समकक्ष वांग यी की मुलाकात हुई थी। दोनों के बीच भारत-चीन सीमा पर सैनिकों की वापसी पर चर्चा हुई साथ ही भारत और चीन के रिश्तों को 2020 से पहले वाली स्थिति में करने पर भी बातचीत हुई थी। इतना ही नहीं, पिछले महीने एनएसए अजीत डोभाल ने बीजिंग का दौरा किया था। इन बातचीत और मुलाकातों ने भारत और चीन के बीच रिश्तों को नया मुकाम दिया। इसका असर हुआ कि अब भारत और चीन के बीच रिश्ते सुधर रहे हैं। इसका एक और उदाहरण यह भी है कि चीन अब भारत का सबसे बड़ा कारोबारी भागीदार बन चुका है। पहले यह तमगा अमेरिका के पास था।

# दिल्ली में आप के समर्थन में प्रचार करने उतरेंगे बिहारी बाबू शत्रुघ्न सिन्हा

नई दिल्ली (ईएमएस)। तृणमूल कांग्रेस सांसद शत्रुघ्न सिन्हा 5 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले दिल्ली में आम आदमी पार्टी के लिए प्रचार करते दिखाई देने वाले हैं। पार्टी सूत्रों ने इसकी जानकारी दी है। आप के सूत्र के अनुसार, आसनसोल से टीएमसी सांसद सिन्हा 1 और 2 फरवरी को करीब तीन निर्वाचन क्षेत्रों में आप के लिए प्रचार करने वाले है। इसमें पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र, मुख्यमंत्री आतिशी का कालकाजी निर्वाचन क्षेत्र और मनीष सिसोदिया का जंगपुरा विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। टीएमसी का मानना है कि अभिनेता से नेता बने, जो बिहार से हैं, दिल्ली के पूर्वांचली मतदाताओं को एकजुट कर सकते हैं। शहर में पूर्वांचली एक प्रभावशाली मतदाता हैं। सूत्र ने कहा कि एक या दो और टीएमसी नेता दिल्ली में चुनाव प्रचार में शामिल हो सकते हैं। टीएमसी ने दिल्ली चुनाव के लिए आप को समर्थन दिया था, जहां भाजपा और कांग्रेस भी मैदान में हैं, इससे मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है। टीएमसी और आप इंडिया ब्लॉक का हिस्सा हैं, जिसकी सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस है। टीएमसी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि पार्टी न केवल भाजपा बल्कि कांग्रेस के खिलाफ भी अभियान चलाएगी, जो विपक्षी गठबंधन के भीतर बढ़ती दरार को दिखाता है।


















नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशंनस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**